3 बस्तर संभाग
कृषि विज्ञान केंद्र ने ब्रेहबेड़ा में मनाया विश्व मृदा दिवस

6 अभिमत
हिंदी टीवी पत्रकारिता का जिंदा करंट

10 संस्कारधानी
कमीशन मांगने के आरोप में घुमका के ...

11 न्यायधानी
कांग्रेस के बूथ सेक्टर में 'एक सियान एक जवान और ...

रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित
हमेशा सच के साथ
RNI NO. CHHHIN/2016/70655
# पायनियर
www.dailypioneer.com रायपुर, सोमवार 6 दिसंबर 2021 पृष्ठ-12 वर्ष-06, अंक- 107 मूल्य 3.00 ₹

# विश्व हिंदू परिषद की हुंकार, कवर्धा में लहराएंगे भगवा ध्वज

## प्रशासन अलर्ट, नए एसपी लाल उमेंद सिंह के पदभार संभालते ही सामने आई नई चुनौती, कवर्धा में आज विशाल रैली

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर/कवर्धा
www.dailypioneer.com

आज विश्व हिंदू परिषद के नेतृत्व में कवर्धा में जुटेंगे हजारों की संख्या में हिंदू। विश्व हिंदू परिषद की ओर से 6 दिसंबर को कवर्धा के स्वामी करपात्री जी स्टेडियम में आयोजित हिंदू शौर्य दिवस के परिप्रेक्ष्य में विशाल रैली का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें प्रदेशभर से हजारों की संख्या में लोगों के इकट्ठा होने की संभावना है। हिंदूवादी संगठनों ने रविवार को प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में अलग-अलग प्रेस कांन्फ्रेंस कर कार्यक्रम में ज्यादा से ज्यादा हिंदू की इकट्ठा होने की अपील की है। प्रदेशभर से कार्यकर्ता कवर्धा कूच करेंगे और वहीं शौर्य दिवस मनाकर भगवा ध्वज लहराएंगे।

**विश्व हिंदू परिषद ने पांच प्रमुख मांगें रखी–** विहिप ने प्रशासन के सामने पांच प्रमुख मांगे रखी है जिनमें कवर्धा में अक्टूबर माह में हुई घटना की सीबीआई जांच हो। इस घटना में दोषियों के ऊपर हत्या का मुकदमा लगाकर जेल में डाला जाए। कवर्धा जिले के अंदर रह रहे घुसपैठियों, बंग्लादेशियों, जिहादियों, रोहांनगियों की पहचान कर उन्हें छत्तीसगढ़ से बाहर निकाला जाए जिससे दोबारा ऐसी घटना किसी भी जिले में न हो। तो वही इस घटना के लिए दोषी प्रशासनिक अधिकारी को भी बर्खास्त करने की मांग की जा रही है। घटना के दोषी व्यक्तियों की पहचान कर तलवार लहराने वाले व चाकू चलाने वालों के ऊपर सख्त कार्रवाई की भी मांग की है। वहीं एफआईआर प्रकरणों को निशर्त वापस लेने की भी बात कही जा रही है।

### प्रशासन ने की शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील

कलेक्टर रमेश कुमार शर्मा की अध्यक्षता में रविवार को जिला कार्यालय के सभाकक्ष में समाज प्रमुखों की उपस्थिति मे जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में शहर में आपसी भाईचारा, सर्वधर्म के प्रति



सामान भाव एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बना रहे इसके लिए सर्व समाज प्रमुखों द्वारा अपने-अपने समाज के अंतिम व्यक्ति तक शांति संदेश पहुंचाने के लिए अपील की गई। उल्लेखनीय है कि समाज प्रमुखों एवं जिला स्तरीय शांति समिति की यह बैठक विश्व हिन्दू परिषद की ओर से 6 दिसंबर को कवर्धा के स्वामी करपात्री जी स्टेडियम में आयोति हिन्दू शौर्य दिवस के परिपेक्ष्य में रखी गई थी। बैठक में सर्वधर्म प्रमुख के अलावा नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि शर्मा, जिले के नवपस्थ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेंद सिंह, गोवर्धन सिंह ठाकुर सेनानी प्रथम वाहिनी छ.स.ब. भिलाई, एम. आर. अहिरे सेनानी 17 वीं वाहिनी छ.स.ब. भिलाई, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनीषा ठाकुर रावटे, कवर्धा एसडीएम विनय सोनी सहित आयोजन समिति के प्रमुख पदाधिकारी नंदलाल चंद्राकर एवं उनके सदस्यगण उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर रमेश कुमार शर्मा ने बताया कि जिला प्रशासन के द्वारा नियम और शर्ता के आधार पर उक्त आयोजन की अनुमति दी गई है। उन्होंने भरोसा जताते हुए कहा है कि निर्धारित नियमों और शर्तो का पालन करते हुए शहर में सफलता पूर्वक आयोजन होगा। शहर में सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था, स्थानीय लोगों का आम दैनिक जन जीवन किसी भी तरह का व्यवधान उत्पन्न न हो इसे विशेष ध्यान रखा गया है। शहर में यातायात व्यवस्था बनाएं रखने के लिए पीजी कॉलेज में पार्किग की व्यवस्था बनाई गई है। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनीषा ठाकुर रावटे ने यातायात, पार्किग व्यवस्था और आयोजन स्थल स्वामी करपात्री जी स्टेडियम तक पहुंच र्माग रूट चार्ट के बारे में विस्तार से समाज प्रमुखों एवं आयोजन समिति के सदस्यों को जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में सम्पूर्ण छत्तीसगढ के सभी जिलो से अलग-अलग वाहनों एवं मार्गो से बड़ी संख्या में वरिष्ठ जनों तथा जिले वासियों के आगमन की सूचना के आधार पर शहर के शांति व्यवस्था बनी रहे।

### बीजेपी के सभी दिग्गज पहुंचेंगे कवर्धा



बीजेपी के पदाधिकारियों ने **पायनियर संवाददाता** को बताया कि विश्व शौर्य दिवस के अवसर पर कवर्धा स्थित आयोजन में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह, नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक, प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदेव साय समेत भाजपा के सभी विधायक कवर्धा कूच करेंगे।

### फायरब्रिगेड नेता, सांसद संतोष पांडेय हजारों कार्यकर्ताओं के साथ बाइक से पहुंचेंगे कवर्धा



भारतीय जनता पार्टी में फायरब्रिगेड नेता के रूप में चर्चित हो रहे सांसद संतोष पांडेय खैरागढ से तकरीबन 5 हजार कार्यकर्ताओं के साथ बाइक रैली के साथ कवर्धा कूच करेंगे। संतोष पांडेय के साथ भारी संख्या में वाहन तथा कार्यकर्ताओं के चलने की संभावना जताई जा रही है।

### एसपी लाल उमेंद ने संभाला मोर्चा

कवर्धा कांड छत्तीसगढ ही नहीं बल्कि पूरे देश में चर्चित हो रहा है। उपजे विवाद के बाद सरकार ने कवर्धा के तत्कालीन पुलिस अधीक्षक को हटाकर उनकी जगह साफ और सरल छवि के सुलझे हुए अफसर लाल उमेंद सिंह को चुनौतियों के निपटने के लिए कवर्धा की कमान सौंपी है। उमेंद को महज एक दिन पदभार ग्रहण करते हुए बीता है कि उनके सामने एक बड़ी चुनौती आ गई है। हालांकि लाल उमेंद ने पूरे विभागीय अफसरों की बैठक लेकर अलग-अलग जिम्मेदारी सौंपकर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए मुस्तैदी से तैयारी में जुट गए है।

## आज कार्यक्रम स्थल करपात्री जी स्कूल तक पहुंचने हेतु रूट चार्ट

हिन्दू शौर्य दिवस एवं डॉ. भीमराव अम्बेडकर की पुण्यतिथि के अवसर पर विश्व हिन्दू परिषद् के प्रदेश नेतृत्व के आवाहन पर करपात्री जी हाईस्कूल कवर्धा में विशाल हिन्दू जागरण संकल्प महासभा का आयोजन एवं पी.जी. कॉलेज मैदान में बाहर से आने वाले वाहनों का पार्किंग की व्यवस्था की गई है। साथ ही उक्त कार्यक्रम में सम्पूर्ण छत्तीसगढ के सभी जिलो से अलग-अलग वाहनों एवं मार्गो से बड़ी संख्या में वरिष्ठ जनों तथा जिले वासियों के आगमन की सूचना के आधार पर शहर के शांति व्यवस्था बनी रहे का विशेष ध्यान रखते हुए कबीरधाम पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनीषा ठाकुर रावटे के मार्गदर्शन में यातायात व्यवस्था एवं शहर की शांति



व्यवस्था का विशेष ध्यान रखते हुए, कार्यक्रम स्थल- 'स्वामी करपात्री जी हाईस्कूल कवर्धा तक पहुंचने से पहले वाहनों को पार्किंग स्थल' पी.जी. कॉलेज मैदान में व्यवस्थित रखना सुनिश्चित करने, शहर के किसी अन्य स्थानों पर वाहन पार्किंग कर शहर के यातायात व्यवस्था को बाधित ना करने, कार्यक्रम स्थल में बिलासपुर, मुंगेली रूट से शामिल होने वाले व्यक्ति यों के लिए के लिए रूट चार्ट तैयार किया गया है। जिसमें बिलासपुर रोड, मिनी माता चौक, रायपुर बायपास, रायपुर हाइवे से आने वाले वाहन सीधे राजनांदगांव बायपास होकर लोहारा रोड में चेकिंग प्वांइट से होते हुए लोहारा नाका-पार्किंग स्थल पी.जी. कॉलेज में व्यवस्थित वाहनों को रखेंगे। कार्य म में शामिल होने वाले व्यक्ति व वाहन का शहर में प्रवेश का मात्र एक रास्ता राजनंदगांव रोड होगा। राजनांदगांव एवं रायपुर बिलासपुर रोड से आने वाले व्यक्ति यों को उक्त रूट चाट का पालन कर शहर की यातायात व्यवस्था को सुगम बनाए रखने, इसके अतिरिक्त विंध्यवासिनी मंदिर से लोहारा नाका मार्ग बंद रहेगा, गंगानगर से ऑफिसर कॉलोनी जाने का मार्ग बंद रहेगा, ऐसे ही पीजी कॉलेज से आदर्श नगर मार्ग तथा ऑफिसर कॉलोनी की ओर जाने वाला मार्ग बंद रहेंगे।

# सीबीआई और राज्य शासन को सुको की नोटिस

## नागरिक आपूर्ति निगम में घोटाले का मामला, 10 दिन में मांगा जवाब

पायनियर संवाददाता ◄ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

बहुचर्चित नागरिक आपूर्ति निगम (नान) घोटाले के आरोपी अफसरों डॉ. आलोक शुक्ला और अनिल टुटेजा की मुश्किल बढ़जाने की आशंका है। प्रवर्तन निदेशालय की एक याचिका पर सुनवाई के बाद सर्वोच्च न्यायालय ने राज्य सरकार और केंद्रीय जांच एजेंसी को नोटिस जारी किया है। सभी को 10 दिनों में जवाब देने को कहा गया है।



मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति एनवी रमना की अध्यक्षता वाली सुप्रीम कोर्ट की तीन जजों की पीठ ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से इस मामले की सुनवाई की। इस पीठ में न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति हेमा कोहली शामिल रहे। प्रवर्तन निदेशालय की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने पैरवी की। अनिल टुटेजा की ओर से वरिष्ठ वकील मुकुल रोहतगी और डॉ. आलोक शुक्ला की ओर से वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने पैरवी की। सुनवाई पश्चात सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार और सी बी आई को नोटिस जारी करने का आदेश दिया। प्रतिवादियों को दिया गया नोटिस उनके वकीलों को ही सर्व करा दिया गया। कोर्ट ने 10 दिन बाद अगली सुनवाई तय की है, उसी में जवाब पेश किया जाना है। अदालत ने सरकार को इस मामले में अपना वकील खड़ा करने और काउंटर एफिडेविड देने की छूट दी है। पिछली सुनवाई में ई डी ने अदालत को सीलबंद लिफाफे में कुछ दस्तावेज दिए थे। शुक्रवार की सुनवाई के दौरान बेंच ने वह लिफाफा खोला। उसे देखने के बाद उसे रिकॉर्ड में शामिल किया गया। उसके बाद लिफाफे को फिर से सीलबंद कर दिया गया। बताया जा रहा है, उस लिफाफे में नान घोटाले के आरोपियों के साथ छत्तीसगढ़ के कुछ वरिष्ठ अधिकारियों और विधि अधिकारियों के साथ बातचीत का रिकॉर्ड है।

### टुटेजा और शुक्ला को रिमांड पर लेना चाहती है ईडी

नान घोटाले के दोनों आरोपियों डॉ. आलोक शुक्ला और अनिल टुटेजा को रिमांड पर लेकर ई डी पूछताछ करना चाहती है। दोनों अफसरों को अगस्त 2020 में छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय की एकल बेंच ने अग्रिम जमानत दे रखी है। ऐसे में ई डी ने सर्वोच्च न्यायालय में विशेष अवकाश याचिका दाखिल की है। इसमें अग्रिम जमानत का आदेश खारिज करने की मांग प्रमुख है।

### उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ का नान घोटाला वर्ष

2015 में राज्य में सार्वजनिक वितरण प्रणाली में 36,000 करोड़ रुपए का कथित घोटाला सामने आया था। इसके बाद छत्तीसगढ़ पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा और एंटी करप्शन ब्यूरो ने 12 फरवरी 2015 को नागरिक आपूर्ति निगम के अधिकारियों और कर्मचारियों के 28 ठिकानों पर एक साथ छापा मारा था। इसमें करोड़ों रुपए नकद बरामद किए गए। इसके अलावा भ्रष्टाचार से संबंधित कई दस्तावेज, हार्ड डिस्क और डायरी जब्त हुई थी। इसी मामले में आरोपी बनाए गए लोगों में खाद्य विभाग के तत्कालीन सचिव डॉ. आलोक शुक्ला और नागरिक आपूर्ति निगम के प्रबंध संचालक अनिल टुटेजा भी थे।

### ईडी ने 4 साल बाद मारी एंट्री

करीब चार साल बाद जब प्रदेश में कांग्रेस की सरकार आई तो अचानक मामले में प्रवर्तन निदेशालय की एंट्री हो गई। ई डी ने जनवरी 2019 में आलोक शुक्ला और अनिल टुटेजा के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग का मामला दर्ज कर लिया। मार्च में उनको नोटिस देकर दिल्ली बुलाया गया। तीन दिन तक पूछताछ के बाद उन्हें छोड़ा गया। इस बीच ई डी ने दोनों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया। गिरफ्तारी की आशंका बनी तो दोनों अधिकारी हाईकोर्ट की शरण में चले गए। वहां अगस्त 2020 में उन्हें अग्रिम जमानत मिल गई।

# नागालैंड में मुठभेड़ में 10 नागरिकों की मौत, एक जवान शहीद

वार्ता ◄ कोहिमा/नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



नागालैंड के मोन जिले के ओटिंग गांव में सुरक्षा बलों के अभियान के दौरान 10 नागरिकों की मौत हो गयी तथा एक जवान शहीद हो गया। नागालैंड के मुख्यमंत्री नेफियो रियो ने भी घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए इसकी जांच के लिए विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित करने की घोषणा की है। सेना ने एक बयान जारी कर घटना पर 'गहरा खेद' जताया है। वहीं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी इस घटना पर दुख जताया और शोक संतप्त परिवारों को न्याय दिलाने का आश्वासन दिया है। नागरिकों की मौतों की संख्या की कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है लेकिन सुरक्षा बलों के मुताबिक कथित तौर पर कम से कम 10 लोगों की मौत हुई है। सुरक्षा बल मोन जिले के तिज़ित उप-मंडल के लोंगखाओ क्षेत्र के ओटिंग गांव में शनिवार शाम चार बजे एनएससीएन (के) के संदिग्ध भूमिगत उग्रवादियों की तलाश कर रहे थे। पर घटना की जानकारी रविवार को हुई। इस घटना में कम से कम 20 सैनिक घायल भी हुए थे। स्थानीय संगठनों ने दावा किया कि 14 नागरिक लापता हैं और सेना के जवान देर रात तक शवों को ले जाते देखे गए। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार मोन जिला प्रशासन ने एहतियात के तौर पर पूरे जिले में इंटरनेट सेवा पर रोक लगा दी है।

### मरीज को लोक नायक अस्पताल में भर्ती कराया गया

# दिल्ली में ओमीक्रॉन का पहला मामला सामने आया

वार्ता ◄ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय राजधानी में हाल ही में तंजानिया से लौटे 37 वर्षीय व्यक्ति के ओमीक्रॉन वैरिएंट से संक्रमित होने की पुष्टि हुई है। दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन ने रविवार को जानकारी दी। जैन ने पत्रकारों को बताया कि मरीज को लोक नायक अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां दिल्ली सरकार की ओर से ओमीक्रॉन वैरिएंट से संक्रमित पाए जाने वालों के लिए नोडल सुविधा दी जा रही है। उन्होंने कहा कि मरीज दो दिसंबर को दिल्ली लौटा था और उसमें बीमारी के हल्के लक्षण देखे गए हैं। मरीज का इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर कोविड -19 परीक्षण किया गया था। उसकी रिपोर्ट पॉजिटिव आने के बाद उसे अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया और उसका नमूना दिल्ली में एक आईएनएसएसीओजी प्रयोगशाला में भेजा गया। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि आज आई उनकी



जीनोम अनुक्रमण रिपोर्ट में ओमीक्रॉन वेरिएंट से संक्रमित होने की पुष्टि हुई है। अधिकारियों ने यह भी कहा कि करीब 17 यात्रियों ने केंद्र के नामित 'जोखिम में' देशों की यात्रा की है। उन्हें कोविड संक्रमित पाये जाने के बाद लोकनायक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। नये मामले के साथ ही देश में ओमीक्रॉन के मामलों की संख्या अब तक पांच हो गई है। इस मामले दिल्ली तीसरे स्थान पर है। पहले दो ओमीक्रोन के मामले बेंगलुरु से सामने आए थे। तीसरा गुजरात के जामनगर का और चौथा महाराष्ट्र के डोंबिवली में सामने आया था।

### देश में 24 घंटों में कोरोना से 2,796 लोगों की मौत



देश में पिछले 24 घंटों के दौरान कोरोना की स्थिति बीते कुछ दिनों के मुकाबले बेहद खराब रही क्योंकि इस अवधि में 2,796 लोगों की इस महामारी के कारण मौत हो गई। भारत में शनिवार मध्य रात्रि तक कोरोना संक्रमण के 8,895 नए मामले सामने आये हैं और 2,796 लोगों की इस महामारी से मौत हुई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से रविवार सुबह जारी आंकड़ों के अनुसार, देश में पिछले 24 घंटों के दौरान सक्रिय मामलों की संख्या एक लाख से घटकर 99,155 हो गई है। कोरोना संक्रमण के 8,895 नए मामले सामने आने के साथ ही संक्रमितों की कुल संख्या बढ़कर तीन करोड़ 46 लाख 33 हजार 255 हो गई है। इस दौरान 6918 मरीजों के स्वस्थ होने के साथ ही महामारी को मात देने वालों की संख्या बढ़कर तीन करोड़ 40 लाख 60 हजार 774 हो गई है। गौरतलब है कि पिछले 24 घंटे में इस जानलेवा वायरस के संक्रमण से 2796 मरीजों की मौत होने से मृतकों का आंकड़ा बढ़कर चार लाख 73 हजार 326 हो गया है। देश में सक्रिय मामलों की दर 0.29 फीसदी, रिकवरी दर 98.35 फीसदी और मृत्यु दर 1.37 फीसदी है। मंत्रालय के अनुसार, इसी अवधि में 1 करोड़ 41 लाख 8 हजार 707 कोविड टीके लगाये गये हैं। इसके साथ ही अभी तक 127 करोड़ 61 लाख 83 हजार 65 कोविड टीके दिये जा चुके हैं। देश में केरल सक्रिय और मृतकों के मामलों में अभी भी आगे है। राज्य में सक्रिय मामले 866 घटकर 44427 हो गये है। राज्य में 5108 मरीजों के स्वस्थ होने से कोरोनामुक्त होने वालों की तादाद बढ़कर 5075605 हो गयी है। इसी अवधि में 315 मरीजों की मौत होने से मृतकों की संख्या बढ़कर 41439 हो गयी है।

### भारत ने पारी घोषित की, न्यूज़ीलैंड 540 के लक्ष्य का पीछा करते हुए 5/140

**मुंबई।** भारत ने अपने शीर्ष बल्लेबाजों के उपयोगी योगदान से अपनी दूसरी पारी सात विकेट पर 276 रन पर घोषित कर न्यूज़ीलैंड के सामने दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच को जीतने के लिए 540 रन का बेहद मुश्किल लक्ष्य रख दिया जिसका पीछा करते हुए न्यूज़ीलैंड ने तीसरे दिन रविवार को स्टंप्स तक अपने पांच विकेट खोकर 140 रन बना लिए हैं। न्यूज़ीलैंड को जीत के लिए अभी 400 रन की जरुरत है जबकि भारत को टेस्ट और सीरीज जीतने के लिए पांच विकेट की जरूरत है। भारत ने तीसरे दिन रविवार को बिना कोई विकेट खोये 69 रन से आगे खेलना शुरू किया और अपनी दूसरी पारी सात विकेट पर 276 रन बनाकर घोषित कर दी। भारत को पहली पारी में 263 रन की बढ़त हासिल थी। लक्ष्य का पीछा करते हुए न्यूज़ीलैंड ने टॉम लेथम को 13 और विल यंग को 45 के स्कोर पर गंवाया।

## उप्र में युवाओं ने मांगा रोजगार, मिली लाठियां : राहुल-प्रियंका

एजेंसी ◄ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और पार्टी की उत्तर प्रदेश प्रभारी प्रियंका गांधी वाड्रा ने योगी सरकार पर हमला करते हुए रविवार को कहा कि बड़े पैमाने पर रोजगार देने का वादा करने वाली भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार से युवाओं ने जब रोजगार मांगा और कैंडल मार्च निकाला तो उन पर लाठी डंडे बरसाए गए। श्री गांधी ने युवकों पर लाठीचार्ज को अत्याचार बताया और कहा कि भाजपा वाले जब वोट मांगने आएंगे तो यह युवा इस घटना को ज़रूर याद रखेंगे। उन्होंने ट्वीट किया, रोज़गार मांगने वालों को उत्तर प्रदेश सरकार ने लाठियां दी -जब भाजपा वोट मांगने आए तो याद रखना! वाड्रा ने कहा कि युवा हाथों में मोमबत्तियों का उजाला लेकर आवाज उठा रहे थे कि 'रोजगार दो' लेकिन अंधेरगर्दी की पर्याय बन चुकी योगी सरकार ने उन युवाओं को लाठियां दीं। उन्होंने युवाओं का आह्वान किया कि वे भाजपा सरकार के लाठी-डंडों से डर कर चुप नहीं रहे बल्कि अपना संघर्ष जारी रखें। उन्होंने युवाओं से कहा कि साथियों, ये कितनी भी लाठियां चलाएं, रोजगार के हक की लड़ाई की लौ बुझने मत देना। मैं इस लड़ाई में आपके साथ हूं।

# मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ के प्रथम मखाना प्रसंस्करण केन्द्र का किया वर्चुअल शुभारंभ

## ओजस फार्म में उत्पादित मखाना की 'दाऊजी' ब्रांड नाम से की लांचिंग



पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने निवास कार्यालय में गोधन न्याय योजना की राशि के अंतरण कार्यक्रम में रायपुर जिले के आरंग विकासखंड के ग्राम लिंगाडीह में छत्तीसगढ़ के प्रथम मखाना प्रसंस्करण केन्द्र 'मखाना खेती, प्रसंस्करण एवं विपणन केंद्र' का वर्चुअल शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने लिंगाडीह के ओजस फार्म में मखाने की खेती प्रारंभ करने वाले स्वर्गीय कृष्ण कुमार चंद्राकर दाऊ जी के नाम पर इस फार्म में उत्पादित मखाना की 'दाऊजी' ब्रांड नाम से लांचिंग की। कार्यक्रम में कृषि मंत्री रविंद्र चौबे, राज्यसभा सांसद श्रीमती छाया वर्मा, राज्य खनिज विकास निगम के अध्यक्ष गिरीश देवांगन, मुख्यमंत्री के सलाहकार प्रदीप शर्मा, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू और जनसम्पर्क आयुक्त दीपांशु काबरा, ग्राम लिंगाडीह के 'मखाना खेती, प्रसंस्करण एवं विपणन केंद्र' के गजेन्द्र चंद्राकर और मखाने की खेती कर रहे ओजस फार्म की मनीषा चंद्राकर भी उपस्थित थीं। गजेन्द्र चंद्राकर ने इस अवसर पर मखाने की खेती पर प्रस्तुतिकरण दिया। उन्होंने बताया कि लिंगाडीह के 'मखाना खेती, प्रसंस्करण एवं विपणन केंद्र' द्वारा किसानों को मखाना खेती हेतु निःशुल्क तकनीकी जानकारी, मखाना प्रक्षेत्र का समय-समय पर भ्रमण कराया जाता है और खेती का प्रशिक्षण दी जाती है।

इस केन्द्र द्वारा किसानों के लिए मखाना बीज की उपलब्धता के साथ-साथ मखाने की खरीदी भी की जाती है। उन्होंने बताया कि तालाब के साथ-साथ एक से डेढ़ फीट गहरे खेत में मखाने की खेती की जा सकती है। उन्होंने यह भी बताया कि मखाने की खेती से प्रति एकड़ लगभग 70 हजार रूपए का शुद्ध लाभ अर्जित किया जा सकता है। चंद्राकर ने बताया कि उनके पिता स्वर्गीय कृष्ण कुमार चंद्राकर दाऊ जी ने मखाने की खेती प्रारंभ की थी।

## मुख्यमंत्री ने 'गोधन न्याय मिशन' के संचालन के लिए जारी की 50 लाख रूपए की राशि

छत्तीसगढ़ में गोधन न्याय योजना को मिशन मोड पर संचालन किया जाएगा। इसके लिए राज्य शासन द्वारा 'गोधन न्याय मिशन' का गठन किया गया है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज यहां अपने निवास कार्यालय में आयोजित गोधन न्याय योजना के राशि अंतरण कार्यक्रम में 'गोधन न्याय मिशन' के सुचारू संचालन के लिए 50 लाख रूपए की राशि जारी की।

इस अवसर पर गोधन न्याय मिशन के अध्यक्ष कृषि मंत्री रविंद्र चौबे, राज्यसभा सांसद छाया वर्मा, राज्य खनिज विकास निगम के अध्यक्ष गिरीश देवांगन, मुख्यमंत्री के सलाहकार और गोधन न्याय मिशन के उपाध्यक्ष प्रदीप शर्मा, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू और जनसम्पर्क आयुक्त दीपांशु काबरा सहित सम्बंधित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। कृषि विभाग के विशेष सचिव और गोधन न्याय मिशन के प्रबंध संचालक डॉ. एस. भारतीदासन ने गोधन न्याय मिशन पर प्रस्तुतिकरण देते हुए बताया कि गोधन न्याय योजना के माध्यम से गोबर संग्राहकों को योजना का अधिकतम लाभ पहुंचाने एवं गोबर के लाभदायी उपयोग सुनिश्चित करने के लिए योजना के व्यवसायिक एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण से क्रियान्वयन के उद्देश्य से गोधन न्याय मिशन का गठन किया गया है। इस मिशन के संचालन में कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, मछली पालन, नगरीय

**छत्तीसगढ़ में गोधन न्याय योजना का संचालन मिशन मोड में**

प्रशासन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन और खादी एवं ग्रामोद्योग विभाग की भागीदारी होगी। गोधन न्याय योजना को मिशन मोड में संचालित करने के लिए वैज्ञानिकों, प्रबंधन एवं विपणन विशेषज्ञता रखने वाली संस्थाओं, एनजीओ, कम्पनियों के कन्सलटेंट आदि की सेवाएं ली जाएंगी। गोधन न्याय मिशन के माध्यम से वर्मी खाद एवं अन्य जैविक उर्वरक के विक्रय, गौठानों को रूरल इंडस्ट्रियल पार्क के रूप में विकसित करने के लिए कार्ययोजना तैयार कर उसका क्रियान्वयन किया जाएगा। साथ ही गौठानों में स्व-सहायता समूह द्वारा तैयार उत्पादों की ग्रेडिंग और मानकीकरण की व्यवस्था भी की जाएगी। मिशन के माध्यम से गौठान में छोटी-छोटी उत्पादन इकाईयां स्थापित करने, उन्हें बैंक लिंकेज उपलब्ध कराने, स्व-सहायता समूह के सदस्यों के प्रशिक्षण और उनके कौशल विकास करने में सहायता दी जाएगी तथा गौठानों में तैयार किए जाने वाले उत्पादों के भण्डारण, पैकेजिंग और विपणन सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। ज्ञातव्य है कि राज्य में पशुपालन और जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए वर्ष 2020 से गोधन न्याय योजना का संचालन किया जा रहा है। इसके तहत पशुपालकों एवं किसानों से दो रूपए प्रति किलो की दर से गोबर की खरीदी की जाती है। इस गोबर से महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा सुराजी गांव योजना के तहत स्थापित गौठानों में जैविक खाद का निर्माण किया जा रहा है। क्रय किए गए गोबर से कम्पोस्ट, वर्मी कम्पोस्ट, सुपर कम्पोस्ट के अतिरिक्त विद्युत उत्पादन तथा अन्य अनेक प्रकार की वस्तुओं का निर्माण किया जा रहा है।

## डॉ. चरणदास महंत ने बाबा साहब अम्बेडकर के निर्वाण दिवस पर उन्हें याद करते हुए दी श्रद्धांजलि

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत ने विशाल भारत के संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर जी के निर्वाण दिवस, पुण्यतिथि अवसर पर उन्हें याद करते हुए श्रद्धांजलि दी है।

डॉ महंत ने कहा कि, डॉ भीमराव अंबेडकर जी को भारत को एक सूत्र में बांधने एवं आधुनिक भारत के संविधान निर्माता जैसे नामों की संज्ञा दी जाती है। बाबासाहेब अंबेडकर जी एक महान और बेहद प्रभावशाली चरित्र वाले महापुरुष थे, बाबासाहेब अंबेडकर अपने पूरे जीवनभर समाज में दलितों को उनका हक दिलवाने के लिए, महिलाओं को उनके अधिकार दिलवाने के साथ समाज में फैली जातिगत असमानता एवं सतीप्रथा, बालविवाह, छुआछूत, मूर्ति पूजा और अंधविश्वास जैसी कुरीति को जड़ से खत्म करने के प्रयास में लगे रहे साथ ही उन्होंने समाज में शिक्षा पर भी विशेष जोर दिया।

## राज्य एड्स नियंत्रण समिति के संयुक्त तत्वाधान में प्रतियोगिताओं का आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com




डॉक्टर राधाबाई शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय रायपुर में विश्व एड्स दिवस के अवसर पर दिनांक 1-12 -2021 को संस्था में संचालित रेड रिबन क्लब एवं छत्तीसगढ़ राज्य एड्स नियंत्रण समिति के संयुक्त तत्वाधान में निम्नलिखित प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया ।

निबंध प्रतियोगिता - एड्स जागरूकता में महिलाओं की भूमिका । रंगोली प्रतियोगिता- एचआईवी एवं एड्स जागरूकता। नारा लेखन- एचआईवी एवं एड्स जागरूकता। भाषण- एड्स के नियोजन एवं जागरूकता में युवाओं की भूमिका। इस अवसर पे छात्राओं के द्वारा रैली का भी आयोजन किया गया, छात्राओं ने टिकरापारा मुहल्ले में घर-घर जाकर लोगों के बीच एड्स विषय पर जागरूकता फैलाई। इन कार्यक्रम में छात्राओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक गण उपस्तिथ थे। कार्यक्रम का आयोजन एवं संचालन महाविद्यालय रेड रिबन क्लब की समन्वयक डॉ श्वेता अग्निवंशी ने किया।


## क्रेड़ाई प्रॉपर्टी एक्सपो 2021 में पीएनबी स्टाल

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



'क्रेडाई, छत्तीसगढ़ प्रॉपर्टी एक्सपो 2021' में पीएनबी स्टाल का उद्घाटन कुलदीप सिंह जुनेजा, एमएलए एवं छत्तीसगढ़ हाउसिंग बोर्ड अध्यक्ष द्वारा पंजाब नैशनल बैंक के रायपुर मंडल प्रमुख, मनमोहन लाल चांदना की उपस्थिति में किया गया। यह प्रॉपर्टी एक्सपो 03.12.2021 से 05.12.2021 तक रायपुर के इंडोर स्टेडियम बुढ़ापारा में आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर कुलदीप जुनेजा जी ने कहा कि प्रॉपर्टी खरीदने के लिए यह सबसे अच्छा समय है। बैंकों की ब्याज दरें काफी कम है, किराये के मकान में रहने वाले लोग भी ईएमआई का समायोजन कर प्रॉपर्टी खरीदी कर सकते हैं। मनमोहन चांदना ने बताया कि पंजाब नैशनल बैंक की आवास योजना की ब्याज दर 6.50 रु. है तथा प्रोसेसिंग फीस शून्य है। रायपुर के सभी डेवलपर्स एक्सपो में हिस्सा ले रहे हैं। बैंक के समस्त उत्पादों की जानकारी भी पी एन बी के अधिकारियों द्वारा दी जा रही है। ग्राहकों को इस अवसर का भरपूर लाभ उठाना चाहिए एवं प्रॉपर्टी में निवेश करना चाहिए।

## द ग्रेट छत्तीसगढ़ रन का आयोजन



■ रेरा अध्यक्ष विवेक ढांड ने भी लगाई दौड़.. खुद को फिट रखने का दिया संदेश

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

खुद को फिट रखने का संदेश देने के लिए रायपुर के धावकों का सबसे बड़ा समुदाय लेट्स रन ने अपने हर साल होने वाली द ग्रेट छत्तीसगढ़ रन का आयोजन किया। हर साल होने वाली यह मैराथन पिछले छः साल से हो रही हैं और हर नवम्बर -दिसंबर में इसका आयोजन किया जाता है। हज़ारों की संख्या में इसमें छत्तीसगढ़ के धावक भाग लेते है, इस साल कोरोना के चलते इस आयोजन की संख्या साढ़े छह सौ धावकों तक ही सीमित रखा गया था। द ग्रेट छत्तीसगढ़ रन मैराथन तीन कैटेगरी रखी गई थी जिसमें एक 21 किलोमीटर दूसरी 10 किलोमीटर और तीसरी 6 किलोमीटर दौड़ शामिल थी। मैराथन से पहले प्रतिभागियों को जुम्बा व वॉर्मअप कराया गया, जिसके बाद इस दौड़ की शुरुआत छत्तीसगढ़ रेरा के अध्यक्ष विवेक ढांड ने की। रेस में हिस्सा लेने के लिए धमतरी, भिलाई, दुर्ग, राजनांदगांव से भी धावक पहुंचे थे। यह आयोजन छत्तीसगढ़ में कहीं भी होने वाली मैराथन का सबसे बड़ा आयोजन हैं जो की रायपुर शहर में दौड़ने वाले समुदाय के लिए हर हफ्ते में 3 दिन अलग ङ्क अलग किस्म की दौड़ का आयोजन करता हैं जो की किसी के लिए भी निशुल्क है।

## प्रमुख सचिव डॉ. आलोक शुक्ला ने शिल्पनगरी एवं उड़ान आजीविका केन्द्र का किया निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव डॉ. आलोक शुक्ला ने आज कोण्डागांव पहुंचकर शिल्पनगरी और उड़ान आजीविका केन्द्र का अवलोकन किया। उन्होंने शिल्पनगरी में शिल्पकारों की कृतियों हेतु बनाये गये एम्पोरियम की सराहना की। इसके अतिरिक्त विगत दिनों शिल्पनगरी में आयोजित कोण्डानार हस्तशिल्प महोत्सव के आयोजन की सराहना करते हुए प्रशासन को ऐसे ही आयोजन समय-समय पर आयोजित करने के निर्देश दिये।

प्रमुख सचिव ने इसके बाद उड़ान आजीविका केन्द्र पहुंचकर यहां के उत्पादों में रूचि दिखाते हुए बताया कि पूर्व में अपने कोण्डागांव प्रवास के दौरान उन्होंने आजीविका केन्द्र से उत्पादित नारियल तेल एवं कुकीज का प्रयोग किया था। इसकी गुणवत्ता से प्रभावित होकर परिजनों द्वारा पुनः कोण्डानार ब्रांड के अंतर्गत उड़ान समूह द्वारा बने उत्पादों की पुनः मांग की गई है। उन्होंने इसके अतिरिक्त केन्द्र में गारमेंट फैक्ट्री हेतु बन रहे अधोसंरचनात्मक कार्यो का भी अवलोकन किया। साथ ही आजीविक केन्द्र के उत्पादों के विपणन एवं मार्केटिंग हेतु सुझाव भी दिये। इस अवसर पर कलेक्टर पुष्पेन्द्र कुमार मीणा एवं जिला पंचायत सीईओ प्रेमप्रकाश शर्मा भी शामिल रहे।

## कोरोना टीकाकरण के लिए पात्र प्रदेश की आधी आबादी को दोनों डोज लगे

रायपुर। कोरोना टीकाकरण का शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने के लिए प्रदेश में तेजी से टीकाकरण किया जा रहा है। टीकाकरण के लिए पात्र प्रदेश की आधी आबादी को कोरोना से बचाव के लिए दोनों टीके लगाए जा चुके हैं। प्रदेश में अब तक 99 लाख 67 हजार 184 नागरिकों को कोरोना वैक्सीन की दोनों डोज लग चुकी है। वहीं एक करोड़ 79 लाख 30 हजार 288 लोगों को पहला टीका लगाया जा चुका है। राज्य की 91 प्रतिशत आबादी को पहला टीका लग चुका है। प्रदेश के एक करोड़ 96 लाख 51 हजार नागरिकों को कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए टीका लगाया जाना है। पहली और दूसरी, दोनों खुराकों को मिलाकर प्रदेश में अब तक (4 दिसम्बर तक) दो करोड़ 78 लाख 97 हजार 472 टीके लगाए जा चुके हैं। राज्य में विगत 1 दिसम्बर से समर्थन मूल्य पर किसानों से धान खरीदी की शुरूआत के बाद खरीदी केंद्रों में भी कोरोना टीकाकरण किया जा रहा है।

## बाल संप्रेक्षण गृह की बड़ी लापरवाही : हत्या के प्रयास का आरोपी खिड़की की रॉड मोड़कर फरार

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

बाल संप्रेक्षण गृह की बड़ी लापरवाही सामने आई है। बाल संप्रेक्षण गृह से हत्या के प्रयास का आरोपी फरार हो गया है। आरोपी शेख आदिल 27 नवंबर को संप्रेक्षण गृह का रॉड मोड़कर फरार हुआ है। संप्रेक्षण गृह के हाउस फादर ने शिकायत दर्ज कराई। माना थाना पुलिस केस दर्ज कर मामले की विवेचना में जुटी है। आरोपी 27 नवंबर को वहां से फरार हुआ है। लेकिन इसकी शिकायत उनके द्वारा 4 नवंबर को कराई गई है। इसके अलावा बाल संप्रेक्षण गृह में नाबालिग आरोपियों को रखा जाता है। लेकिन 20 वर्षीय आरोपी को वहां पर रख दिया गया। ऐसे में बाल संप्रेक्षण गृह की इसमें साफ लापरवाही झलक रही है कि आखिर कैसे नाबालिग नहीं होने के बावजूद आरोपी को बाल संप्रेक्षण गृह में रखा गया। जानकारी के मुताबिक टिकरापारा थाना पुलिस हत्या के प्रयास के आरोपी शेख आदिल को गिरफ्तार किया था। उस समय उसकी उम्र 16 वर्ष बताया गया। इसलिए उसे माना संप्रेक्षण गृह में रखा गया था। दस्तावेज परीक्षण के दौरान आरोपी की उम्र 20 वर्ष पाई गई। जिसके बाद किशोर न्याय बोर्ड सेलेन के अनुसार उसे केंद्रीय जेल स्थानांतरण करने का आदेश दिया गया। इसके लिए बाल संप्रेक्षण गृह द्वारा रायपुर पुलिस लाइन से बल मांगा गया। लेकिन बल नहीं मिलने से उसे केंद्रीय जेल स्थांतरित नहीं किया जा सका।

### आगामी मार्च तक बच्चों को अपनी कक्षा के स्तर लाने की योजना, प्रत्येक 15 दिन में बच्चों के स्तर का होगा परीक्षण

## नवा जतन पाठ्यक्रम को स्कूल और फील्ड में लागू कर लक्ष्य प्राप्त करें : राजेश सिंह राणा

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



स्कूल शिक्षा विभाग के संयुक्त सचिव एवं संचालक राज्य शैक्षणिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एससीईआरटी) राजेश सिंह राणा ने उपचारात्मक शिक्षण हेतु नवा जतन कार्यक्रम अंतर्गत आयोजित 3 दिवसीय प्रशिक्षण के समापन समारोह अवसर पर प्रशिक्षार्थियों से कहा कि कोरोना काल में पूरे विश्व के बच्चे प्रभावित हुए ऐसे समय छत्तीसगढ़ द्वारा बच्चे जो कोरोनाकाल में कक्षा स्तर से पीछे रह गए है उन्हें अगली कक्षा के स्तर तक लाने का प्रयास किया जा रहा है। सेतु पाठ्यक्रम 1 के लागू होने के पूर्व जो बच्चे अपने ग्रेड से नीचे थे अब हमारा लक्ष्य है कि मार्च 2022 तक पीछे छूटे बच्चों को वर्तमान कक्षा के स्तर तक लाया जाए।

राणा ने कहा कि उपचारात्मक शिक्षण हेतु प्रायोजित कार्यक्रम नवा जतन को प्रत्येक बच्चे तक पहुंचाना बहुत आवश्यक है। इसे सेतु पाठ्यक्रम 2.0 के रूप में छत्तीसगढ़ के सभी जिलों में लागू किया जाना है, क्योंकि वर्तमान समय में एससीईआरटी रायपुर के टेक्निकल टीम के साथ राज्य के समस्त बच्चों के बेसलाइन आकलन आधारित स्तर उपलब्ध है। इसमें हम देख पाते है कि जो बच्चे अपने कक्षा स्तर से नीचे हैं, नवा जतन कार्यक्रम ऐसे सभी बच्चे जिनका स्तर कक्षा स्तर से कम है, उन्हें कक्षा स्तर तक लाने का प्रमुख उपाय हो सकता है। सभी जिला के सीएससी इसे गंभीरता से लेगे इसका प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे और अपने संकुल में इसके इंप्लीमेंटेशन के लिए भरसक प्रयास करेंगे। आगामी मार्च तक इन सभी बच्चों को जिनका स्तर अपनी कक्षा स्तर से कम है उन्हें कक्षा स्तर तक लाने का लक्ष्य है। इसके लिए प्रत्येक 15 दिन में ऐसे बच्चों के स्तर परीक्षण और उनके स्तर में हो रही वृद्धि के विषय में जानकारी एकत्रित की जाए। इसकी मॉनिटरिंग स्कूल शिक्षा विभाग के अतिरिक्त संचालक, संयुक्त संचालक, सहायक संचालक, जिला शिक्षा अधिकारी, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी करेंगे। साथ ही ऑनलाइन मॉनिटरिंग सिस्टम के द्वारा बच्चें को शिक्षक ने कितना सिखाया इसका भी परीक्षण किया जाएगा।

एससीईआरटी के संचालक ने सभी से शिक्षा के लिए अपने स्तर पर अतिरिक्त प्रयास करने की बात कही। उपस्थित समस्त मास्टर ट्रेनर्स के सुझाव और जिलों से आए प्रतिभागियों के स्थानीय प्रयासों के संबंध में चर्चा एवं शिक्षा में किस प्रकार से इस लक्ष्य को प्राप्त करना है उस संबंध में उनके विचार भी जाने। राणा ने प्रशिक्षार्थियों से उनके अनुभव और सुझाव भी मांगे जिनमे शिक्षको की प्रतिभा को सामने लाने खेल, साहित्य, सांस्कृतिक प्रतियोगिता कराने Teacher As Leader और शिक्षण के अलावा शिक्षक किस क्षेत्र में उत्कृष्ट है उसका सम्पूर्ण डेटाबेस बनाए जाने की बात कही। प्रशिक्षण में एससीईआरटी के अतिरिक्त संचालक डॉ योगेश शिवहरे, उप संचालक उमेश कुमार साहू, सहायक संचालक प्रशांत कुमार पांडेय, सहायक प्राध्यापक डॉ. विद्यावती चंद्राकर, सुशील राठौर, डॉ. जय भारती चंद्राकर सहित प्रशिक्षकों ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

# कृषि विज्ञान केंद्र ने ब्रेहबेड़ा में मनाया विश्व मृदा दिवस



पायनियर संवाददाता नारायणपुर
www.dailypioneer.com

कृषि विज्ञान केन्द्र द्वारा ग्राम पंचायत ब्रेहबेड़ा में विश्व मृदा दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। इस दिवस को मनाने का उदेश्य किसानो और आम लोगों को मिट्टी की महत्ता के बारे में जागरूक करना है। विश्व के बहुत बहुत बड़े भाग में उपजाऊ मिट्टी बंजर और किसानो द्वारा ज्यादा रसायनिक उर्वरकों और कीटनाशी दवाईओं का इस्तेमाल करने से मिट्टी के जैविक गुणों में कमी आने के कारण इसकी उपजाऊ क्षमता में गिरावट आ रही है और यह प्रदूषण का भी शिकार हो रही है। इसलिए किसानो और आम जनता को इसकी सुरक्षा के लिए जागरूक करने की जरूरत है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा प्रति वर्ष 5 दिसंबर को विश्व मृदा दिवस मनाने का फैसला लिया गया। इस कार्यक्रम में ग्राम सरपंच श्री सुदनू दुग्गा मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। कार्यक्रम के दौरान किसानों को मिट्टी की उर्वरता को टिकाऊ बनाये रखने एवं मिट्टी प्रदूषण के दुष्प्रभाव से संबंधित विभिन्न वीडियो का प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रदर्शन किया गया। तत्पश्चात केविके के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ दिब्येंदु दास ने किसानों को संबोधित करते हुए कृषि में मृदा के महत्व एवं इसके संरक्षण के बारे में किसानों से चर्चा की। मुख्य अतिथि ने किसानों को गोंडी में संबोधित करते हुए सभी को विश्व मृदा दिवस की बधाई दी। इस अवसर पर केविके के वैज्ञानिक मनीष वर्मा एवं उत्तम दीवान सहित बड़ी मात्रा में ग्राम के महिला एवं पुरुष किसान सम्मिलित हुए।

## 5 दिसंबर को जिले में कुछ स्थानों पर अति हल्की वर्षा की सम्भावना

**कांकेर।** भारत मौसम विज्ञान विभाग तथा कृषि विज्ञान केंद्र कांकेर द्वारा जारी मध्यावधि मौसम पूर्वानुमान के आधार पर 05 दिसम्बर को जिले में दक्षिण तटीय क्षेत्रो में सक्रीय जवाद चक्रवातीय तूफान का आंशिक प्रभाव पड़ सकता है।

कुछ स्थानों पर बादल छाये रहने के साथ अति हल्की वर्षा होने की सम्भावना है, साथ ही अधिकतम तापमान 28.0-29.0 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 12.0-13.0 डिग्री सेल्सियस सुबह की हवा में 73-98 प्रतिशत और शाम की हवा में 35-50 प्रतिशत आर्द्रता तथा आने वाले दिनों में हवा उत्तर-पूर्व/पूर्व दिशाओं से 3.0-4.0 किमी प्रति घंटे की गति से चलने की संभावना है।

कृषि विज्ञान केंद्र कांकेर के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. बीरबल साहू ने किसान भाईयों को सलाह देते हुए कहा कि कटी हुयी फसलों को सुरक्षित स्थान पर ढंक कर रखें, असामयिक वर्षा या मौसम में परिवर्तन को ध्यान में रखते हुए रबी फसलों का बीमा अवश्य करायें।

# अनुविभागीय अधिकारी ने लिया बैठक कोरोना के नए वेरियंट ओमिक्रोन से बचाव की दी समझाईश




पायनियर संवाददाता किरंदुल
www.dailypioneer.com

अनुविभागीय दंडाधिकारी बड़े बचेली के द्वारा कोरोना के नए वेरिएंट ओमीक्रोन को रोकने एवं नगर में कोरोना संक्रमण से लोगों को बचाव हेतु आवश्यक बैठक लिया गया।जिसमें विशेष तौर पर कुछ खास देश जहां पर कोरोना का संक्रमण काफी फैला है वहां से सफर करके आने वाले लोगों को सात दिन के लिए होम आइसोलेशन में रखकर कोरोना का जांच कराया जाना सुनिश्चित किया गया। साथ ही शहर में मुख्य द्वार पर बैरीकेटिंग करा कर सभी यात्री बसों एवं आवाजाही करने वाले लोगों का वैक्सीनेशन कार्ड जांच कर उन्हें वैक्सीन लगवाने हेतु प्रेरित करने हेतु कहा गया ताकि वैक्सीन लगाए हुए व्यक्ति कोरोना से बच पाए और नगर की सुरक्षा के लिए सभी जनप्रतिनिधि से अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बड़े बचेली अरुण कुमार सोम ने अपील की की प्रत्येक वार्ड में शेष बचे हुए लोगों का टीकाकरण कराएं ताकि पूरा नगर कोरोना के संक्रमण से बच सकें।इस बैठक में मुख्य नगरपालिका अधिकारी हूंगा राम गोंदे, परियोजना अस्पताल किरंदुल से मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ एम.व्ही लाल, एनएमडीसी प्रबंधन से जितेंद्र, हरि नारायण तिवारी, देवेंद्र नगर पालिका सहायक राजस्व निरीक्षक गौरी शंकर तिवारी नोडल कोविड-19 किरंदुल एवं डीएस साहू राजस्व उपनिरीक्षक, पार्षद शैलेंद्र सिंह, दिनेश कुमार प्रसाद, अमृत टंडन मौजूद थे।

# लेनदेन की वजह से फायनेंस कर्मी की हत्या, पुलिस रही मुस्तैद

पायनियर संवाददाता दंतेवाड़ा
www.dailypioneer.com



शुक्रवार रात लेनदेन को लेकर फाइनान्स कर्मी अंकित गुप्ता की हत्या कुल्हाड़ी से कर दी गयी ।जानकारी मिली है कि गदापाल निवासी जोगेंद्र का अंकित गुप्ता के बीच लेनदेन था ।आमतौर पर मृतक शाम 6 बजे घर पहुच जाता था लेकिन विगत रात देर होने के कारण परिजन आशंका के चलते दंतेवाड़ा थाने में सूचित करने पहुचे थे ।हरकत में आई पुलिस और माजरा कुछ फ़िल्म की तरह निकला। पॉली कॉलेज के पीछे हत्या करने के बाद आरोपित मृतक की बाइक लेकर भागने की कोशिश करते दंतेवाड़ा बैंक चौक में दुर्घटना के शिकार हो गए और फिर उन्हें हॉस्पिटल जाना पड़ा ।इसी बीच पुलिस ने शक के आधार पर कड़ी पूछताछ की और पुलिस के सामने हत्या का सारा सच सामने आया । हत्या से जहां इलाके में सनसनी है वही परिजनों का रो-रोकर बुराहाल हैं।

# श्रीमद भागवत ज्ञान सप्ताह का भक्तिमय समापन

पायनियर संवाददाता नारायणपुर
www.dailypioneer.com



नगर के तहसील पारा में सप्त दिवसीय संगीतमय श्रीमद भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया गया था जो 28 नंवम्बर कलश स्थापना के साथ प्रारंभ होकर गीता दान के साथ 4 दिसंबर को संपन्न हुआ। उक्त श्रीमदभागवत कथा के कथावाचक पं. जय शर्मा कुरना वाले थे। इनकी मधुर वाणी से प्रतिदिन श्रोता श्रीमद् भागवत कथा सुनते रहे।

सप्ताह भर चले इस धार्मिक आयोजन मे कथावाचक पं. जय शर्मा द्वारा श्रीमदभागवत कथा के अलग अलग पात्रों और खंडों का वर्णन किया गया। इसमें प्रथम दिवस पर राजा परीक्षित की कथा, राजा बलि की कथा, श्रीकृष्ण जन्म, कृष्ण सुदामा की मित्रता और रुखमणी विवाह प्रमुख था। वहीं सबसे ज्यादा आनंद भक्तों ने भगवान श्री कृष्ण का जन्म और रुखमणी विवाह में उठाया। इस दौरान कथा स्थल वृंदावन मे तब्दील हो गया था। सभी भक्तों ने भगवान कृष्ण के जन्म और विवाह में जमकर आनंद उठाया।

वहीं कथा का समापन गीता ज्ञान, पूर्णाहुति और भंडारे के साथ हुआ। आयोजन में परीक्षित के रुप मे रविन्द्र यादव सपत्निक एवं नितेश ठाकुर बैठे थे। कथा सुनने के लिए प्रतिदिन गांव सहित नगर और आसपास अंचल के लोग भी बड़ी संख्या में कथा स्थल पर पहुंचते थे। समापन के अवसर पर भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें भक्तों ने भरपूर आनंद उठाया। इस आयोजन को सफल बनाने मे तहसील पारा की महिला समिति एवं महिला मंडल और नगरवासियों का सराहनीय योगदान रहा।

## प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन 6 दिसम्बर को

**कांकेर।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र जगदलपुर में 06 दिसम्बर सोमवार को प्रातः 11 बजे से दोपहर 03 बजे तक प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जायेगा। जिसमें 65 रिक्तियों के आधार पर भर्ती किया गया जाएगा। असिस्टेंट सेल्स मैनेजर, सेल्स मैनेजर, सीनियर सेल्स मैनेजर, एजेंसी सेल्स ऑफिसर के 10-10 पद और इंशुरेंस कन्सलटेन्ट के 25 पदों पर भर्ती किया जाएगा। इच्छुक आवेदक 60 दिसम्बर को प्रातः 11 बजे से दोपहर 03 बजे तक निर्धारित स्थल प्रर्वतन कक्ष जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र जगदलपुर में उपस्थित होकर समस्त शैक्षणिक दस्तावेजों की मूलप्रतियां, एक सेट छायाप्रतियां, एक पासपोर्ट साईज फोटो सहित उपस्थित होकर अवसर का लाभ ले सकते हैं।

# कटेकल्याण में युवा खेल महोत्सव की धूम



पायनियर संवाददाता दंतेवाड़ा
www.dailypioneer.com

युवा खेल महोत्सव 2021 का भव्य आयोजन कटेकल्याण ब्लॉक में हुआ ।कबड्डी, वालीवाल, खो-खो, सहित अनेक खेल प्रतियोगिता सम्पन्न हुए ।विजेताओं को प्रमाण पत्र सहित अनेक पुरुस्कार बांटे ।शालाओं, आश्रम के बच्चे पूरे मैदान में अपना जौहर दिखाते रहे। पुरुस्कार वितरण में जनपद अध्यक्ष राधिका पोडियाम, जनपद उपाध्यक्ष जितेन्द्र सोरी, बीआरसी प्रमोद कर्मा के अलावा विशिष्टजन मौजूद रहे।

# कोविड-19 टीकाकरण जागरूकता रैली का आयोजन

पायनियर संवाददाता कांकेर
www.dailypioneer.com




कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र कांकेर में कोविड-19 टीकाकरण जागरूकता रैली का आयोजन किया गया, जिसमें महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. देव शंकर द्वारा सभी प्राध्यापकों कर्मचारियों तथा विर्द्यार्थयां के साथ-साथ कृषि फार्म में कार्यरत कर्मचारियों को सम्बोधित किया गया। कोविड-19 महामारी के बचाव हेतु टीकाकरण की अनिवार्यता एवं सुनिश्चितता पर बल दिया गया। अन्य सावधानियाँ जैसे सेनेटाईजेशन, दो-गज की दूरी, मॉस्क पहनना आदि अपनाने के लिए लोगां को आह्वान किया गया।

कार्यक्रम में कृषि महाविद्यालय, कृषि विज्ञान केन्द्र कांकेर के अधिकारियों, विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों के द्वारा डुमरपारा सिंगारभाट में जन जागरूकता रैली निकाली गई। सभी ने कोविड-19 के टीकाकरण को बढ़ावा देने के लिए नारे जैसे ÷टीकाकरण अपनाना है, कोविड को दूर भगाना है तथा दो गज की दूरी मास्क है जरूरी आदि नारा लगाये गये। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. पी.एस. मरकाम, अनिल कुमार नेताम, देवचंद सलाम, हेमन्त टोप्पो, कृषि विज्ञान केन्द्र, कांकेर के वैज्ञानिक सुरेश मरकाम, डॉ. कोमल केराम, दिनेश सिन्हा, प्रदीप देवांगन एवं कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्रम अधिकारी गंगाधर भगत द्वारा किया गया।

## कलेक्ट्रेट परिसर में अधिकारी-कर्मचारियों ने लगाई कोविड-19 टीका

**कांकेर।** कोरोना महाअभियान के तहत् आज कलेक्ट्रेट परिसर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाई गई कोरोना टीकाकरण शिविर में जिला कार्यालय में स्थित विभिन्न कार्यालयों के अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा कोविड-19 का टीका लगाया गया।



# कभी थे बस्तर टाइगर के बेहद करीबी, याद करते छलक जाते नैन

पायनियर संवाददाता दंतेवाड़ा
www.dailypioneer.com



एक समय बस्तर टाइगर और मानकु सोढ़ी के करीब रहे कातीयाररास में गुमनामी की जिंदगी बसर कर रहे लक्ष्मी नारायण सोनी ।इनके पुत्र भी बचेली में कांग्रेस के बड़े नेता है ।बस्तर टाइगर महेन्द्रकर्मा जब निर्दलीय चुनाव मैदान में थे तब भी कुछ चुनिंदा साथी में शुमार थे सोनी ।आज कई उनके साथी ही इस दुनिया को अलविदा कह चुके हैं और नए चेहरों के बीच ये पुराने चेहरे भूला दिए जा रहे है।चर्चा में कहते हैं कि आज जमाना बहुत आगे हो गया है संसाधन बढ़ गए हैं ।हर पार्टी में ऐसी स्थिति है जिसे स्वीकार करना ही पड़ता है । भाजपा जिलामंत्री सत्यनारायण महापात्र ने सौजन्य मुलाकात में कुशलक्षेम जाना। भावी पीढ़ी की रफ्तार के आगे पुरानी परंपरा थम सी गई है ।जमाने के साथ अब तालमेल बिठा पाना कठिन हो रहा है लेकिन कहीं न कहीं एक टीस जरूर होती है और एक गाना भी याद आता है। जाने कहां गए वो दिन..........

# करीतगांव में 700 कट्टा और उड़ियापाल में 100 कट्टा धान जब्त

## मुखबिर की सूचना पर कोचियों के विरुद्ध बस्तर एसडीएम ने की कार्रवाई

पायनियर संवाददाता जगदलपुर
www.dailypioneer.com



समर्थन मूल्य पर समितियों के माध्यम से की जा रही धान खरीदी के दौरान अवैध धान को खपाने के प्रयासों को आज फिर से असफल करते हुए मुखबिर की सूचना पर बकावंड तहसील के करीतगांव में 700 कट्टा और उड़ियापाल में 100 कट्टा धान जब्त किया गया। धान खरीदी के दौरान होने वाली गड़बड़ियों को रोकने के लिए कलेक्टर श्री रजत बंसल के निर्देशों के तहत यह कार्रवाई बस्तर अनुविभागीय दंडाधिकारी ओमप्रकाश वर्मा द्वारा की गई।

एसडीएम वर्मा ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर करीतगांव निवासी श्री गजेंद्र पाणिग्राही के घर से 700 कट्टा धान जब्त किया गया। पाणिग्राही के हक की एक एकड़ और अधिया में की जा रही 15 एकड़ जमीन की फसल खलिहान में पाई गई। गजेन्द्र पाणिग्राही ने स्वीकार किया कि यह धान उन्होंने खरीदा है। जांच में पाया गया कि उनके पास मंडी का लाइसेंस नहीं है। इसी तरह उड़ियापाल की महालक्ष्मी पति नरसिंह के यहाँ 100 कट्टा अवैध धान जब्त किया गया। इन मामलों में मंडी एक्ट के तहत कार्रवाई की जा रही है। एसडीएम वर्मा ने बताया कि धान खरीदी के दौरान होने वाली गड़बड़ियों को रोकने के लिए ओड़िसा सीमा से लगे हुए गावों में मुखबिर तैनात किए गए हैं तथा धान की अवैध खरीद बिक्री करते हुए पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## हेपेटाइटिस बी एवं सी की स्क्रीनिंग जॉच शिविर का आयोजन



पायनियर संवाददाता कांकेर
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय वायरल हेपेटाइटिस नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत जिला जेल कांकेर में आज मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जे.एल. उइके एवं जेल अधीक्षक श्री खोमेश मण्डावी के मार्गदर्शन में बंदियों की हेपेटाइटिस बी एवं सी की स्क्रीनिंग जॉच शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 95 बंदियों का परीक्षण किया गया। उक्त कार्यक्रम के सफल आयोजन में लैब टेक्निशियन मनीष सिंह ठाकुर, असिस्टेंट लैब टेक्निशियन विनय पटेल, जेल चिकित्साधिकारी डॉ. वैभव भास्कर, फार्मासिस्ट पुरूषोत्तम वर्मा एवं मुख्य प्रहरी का विशेष योगदान रहा।

## कोदाभाट में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस




पायनियर संवाददाता कांकेर
www.dailypioneer.com

समाज कल्याण विभाग द्वारा गत दिवस अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस कार्यक्रम स्कूल खेल मैदान कोदाभाट में मनाया गया। इस अवसर पर विधायक एवं संसदीय सचिव श्री शिशुपाल शोरी एवं जिला पंचायत के अध्यक्ष हेमंत ध्रुव एवं उपाध्यक्ष जनपद पंचायत रोमनाथ जैन के उपस्थिति में दिव्यांगजन दिवस मनाया गया, जिसमें विभिन्न प्रकार का खेल कूद का आयोजन किया गया। जिसमें लंबी कूद, 50 मीटर दौड़, कुर्सी दौड़, जलेबी दौड़, रंगोली प्रतियोगिता, चित्र प्रतियोगिता, नृत्य गायन आदि का आयोजन किया गया। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले दिव्यांग बच्चों को शील्ड एवं प्रमाण पत्र प्रदाय गया तथा कार्यक्रम में उपस्थित समस्त दिव्यांगजनों को उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम एवं खेलकूद संचालन हेतु जिला समन्वय राजीव गांधी शिक्षा मिशन का सहयोग रहा तथा जिला समन्वयक यूनिसेफ द्वारा कार्यक्रम में बाल विवाह एवं जीवन कौशल संबंधित जानकारी दिया गया। कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि सुनील गोस्वामी एवं समाज कल्याण के उप संचालक सिनीवाली गोयल, परिवीक्षा अधिकारी राजेश देवांगन, आशीष शोरी, सचिन चौबे तथा समाज कल्याण विभाग के कर्मचारी उपस्थित थे।

# बिलाईगढ़ में विकासखंड स्तरीय युवा महोत्सव हुआ संपन्न

## लोक नृत्य पर सरसींवा टीम आकर्षण का केंद्र रहा

पायनियर संवाददाता ∢ सरसींवा
www.dailypioneer.com





खेल एवं युवा कल्याण विभाग बलौदाबाजार के मार्गदर्शन में विकासखंड स्तरीय युवा महोत्सव शासकीय महाविद्यालय बिलाईगढ़ में संपन्न हुआ ।इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय चंद्रदेव राय जी (संसदीय सचिव एवं विधायक बिलाईगढ़), अध्यक्षता सुनीता विक्रम कोसले जी (प्राचार्य शासकीय महाविद्यालय बिलाईगढ़), विशिष्ट अतिथि माननीय द्वारिका देवांगन (अध्यक्ष नगर पंचायत बिलाईगढ़), भागवत साहू (अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बिलाईगढ़), पंकज चंद्रा (अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सरसींवा), राजेंद्र जोशी (बीईओ बिलाईगढ़) आदि रहे। राजकीय गीत के साथ कार्यक्रम का आगाज हुआ।अतिथियों के हाथों से दीप प्रज्वलित कर माँ शारदे की प्रतिमा का पूजन कर कु.शशि एवं टीम के द्वारा बहुत ही मनमोहक सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया गया। पंचराम साहू ने प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए बताया कि इस महोत्सव में लोकगीत, लोकनृत्य, तबला वादन, हारमोनियम वादन, शास्त्री गायन, तात्कालिक भाषण,भौरा खेल,गेड़ी दौड़, फुगड़ी, चित्रकला, निबंध लेखन आदि उम्र आधारित प्रतियोगिता में लोग बड़े उत्साह के साथ भाग लिए हैं। उद्‌बोधन के दौरान माननीय चंद्रदेव राय जी ने उपस्थित प्रतिभागियों, विद्यार्थियों व आम जनमानस को बधाई दिया तथा खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित युवा महोत्सव की सराहना किया साथ ही वहां मौजूद जनमानस के मध्य भंवरा चलाकर प्रतिभागियों का उत्साह बढ़ाया।कार्यक्रम के दौरान सुनील कुमार जैन कलेक्टर बलौदाबाजार व जिला पंचायत सीईओ उपस्थित होकर कलाकारों का हौसला बढ़ाया।लोकगीत एवं लोक नृत्य पर लोग झूमने को मजबूर हुए। एक से बढ़कर एक प्रस्तुति कलाकारों के द्वारा दिया गया। सभी विधाओं में प्रथम एवं द्वितीय आने वाले प्रतिभागियों को मेडल व मोमेंटो देकर सम्मान बढ़ाया। कार्यक्रम में मंच संचालन भागवत प्रसाद साहू समन्वय गोरबा के द्वारा एवं आभार प्रदर्शन अन्थ्रेन्स मिंज खेल नोडल अधिकारी बिलाईगढ़ के द्वारा किया गया।इस कार्यक्रम को सफल बनाने में पंचराम साहू ,पूनम सिंह साहू, नरोत्तम सिंह नेताम, अंतराम कैवर्त, पटेल, गोविंद अजय, सुचिता कैवर्त, हर्षा सिंदे, कमल किशोर जांगड़े, पंकज साहू प्रोफेसर आदि का योगदान रहा।

### लोक नृत्य पर आकर्षण का केंद्र रहा सरसींवा टीम

लोक नृत्य बस्तरिया मोर संगवारी गीत पर सरसींवा टीम द्वारा मनमोहक प्रस्तुति देकर उपस्थित लोगों का दिल जीत लिया। जिसे विकासखंड स्तर पर प्रथम स्थान मिला । इस नृत्य में प्रमुख रूप से धात्री नायक, कल्पना भोई, ओमप्रकाश पटेल, भागवत साहू, कलेश्वर साहू, खगेश राम यादव, दानीराम, निर्मला साहू, डनसेना, श्याम पटेल, प्रिंस, भारत, प्रीति, प्रेरणा, श्वेता, नंदू, लक्ष्मण आदि ने भाग लेकर प्रस्तुति दिया।

# जल उठाव परियोजना का निर्माण ग्राम वासियों को शासन से सहयोग की दरकार



पायनियर संवाददाता ∢ सरायपाली
www.dailypioneer.com

विकास खंड के ग्राम पंचायत बाराडोली के सरपंच की सूझबूझ और किसानों के आपसी सहयोग से सिंचाई और निस्तारी के लिए पानी की किल्लत को दूर करने के लिए लांत नाला में उठाव जल परियोजना का निर्माण करवाया जा रहा है। जिससे गाँव के सैकड़ों किसान लाभान्वित होंगे तथा आने वाले समय में पानी की किल्लत से ग्राम वासियों को भी निजात मिलेगी। ग्राम बाराडोली के सरपंच लक्ष्मी शंकर दीवान और सचिव श्याम विशाल ने हमारे प्रतिनिधि से चर्चा में बताया कि गाँव में जल संकट को दूर करने के लिए किसानों द्वारा आपसी सहयोग से लांत नाला में उठाव जल परियोजना के निर्माण का प्रयास किया जा रहा है।

इस परियोजना के निर्माण लिए ग्रामीणों द्वारा स्वंय के सहयोग से लगभग 15 लाख रुपये का उपयोग हो चुका है। और शासन से स्टाप डेम निर्माण के लिए लगातार गुहार लगाई जा रही अगर शासन के सहयोग से डेम निर्माण हो जाता है तो इससे यहाँ जल संकट से निजात मिल जाएगा और सैकड़ों एकड़ भूमि की सिंचाई के लिए किसानों को सहूलियत होगी जिसे सरपंच की सक्रिय भूमिका और गांव वालों के सहयोग से किया जा रहा है । शासन से कोई मदद नही मिलता देख सरपंच ने चंदा इकट्ठा कर निर्माण कार्य की शुरुआत कराई। इस जल परियोजना का कार्य पूर्ण हो जाने पर सैकड़ों किसानों को लाभ होगा। और आने वाले दिनों में इस परियोजना के माध्यम से लगभग 250 एकड़ कृषि भूमि को रबी फसल सिंचाई के लिए जल उपलब्ध होगा। और ग्राम वासियों को निस्तारी के लिए समस्या नहीं होगी। बहरहाल ग्राम वासियों को स्टाप डेम निर्माण के लिए जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारयों से सहयोग की दरकार है ।



**बलौदाबाजार।** सोना खान से आए छत्तीसगढ़ सयुक्त वन सेवा परीक्षा में शामिल होने के लिए आठ माह की अपनी बच्ची को पालक के पास छोड़कर परीक्षा देने को गई, यदि उमंग हो तो हर काम संभव है।

# सैकड़ों भाजपाई आज कवर्धा के लिए होंगे रवाना

पायनियर संवाददाता ∢ तिल्दा नेवरा
www.dailypioneer.com

नगर के भाजपाइ सैकड़ों के संख्या में कवर्धा के लिए है 06 दिसंबर को बीजेपी कार्यालय तिल्दा नेवरा से एक साथ रवाना होंगे 6 दिसंबर जिसे भारतीय जनता पार्टी और पूरा देश 6 दिसंबर को शौर्य दिवस के रूप में मनाया जाता है इसलिए भी यह दिन बहुत ही खास है आज ही के दिन भगवान श्री राम के घर अयोध्या में जो विवादित ढांचा था जिसे भारतीय जनता पार्टी के लाखों कार्यकर्ता और वरिष्ठ नेताओं के नेतृत्व में जिसे कारसेवकों के नाम से भी जाना जाता है एक साथ एकता के साथ में अयोध्या पहुंचकर के इस विवादित ढांचा को ढाहाया गया था और वहां पर भगवान श्री राम के मंदिर निकला था जोकि आज भव्य श्री राम मंदिर का निर्माण किया जा रहा है आज फिर से इसी जोश इसी उत्साह इसी एकता के साथ विश्व हिंदू परिषद के आवाहन पर पूरे छत्तीसगढ़ व आसपास के कई अन्य राज्यों से हिंदू संगठन व हिंदुत्व के सेवा के लिए तत्पर साधु-संत कई सामाजिक समाजसेवी संस्थाओं का कवर्धा में होगा हिंदू धर्म रक्षा की महासभा कवर्धा करपात्री हाई स्कूल कवर्धा स्टेडियम में जुटेंगे हिंदू संगठनों के कई वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी हिंदुओं के धार्मिक ध्वज भगवा ध्वज के अपमान कवर्धा में असामाजिक तत्वों के द्वारा किया गया था जिसके विरोध में कवर्धा के हिंदू समाज व संगठन के लोगों ने सरकार से मांग किया था कि इस अपमान का जांच किया जाए और जो दोषी है उन्हें कड़ी से कड़ी कार्यवाही किया जाए लेकिन छत्तीसगढ़ सरकार के पुलिस प्रशासन ने किसी भी प्रकार का कोई उचित कार्यवाही नहीं कर सका उलटा कवर्धा के बेकसूर जनता को रोड में दौड़ा-दौड़ा कर पीटा गया और एक तरफा कानूनी कार्यवाही करते हुए हिंदू संगठन से जुड़े हुए लोगों के ऊपर जबरदस्ती धारा लगा कर के कई महीनों तक जेल में बंद रखा गया साथ ही भारतीय जनता पार्टी के



किसी भी नेता को कवर्धा जाने से रोका गया और पीड़ित लोगों से भी मिलने नहीं दिया गया था जिसके विरोध में भारतीय जनता पार्टी के लाखों कार्यकर्ता और साथ ही हिंदू संगठन वह हिंदुत्व के लिए कार्य करने वाले लाखों कार्यकर्ता भारी संख्या में कवर्धा के स्टेडियम में महासभा में शामिल होने जा रहे हैं वही तिल्दा शहर के भारतीय जनता पार्टी नेता अनिल अग्रवाल महामंत्री जिला रायपुर ग्रामीण, राम पंजवानी कोषाध्यक्ष जिला रायपुर ग्रामीण, ईश्वर यदु मंडल अध्यक्ष, भाग बली साहू ग्रामीण मंडल अध्यक्ष टेकराम यदु केयुरभुषण शर्मा महामंत्री तिल्दा विकास सुखवानी उपाध्यक्ष नगर पालिका परिषद तिल्दा नेवरा, सौरभ जैन महामंत्री शहर तिल्दा, युवा नेता दीपक तिवारी व सभी नेताओं ने एक स्वर में कहां की छत्तीसगढ़ के इस निकम्मी और हिंदू विरोधी सरकार जो कि एक तरफा कवर्धा घटना पर हिंदुओं पर ज्यादती किया गया और उनके ऊपर जबरदस्ती कार्यवाही कर उन्हें जेल भेजा गया जिसके लिए छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सहित उनके सभी नेताओं को छत्तीसगढ़ की जनता से माफी मांगना चाहिए जिस प्रकार से उन्होंने भगवा ध्वज का अपमान किया और अपमान करने वाले के ऊपर कड़ी कार्यवाही करने के बजाए उन लोगों को संरक्षण दिया जा रहा है जिसके विरोध में सैकड़ों हिंदू संगठन और समाज सेवी संगठन कवर्धा में एकत्रित हो रहे हैं वही 'कार्यक्रम के जिला प्रभारी पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ गुलाब टिकरिया एवं जिला महामंत्री अनिल अग्रवाल' ने बताया कि पूरे रायपुर जिला ग्रामीण से हजारों की संख्या में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता कवर्धा पहुंचेंगे और उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से राज्य में चल रहे कांग्रेश सरकार के द्वारा जो धर्म को बांटने की कोशिश किया जा रहा है एक तरफा सिर्फ हिंदुओं पर कार्यवाही करते हुए , जिसे बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा भगवा ध्वज के सम्मान व में हिंदुओं के सम्मान में भारतीय जनता पार्टी हमेशा से मैदान में रहा है और रहेगा वहीं उन्होंने लोगों से आवाहन किया कि चाहे वह किसी भी पार्टी से किसी भी संगठन से जुड़े हुए व्यक्ति हैं उन सब से आग्रह है कि 6 दिसंबर को एकता के साथ में कवर्धा पहुंचकर के इस महासभा को सफल बनाने मैं अपना योगदान दें वहीं उन्होंने लोगों से अपील की जिसके पास जो सुविधा उससे वह कवर्धा पहुंचे वैसे तिल्दा शहर से सैकड़ों बाइक व कई फोर व्हीलर रवाना होगा कवर्धा के लिए जिसमें भारतीय जनता पार्टी तिल्दा शहर के युवा मोर्चा , महिला मोर्चा , किसान मोर्चा, एवं कई रामायण मंडली, अनुसूचित मोर्चा, अनुसूचितजनजाति मोर्चा अल्पसंख्याक मोर्चा, के सभी पदाधिकारी व सैकड़ों कार्यकर्ता कवर्धा के स्टेडियम में हिंदू शौर्य दिवस महासभा में भाग लेंगे ।

# ट्रेनों के स्टापेज के लिए केंद्रीय रेल मंत्री से मिले सांसद चुन्नीलाल साहू

पायनियर संवाददाता ∢ बागबाहरा
www.dailypioneer.com



कोरोना काल के समय से बंद हुए ट्रेने धीरे धीरे चालू हो रहे है । लेकिन बागबाहरा ट्रेन रूट अछूता रह गया था । कोरोना काल के बाद पैसेंजर एवं कुछ ट्रेने ही इस रूट पर चल रहे थे जिसके चलते आम नागरिकों को यात्रा करने में काफी कठिनाईयो का सामना करना पड़ रहा था वही रोजगार के लिए रोज यात्रा करने वाले लगभग हजारो यात्रियों को अतिरिक्त व्यय करके रायपुर एवं बिलासपुर तक बसों एवं अन्य निजी वाहनों में सफर करना पड़ रहा था जिसके चलते यात्रियों को ज्यादा समय एवं अतिरिक्त व्यव का बोझ झेलना पड़ रहा था । क्षेत्र की जनता की इस पीड़ा को देखकर सांसद चुन्नीलाल साहू ने केंद्रीय रेल मंत्री से मुलाकात कर कोरबा - विशाखापट्नम एक्सप्रेस एवं अहमदाबाद - पूरी ट्रेन को बागबाहरा में स्टापेज कराने की मांग की जिसपर केंद्रीय रेल मंत्री ने सहमति दी है । सांसद चुन्नीलाल साहू द्वारा आम जनता के लिए इन दोनों ट्रेनों के बागबाहरा स्टापेज कराने की बात के लिए भोजनाथ देवांगन (सांसद प्रतिनिधि) सहित प्रमुख रूप से मदन देवांगन अलका चंद्राकर, प्रेम साहू( मंडल अध्यक्ष) धरम दीवान, सागर चंद्राकर, प्रीतम साहू, बाला चंद्राकर, रवि फरोदिया (अध्यक्ष ग्रामीण मंडल) मेघु चंद्राकर, तुलेश्वर चंद्राकर, हरि योगेश चिन्दा, रवि सेन, आशीष गणत्रा कमलेश दत्ता, जुगरु देवांगन, भीखम ठाकुर, अनिता अजित तांडी, जागेश्वर साहू, सुनील श्रीवास्तव किशोर चंद्राकर , मुकेश माणिक आशीष देवांगन , जुबेर सिद्दिकी, नीरू मानिकपुरी, विजय पाणिग्रही, महेंद्र गुप्ता, तुलसी यादव ने सांसद चुन्नीलाल साहू का आभार व्यक्त किया है।

# जेल में बंदी मृत, परिजनों ने लगाया प्रताड़ना का आरोप

पायनियर संवाददाता ∢ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

सुबह तड़के 5:00 बजे तबियत खराब की सूचना अंदर बैराग मैं बंद कैदी उमेश तिवारी पसीना पसीना सीने में दर्द घबराहट होने की सूचना बगल में सो रहे कैदी के द्वारा जेल में ड्यूटी कर रहे पहरी को दी गई तत्काल पहरी जाकर जेलर को सूचना दी तथा एंबुलेंस गाड़ी में बैठा कर कैदी को तत्काल जिला चिकित्सालय बाजार जाएगा जहां डॉक्टर द्वारा चेक करने के बाद मृत घोषित किया गया कैदी उमेश तिवारी पिता गायत्री प्रसाद तिवारी उम्र 35 वर्ष जाति ब्राह्मण निवासी संजय कॉलोनी बलौदाबाजार का निवासीथा मृतक पर 2 प्रकरण चल रहा था जिसके वजह से उसको जेल भेजा गया था धारा 502 /21603/21 धारा 2 94 509 354 भा, द, स आयुद्ध अधिनियम के तहत केस चल रहा है उमेश तिवारी केदो बच्चे पत्नी तथा माता पिता हैं गलत आदत के कारण कुछ दिनों से पत्नी उनसे नाराज होकर अलग रह रही थी

इस संबंध में जेल अधीक्षक बाजपेई ने बताया कि मृतक की तबीयत रात में खराब हुई थी उन्हें तत्काल जिला अस्पताल ले जाया गया पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कह पाऊंगा

# ग्राम में बड़े ही हर्षोल्लास से शनि देव की मूर्ति स्थापित की गई

पायनियर संवाददाता ∢ तिल्दा नेवरा
www.dailypioneer.com



ग्राम केसदा में शनिवार के पावन अवसर में शनि देव की प्राण प्रतिष्ठा किया गया जिसमें कलश यात्रा शोभा यात्रा निकालकर ग्राम भ्रमण कर बड़े भक्ति भाव से यह मूर्ति स्थापना का कार्यक्रम आयोजक समिति और समस्त ग्राम वासियों द्वारा बड़े ही विनम्र भाव से भगवान शनि देव 'जो सत्य और असत्य में भेद कर, सत्य के मान बनाए रखने वाले' न्याय पीठ के देवता शनिदेव की मूर्ति स्थापना से ग्राम वासियों में बड़ी आस्था और उमंग देखा गया । जिसे विधि-विधान पूर्वक पंडित महेंद्र पुरोहित जी के द्वारा पूजा पाठ कर शनि देव की मूर्ति स्थापित किया गया ।

प्रसाद के रूप में खीर पुडी खा गया था।जिसमें फूलूक राम साहू, भूपेंद्र साहू, शिव चरण वर्मा दुर्गेश निषाद, केसरी कश्यप, प्रेम देवांगन, चंदू ध्रुव ,गजानंद साहू राजेंद्र वर्मा, जामुन लाल साहू, विवेक कश्यप, पिंटू सगरवंशी आदि और ग्राम वासि भी भारी संख्या में उपस्थित थे।

## जिला स्तरीय समिति में संबलपुरी डांस के लिए आरडी तिवारी स्कूल में देंगे प्रस्तुति

# संभागीय स्तरीय संस्कृतिक प्रतियोगिता में स्वामी आत्मानंद स्कूल के 6 बालिकाएं प्रस्तुति देंगे

पायनियर संवाददाता ∢ सरायपाली
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ राज्य में प्रथम बार SAGES के विद्यार्थियों के लिए पं. आर.डी.तिवारी SAGES आमापारा रायपुर में 6 दिसंबर को संभाग स्तरीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता आयोजित है जिसमें महासमूंद जिले से स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट (अँग्रेजी माध्यम) विद्यालय सरायपाली के छः प्रतिभागी बालिकाएं सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देंगे ।
जिला शिक्षा अधिकारी महासमुंद हिमांशु भारतीय के आदेशानुसार, प्राचार्य पी.के.ग्वाल के निर्देशन में टीम रायपुर हेतु रवाना हुई है, SAGES सरायपाली के मिडिल स्कूल में अध्ययनरत छः प्रतिभागियों का चयन जिला स्तरीय चयन समिति द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर किया गया है जो जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे चयनित छात्राओं में कु. अनुष्का प्रधान सातवीं का चयन एकल नृत्य (मिडिल स्कूल स्तर) अंतर्गत हुआ है जो ओडिसी डांस (रसरकेली) प्रस्तुत करेंगी वहीं सामूहिक नृत्य (मिडिल स्कूल स्तर) संबलपुरी डांस में - कु. लता मंजुरी साहु, कु.अनुष्का प्रधान, कु. अनुष्का सिंह, कु.आशना महापात्र,कु. अर्चिता भोई, कु. सुमन पटेल अपने मार्गदर्शक टीचर- यशवंत कुमार चौधरी,हिमाद्री प्रधान, रश्मि राजा, गजानन प्रधान के साथ शामिल हो रहे हैं 7. सांस्कृतिक कार्यक्रम में चयनित विद्यार्थियों को टीचर्स,पालक एवं सहपाठी छात्र छात्राओं, परिवारजनों आदि ने हार्दिक बधाई - शुभकामनाएं दी है.।

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण विभाग**
**(भवन/सड़क) उत्तर बस्तर संभाग क्रमांक 1 जगदलपुर**
**अल्प निविदा आमंत्रण सूचना**

**प्रथम आमंत्रण**

निविदा विज्ञप्ति क्रमांक/7461/25/वलेलि/2021-22 जगदलपुर — दिनांक 02/12/2021

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | निविदा क्र | ठेके की अनुमानित लागत (लाख में) | कार्य का नाम |
|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. |
| 1. | T0139 | 13.27 | केन्द्रीय जेल जगदलपुर में 2 यूनिट (10+10 नग बंदी) शौचालय का निर्माण कार्य |
| 2. | T0140 | 15.00 | तहसील कार्यालय परिसर जगदलपुर प्रथम तल पर मांझी डेरा भवन का निर्माण कार्य |

नोट :-
निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 15.12.2021
उपरोक्त निविदा की जानकारी विभागीय वेब पोर्टल www.cg.nic.in/pwdraipur में भी अवलोकन किया जा सकता है।
ऑनलाईन से डाउनलोड किया गया निविदा फार्म को प्रेषित करने पर मान्य नहीं किया जावेगा, इस कार्यालय में उपस्थित होकर निविदा फार्म हेतु आवेदन प्रस्तुत करने पर ही निविदा फार्म प्रदाय किया जावेगा।
अन्य विवरण एवं शर्तें कार्यालयीन दिवस में लोक निर्माण विभाग उत्तर बस्तर संभाग क्रं. 1 जगदलपुर के कार्यालय में देखी जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
लो.नि.वि. (भ/स) उ.ब.संभाग क्र.1
जगदलपुर

G- 65649/3

# पंडो परिवार के 53 बच्चों को पहली बार मिला जाति प्रमाण-पत्र

## विधायक गुलाब कमरों ने नागपुर शिविर में पंडो बच्चों सहित अन्य छात्र छात्राओं को 795 जाति प्रमाण पत्र का किया वितरण

- **32 हितग्राहियों को वितरित किया किसान ऋण पुस्तिका एवं 7 किसानों को सरसों बीज किट**






पायनियर संवाददाता मनेंद्रगढ़
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ में पहली बार भरतपुर सोनहत विधानसभा क्षेत्र में पंडो परिवार के बच्चों को जाति प्रमाण पत्र भरतपुर सोनहत विधायक गुलाब कमरों के हाथों शनिवार को नागपुर में आयोजित शिविर में वितरित किया गया.पंडो परिवार के 53 बच्चों को पहली बार जाति प्रमाण पत्र बनने से उनके परिजनों में खुशी की ठिकाना ना रहा .अब पंडो परिवार के बच्चे सरकारी नौकरियों में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सकेंगे .अभी तक जाति प्रमाण पत्र ना होने के कारण उन्हें सरकारी नौकरी पाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था लेकिन सरगुजा विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त भरतपुर सोनहत विधायक गुलाब कमरों के अथक प्रयास से पंडो परिवार के बच्चों को जाति प्रमाण पत्र मिल सका है. पंडो परिवार के सभी बच्चे नवाडीह के हैं. विधायक गुलाब कमरों के निर्देश पर शनिवार को नागपुर में छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी के द्वारा उपभोक्ता सेवा एवं जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया था जहां पर विधायक गुलाब कमरों पहुंचकर लोगों की समस्याएं सुनी और मौके पर ही समस्याओं का निराकरण किया। इस दौरान विधायक गुलाब कमरों ने कहा कि छत्तीसगढ़ की किसानों की सरकार है जो किसानों के उत्थान के लिए काम कर रही है. उन्होंने कहा कि जाति प्रमाण पत्र बनवाने के लिए छात्र-छात्राओं को तहसीलदार, पटवारी, आरआई, सरपंच, सचिव के चक्कर लगाने पड़ते थे इसके बावजूद भी उन्हें जाति प्रमाण पत्र नसीब नहीं हो पा रहा था . इस समस्या को लेकर उनके द्वारा प्रदेश के मुखिया भूपेश बघेल के समक्ष रखा गया जिसका परिणाम है कि आज पूरे प्रदेश में प्रदेश के मुखिया भूपेश बघेल ने नियम को शिथिल करते हुए गांव गांव में जाति प्रमाण पत्र बनवा कर दिया जा रहा है . इसमें किसी तरह की कोई परेशानी जाति प्रमाण पत्र को लेकर बच्चों को नहीं हो रही है अब उन्हें स्थानीय स्तर पर ही स्कूलों व शिविरों के माध्यम से जाति प्रमाण पत्र मिल जा रहा है.विधायक कमरों ने कहा कि उनके द्वारा उठाई गई है समस्या भरतपुर सोनहत विधानसभा क्षेत्र में ही नहीं बल्कि पूरे प्रदेश के छात्र-छात्राओं को लाभ मिल रहा है उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की भूपेश बघेल सरकार किसानों की आय बढ़ाने और उन्हें सुविधा प्रदान करने की दिशा में काम कर रही है . पूर्व की सरकार जहां टार्च, छाता, रेडियो, मोबाइल बांटकर विकास की बात कहती थी लेकिन इससे विकास नहीं होता है धरातल पर काम करने से विकास होता है ! छत्तीसगढ़ की कांग्रेस की सरकार 3 साल में ही विकास के नए-नए आयाम स्थापित कर रही है जो काम पिछले 15 वर्षों में नहीं हुए वह काम महज 3 साल में ही हो जा रहे हैं . उन्होंने कहा कि 15 सालों में पूर्व की भाजपा सरकार भरतपुर सोनहत विधानसभा क्षेत्र में एक भी नया धान खरीदी केंद्र नहीं खोल सकी थी वही कांग्रेस की सरकार सोसाइटी व नए धान खरीदी केंद्र खोलकर किसानों को राहत प्रदान कर रही है .किसानों की हाय कैसे बड़े इस दिशा में छत्तीसगढ़ की भूपेश सरकार काम कर रही है छत्तीसगढ़ की सरकार किसानों की सरकार है .

### पंडो परिवार सहित 795 छात्र छात्राओं को किया गया जाति प्रमाण पत्र वितरण

सरगुजा विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त भरतपुर सोनहत विधायक गुलाब कमरों ने शनिवार को ग्राम पंचायत नागपुर में आयोजित शिविर में विशेष पिछड़ी जनजाति पंडो परिवार के 53 बच्चों को पहली बार जाति प्रमाण पत्र वितरण करने के साथ ही 795 अन्य छात्र छात्राओं को जाति प्रमाण पत्र का वितरण किया! इस अवसर पर उन्होंने कहा कि उनके प्रयास के कारण छत्तीसगढ़ की भूपेश सरकार नियमों में शिथिलीकरण करते हुए बच्चों को जाति प्रमाण पत्र स्थानीय स्तर पर ही बना कर देने का निर्देश दिया जिसके कारण आज बच्चों को तहसीलदार पटवारी वह सरपंच सचिवों के कार्यालय का चक्कर नहीं लगाने पड़ रहे हैं उन्हें स्थानीय स्तर पर ही जाति प्रमाण पत्र मिल जा रहा है उनका प्रयास रंग लाया उनके द्वारा ही प्रदेश के मुखिया के पास बात रखी गई थी और जिसका नतीजा है कि आज पूरे छत्तीसगढ़ के बच्चों को यह सुविधा मिल रही है!



# प्राथमिक आश्रम शाला मसानिया खुर्द के बच्चों ने गड़बो नवा भविष्य के अंतर्गत किया क्षेत्रीय भ्रमण

पायनियर संवाददाता सक्ती
www.dailypioneer.com

- **स्कूली बच्चों को भ्रमण के द्वारा के दौरान दी गई विभिन्न जानकारियां**

छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत गड़बो नवा भविष्य के अंतर्गत शैक्षणिक जिले शक्ति के शक्ति विकासखंड के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक आश्रम शाला एवं शासकीय प्राथमिक शाला मसानिया खुर्द के तत्वाधान में विद्यालय के बच्चों को विभिन्न प्रकार की व्यवसाई जानकारी देने हेतु क्षेत्रीय भ्रमण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जिसमें बस्ता विहीन विद्यालय के रूप में आसपास के क्षेत्रों की अनेकों जानकारियां उपलब्ध करवाने के साथ ही उपरोक्त कार्यक्रम प्रत्येक शनिवार को नियमित रूप से किया जा रहा है,एवं उपरोक्त कार्यक्रम की जानकारी देते हुए शासकीय प्राथमिक आश्रम शाला एवं शासकीय प्राथमिक शाला मसानिया खुर्द के शैल पांडेय, विजय जगत, श्रीमती मीरा देवांगन एवं श्रीमती चंद्रिका सिद्धार्थ ने बताया कि स्कूली बच्चों के इस भ्रमण कार्यक्रम के माध्यम से उन्हें 4 दिसंबर को विकासखंड के मसानिया खुर्द से लगे पहाड़ी क्षेत्रों तथा पहाड़ों की गोद में बसे मसानिया खुर्द के गोठान का भ्रमण करवाया गया एवं बच्चों की जिज्ञासा के अनुरूप उन्हें विद्यालयिन शिक्षकों द्वारा विभिन्न प्रकार की जानकारियां दी गई तथा इस दौरान बच्चों में भी काफी उत्सुकता देखने को मिली एवं बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ ऐसे भ्रमण कार्यक्रम से उनके भी जहां सामान्य ज्ञान का विकास हो रहा है तो वही बच्चे भी ऐसे कार्यक्रमों में सक्रियता के साथ शामिल हो रहे हैं, मीरा देवांगन ने बताया कि शासकीय प्राथमिक आश्रम शाला एवं शासकीय प्राथमिक शाला मथानिया खुर्द द्वारा विद्यालय के बच्चों को स्कूल शिक्षा विभाग की योजना के अंतर्गत समय-समय पर अन्य कार्यक्रमों के माध्यम से भी उन्हें जानकारियां दी जाती है, तथा बच्चों को एक शिक्षा का बेहतर वातावरण मिल सके इस दिशा में विद्यालय परिवार के सभी शिक्षक/ शिक्षिकाएं अपना योगदान दे रहे हैं,उल्लेखित हो की शक्ति विकासखंड के विभिन्न स्कूलों में नियमित रूप से बच्चों को भ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत अलग-अलग क्षेत्रों का भ्रमण करवाया जा रहा है, तथा बच्चों में ऐसे कार्यक्रमों के प्रति काफी उत्साह देखने को मिल रहा है।

# अस्थायी वारंटी शिव शंकर को पुलिस ने किया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता मनेंद्रगढ़
www.dailypioneer.com



वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त के निर्देशन में गठित वारण्ट टास्क टीम 2 तथा रेल्वे पोस्ट प्रभारी आर पी एफ मनेन्द्रगढ़ निरीक्षक सुनीता मिंज उप निरी- ए एल गौतम प्रधान आरक्षक--ब्रम्हदेव पाण्डेय ,प्र आ-पी के मिश्रा आरक्षक--आर एस मरकाम के द्वारा एक अस्थायी वारंटी शिव शंकर ताम्रकार पिता गंगा विष्णु उम्र-31 वर्ष पता--नया कुरासिया, गोदरी पारा थाना-चिरमिरी ( छ ग) को गिरफ्तार किया गया. आरोपी को अप क्रमांक 07/2014 यू/ यस 3( ऐ8आर पी6 यू पी) एक्ट के तहत गिरफ्तार किया गया .आरोपी को 05/12/21 को रेल्वे न्यायालय विलासपुर के समक्ष पेश किया गया.

# शौर्य दिवस मनाये जाने के संबंध में दिशा निर्देश के साथ लिया गया बैठक



पायनियर संवाददाता खरोरा
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी प्रदेश संगठन और जिला नेतृत्व के निर्देशानुसार खरोरा मंडल के प्रत्येक बुथ में बुथ सत्यापन व समीक्षा बैठक के रूप रेखा के अंतर्गत खरोरा नगर में प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य डॉ गुलाब टिकरिहा, मंडल अध्यक्ष नरेंद्र ठाकुर, नगर अध्यक्ष अनिल सोनी, महामंत्री दुलेश साहू, तोरन ठाकुर, पुरनेंद पाध्याय,ने बुथ क्रमांक 81 और 77 नम्बर बूथों में बुथ कार्यकर्ताओं का सत्यापन के साथ समीक्षा बैठक लेकर कार्यकर्ताओं को आगामी समय के लिए अपने अपने बुथो को मजबूत करने के साथ, 6 दिसंबर तारीख को संगठन के निर्देशानुसार कवर्धा में शौर्य दिवस मनाया जाना है जिसके संबंध में दिशा निर्देश के साथ बैठक लिया गया जिसमे खरोरा मंडल से ज्यादा से ज्यादा संख्या में कवर्धा चलो आहवान किया गया।कार्यक्रम में मुख्य रूप से .परस नायक,दीपक धनकर,संजीव देवांगन,कांति भूपेन्द्र सेंन, तोरण यादव ,पंचराम यादव, मनन देवांगन,कुंभ बाई यादव, रमेसर ध्रुव, धन्नू निर्मलकर, साधु सूर्यवंशी, संजय भट, गणेश कलामत, नंद यादव , रमेश साहू जीवन यादव, मनीष यदु, नेतराम सगरवंशी, पुष्पा प्रजापति अनजानी सगरवंशी संदीप अग्रवाल सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम में किया गया वृक्षारोपण

पायनियर संवाददाता बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम में जिला प्रशासन बलौदा-बाजार के तत्वधान में ग्राम-कुकुर्दी के वन विभाग डिपो में अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत दिनॉक 04.12.2021 को वृक्षारोपण का कार्य किया गया . अमृत महोत्सव कार्यक्रम में शासकीय डी.के. महाविद्यालय बलौदाबाजार के राष्ट्रीय सेवा योजना के विद्यार्थीयों द्वारा वृक्षारोपण कार्य किया गया ।

जिला पंचायत कलेक्टर सुनील कुमार जैन एवं जिला पंचायत सी.ई.ओ. डॉ. फरिहा आलम सिद्धी के नेतृत्व में आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में 200 नग से अधिक विभिन्न प्रकार के पौधों को लगाया गया. महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ए.के. उपाध्याय ने बच्चों द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम की सराहना कि एवं आजादी अमृत महोत्सव पर सभी को अपने घर में भी एक पौधा लगाने के लिए प्रेरित किये इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी नरेन्द्र देव मिर्झा एवं भूगोल प्रोफेसर ललित ठाकुर सहित छात्रा-छात्रों तोहंसरानी, श्रुति साहू, पूर्णिमा डाहरिया, कविता वर्मा ,परमान्द रजक, संध्या वर्मा, योगेश्वरी वर्मा, प्रियंका यदू, मनीषा ध्रुव, खुशबू अग्रवाल, वर्षा कन्नोजे, ज्योति साहू, वैभवी वर्मा , ऑफिसकर्मचारी पंकज कुमार साहू आदि ने भाग लिया ।

# जांजगीर-चांपा जिले के ऑडिटोरियम का लोकार्पण कब करेंगे मुख्यमंत्री : प्रशांत सिंह

पायनियर संवाददाता सक्ती
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल वर्चुअल माध्यम से जिले में विभिन्न कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण करेंगे,पर इस सूची में जिला मुख्यालय का बहुप्रतीक्षित ऑडिटोरियम का लोकार्पण शामिल नहीं है,छत्तीसगढ़ में भूपेश सरकार के ढाई वर्ष पूरे हो चुके हैं. अपने आधे कार्यकाल में कांग्रेस सरकार 2018 से चालू उक्त निर्माण को आज तक पुरा नहीं करा सकी है।

उक्तआशय की बातें जांजगीर के सामाजिक कार्यकर्ता प्रशांत सिंह ठाकुर ने कही है, ठाकुर ने बताया कि जिला मुख्यालय में होने वाले विभिन्न सामाजिक -सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए बड़े हाल-सभागार का अभाव है। इस विषय पर वर्ष 2018 में तात्कालीन कलेक्टर ओ.पी चौधरी के प्रयास से 500 सीटर ऑडिटोरियम के निर्माण हेतु डीएमएफसे राशि स्वीकृत हुई। 563 लाख की लागत से बनने वाले इस ऑडिटोरियम का भूमिपूजन तब के मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के हाथों हुआ। 22 जून 2018 से इसका निर्माण कार्य प्रारम्भ हुआ । उसी वर्ष प्रदेश में सत्ता परिवर्तन हो गया और ऑडिटोरियम के निर्माण में ग्रहण लग गया,निर्माण सम्बन्धी काम घसीट-घसीट कर चलने लगा। परिणामतः 12 माह में बन जाने वाला ऑडिटोरियम आज 3 वर्ष में भी पूरा नहीं हो सका है,भाजपा नेता प्रशांत सिंह ठाकुर ने इस लेट लतीफी के लिए प्रदेश सरकार को जिम्मेदार ठहराया है,उन्होंने कहा कि भूपेश सरकार में विकास सम्बन्धी इच्छा शक्ति के अभाव और प्रशासनिक अकर्मण्यता के कारण जांजगीर-चाम्पा जिला पिछड़ता जा रहा है।विकासमूलक सभी काम अधूरे पड़े हैं।बहुप्रतीक्षित ऑडिटोरियम के निर्माण में की जा रही देरी और शासन-प्रशासन की निष्क्रियता से लोगों में निराशा और रोष व्याप्त है,उन्होंने ऑडिटोरियम निर्माण को पूरा कर शीघ्र लोकार्पण की मांग की है।

# नगर पालिका अध्यक्ष ने किया महिला स्व सहायता समूह को चेक का वितरण

पायनियर संवाददाता बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



नगर पालिका क्षेत्रांतर्गत शासन के महत्वपूर्ण योजना दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजिविका मिषन के अंतर्गत महिला समूह द्वारा आपसी लेन-देन व आय-व्यय का स्पष्ट लेखा संधारित कर शासन निर्देषानुसार नियमों का पालन करने पर 02 महिला स्व सहायता समूह का चयन कर चेक के माध्यम से जलधरा महिला स्व सहायता समूह को राषि 01.00 लाख रू. व गुरू घासीदास महिला स्व सहायता समूह को राषि 02.40 लाख रू. का वितरण किया गया। नगर पालिका सभाकक्ष में नगर पालिका अध्यक्ष चित्तावर जायसवाल एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी व योजना की परियोजना अधिकारी राजेष्वरी पटेल के द्वारा उक्त चेक जलधरा महिला स्व सहायता समूह की अध्यक्ष ईष्वरी पैकरा व सचिव समुंद बाई तथा गुरू घासीदास महिला स्व सहायता समूह की अध्यक्ष मंजू मनहरे एवं सचिव सपना साय सहित उपस्थित महिला समूह की सदस्यों की उपस्थिति में चेक प्रदाय किया गया।

एच.डी.एफसी. बैंक के मैनेजर श्रीराम सोनी एवं फिल्ड ऑफिसर योगेष वर्मा के द्वारा उक्त समूह के दस्तावेजों का परीक्षण किया गया था, जिसमें 02 महिला स्व सहायता समूह का चयन किया गया। उक्त समूह की बैठक व कार्यो का संचालन व राषि प्रदाय में योजना की सी.ओ. सु.श्री. प्रीति ठाकुर के द्वारा महिला समूह को लोन दिलाने में प्रयास किया गया था। इस अवसर पर समूह को अन्य उपयोगी सामग्री बनाये जाने प्रेरित किया गया। चेक वितरण के दौरान पार्षद पंकज मरईया (गोल्डी), कृष्णकांत कुर्रे, सी.ओ. दीपिका बंजारे, रजनीष मिश्रा, संजय कुमार साहू, गुरूदत्त तिवारी सहित महिला समूह की पदाधिकारी एवं सदस्यगण उपस्थित थे।

# एक यूनिट रक्तदान से तीन लोगों को बचाई जा सकती है जान : जितेंद्र



पायनियर संवाददाता सक्ती
www.dailypioneer.com

विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर थैलीसिमिया एवं सिकलिंग मरीजो को समय पर रक्त उपलब्ध कराने एवं रक्तदान के लोगो मे व्याप्त भ्रांतियों को दूर करने के उद्देश्य से रक्तदान शिविर का आयोजन धरम ब्लड बैंक चाम्पा के सहयोग से लाइवलीहुड कॉलेज जांजगीर किया गया। शिविर में पहुचे जिले के कलेक्टर जितेंद्र शुक्ला ने रक्तदाताओ को सन्देश देते हुए कहा कि मनुष्य जीवन की सबसे बड़ी सार्थकता परोपकारी होना है रक्तदान हमे दूसरो के जीवन की परवाह सिखाता है। हमारे लिए यह सबसे बड़ी उपलब्धि होगी कि हमारा रक्त किसी और के काम आये रक्त दान जीवन दान है, एक यूनिट रक्तदान से तीन लोगों की जीवन को बचाई जा सकती है। दिव्यांगों के रक्तदान के प्रति समर्पण की भावना को देखकर प्रसन्नता व्यक्त की। इस शिविर में राधा कृष्ण गोपाल, अरविंद कुमार, विशाल, रवि कुमार, संतोष कुमार, मृत्युंजय साहू, विजय कटकवार, सुरेंद्र कुमार, पुष्पेंद्र कुमार, राम रतन, घनश्याम, आशीष कुमार, सूरज, नीलेश सहित 100 दिव्यांगों ने अपना ब्लड ग्रुप एवं हीमोग्लोबिन चेक करवाया।

**राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं राष्ट्रीय महिला आयोग का संयुक्त आयोजन**

# विधिक जागरूकता शिविर में महिलाओं को उनके अधिकारों से कराया गया अवगत

पायनियर संवाददाता बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बलौदाबाजार एवं जिला न्यायाधीश रजनीश कुमार श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं राष्ट्रीय विधिक आयोग के संयुक्त तत्वाधान में जिला न्यायालय बलौदा बाजार परिसर में महिला के अधिकारों के संबंध में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया. जागरूकता कार्यक्रम में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती कीर्ति लकड़ा, व्यवहार न्यायाधीश वर्ग 2 मृणालिनी कातुलकर, अतिरिक्त व्यवहार न्यायाधीश वर्ग 2 डिम्पल भेडिया, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव सुश्री मयूरा गुप्ता, वरिष्ठ अधिवक्ता सुश्री दीपा सोनी, सुश्री शबा खान ने उपस्थित महिलाओं को उनके विधिक अधिकार एवं महिलाओं से संबंधित अन्य कानूनों की जानकारी दिया.

सुश्री दीपा सोनी ने संविधान और महिलाएँ, घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम, महिलाओं के विरूद्ध विभिन्न अपराध, दहेज मृत्यु, आत्महत्या का दुष्प्रेरण, पति या पति के नातेदारों द्वारा क्रूरता, महिला की लज्जा भंग करने, निर्वस्त्र करने के आशय से उस पर हमला, लैंगिक उत्पीड़न, पीछा करना, दहेज प्रतिषेध अधिनियम, लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, महिलाओं का कार्य स्थल पर लैंगिक उत्पीड़न के अलावा महिलाओं के स्वास्थ्य अधिकार, गिरफ्तार एवं बंदी महिलाओं के अधिकार समेत बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों का भरण पोषण, रख-रखाव तथा कल्याण अधिनियम के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दिया.

सुश्री शबा खान ने महिलाओं के विभिन्न कानूनी आधार, दण्ड प्रक्रिया संहिता, घरेलू हिंसा से महिलाओंकी सुरक्षा संबंधी अधिकार पर उद्बोधन दिया. वहीं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव सुश्री मयूरा गुप्ता ने विधिक सेवा प्राधिकरण के उद्देश्यों से अवगत कराते हुए बताया कि प्राधिकरण का मुख्य उद्देश्य न्याय तक प्रत्येक व्यक्ति की सुलभ पहुंच है. जो यह सुनिश्चित करती है कि कोई भी व्यक्ति आर्थिक या अन्य अक्षमताओं के कारण न्याय से वंचित न हो. इस उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए विधिक सेवा संस्थान जनता तक पहुंच रही है और सभी के लिये समान अवसर सुनिश्चित करते हुए समाज के निर्बल वर्गों को आवश्यक विधिक सेवाएँ उपलब्ध करा रही है. इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, महाविद्यालय व विद्यालय की प्राध्यापक, शिक्षिकाएँ, महिला पुलिस कर्मी, विधि की छात्राएँ आदि उपस्थित थी.

## टीबी का समाधान करने में समुदाय की भूमिका

**इलाज** योग्य होने के बावजूद, तपेदिक या टीबी दुनिया भर में लाखों लोगों को प्रभावित कर रहा है और उनकी मौत का कारण बना हुआ है। विश्व स्तर पर टीबी के बोझ से जितने लोग प्रभावित है उनमें से एक चौथाई से अधिक लोग भारत में है और यहां टीबी से संबंधित मृत्यु दर दुनिया में सर्वाधिक है। हमने 2025 तक टीबी उन्मूलन का लक्ष्य निर्धारित किया है और टीबी के इलाज के लिए शीघ्र हस्तक्षेप और पालन करना महत्वपूर्ण है। पिछले कुछ वर्षों में, बीमारी व संबंधित चुनौतियों, बीमारी से जुड़ी शर्मिंदगी, कवरेज की असमानता, पहुंच या जागरूकता की कमी, और निजी देखभाल की उच्च लागत जैसे मुद्दों को संबोधित करने में काफी प्रगति हुई है। लोग डर के कारण ज्यादातर बार अपनी स्थिति की घोषणा नहीं करते हैं या इलाज की तलाश नहीं करते हैं, और इस प्रकार, इन मामलों की संख्या बढ़ जाती है। इस बीमारी से निपटने की चुनौती कोविड-19 महामारी और उसके बाद के लॉकडाउन के साथ और बढ़ गई है। 2020 में, कुल 1812526 मामलों की पहचान की गई, जबकि 2019 में कुल 2400540 मामलों की जांच की गई, जो कि 27 प्रतिशत की कमी है। अब, पहले से कहीं अधिक, तपेदिक की बढ़ती चुनौती को संबोधित करने में सामुदायिक भागीदारी की भूमिका अपरिहार्य हो गई है क्योंकि किसी भी सार्वजनिक स्वास्थ्य हस्तक्षेप की सफलता बहुत हद तक लोगों की भागीदारी पर निर्भर करती है। स्थानीय समुदायों और उनकी संरचनाओं को शामिल करने से हम उन समूहों तक पहुंच पाएंगे जो पहले पहुंच योग्य नहीं थे क्योंकि उनके पास लोगों के साथ काम करने का अनुभव है, उनकी पृष्ठभूमि समान है, और उन्हें जमीनी हकीकत की व्यापक समझ है। समुदाय को शामिल करने का मतलब उन स्थानीय संरचनाओं के साथ काम करना है जिनसे लोग परिचित हैं, जैसे युवा समूह, पंचायती राज संस्थान, स्वयं सहायता समूह और टीबी चैंपियन, अन्य। उनके साथ काम करने से जानकारी की विश्वसनीयता, मनोवैज्ञानिक सहायता का प्रावधान और बीमारी से संबंधित मिथकों व गलत सूचनाओं को दूर करने में मदद मिलती है। सरकार या नागरिक समाज संगठन को उचित सूचना प्रसार सुनिश्चित करने, स्वास्थ्य सेवा योजनाओं से जुड़ाव विकसित करने और सहायक निगरानी प्रणाली स्थापित करके सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए क्षमता निर्माण का संचालन करना चाहिए। कर्नाटक हेल्थ प्रमोशन ट्रस्ट (केएचपीटी) तपेदिक के बारे में जागरूकता सुनिश्चित करने और मरीज केंद्रित नवाचारों को डिजाइन करने के लिए अपनी क्षमता का निर्माण करने हेतु सामुदायिक संरचनाओं के साथ लगातार काम कर रहा है। समुदाय की सक्रिय भागीदारी लोगों के घरों तक सेवाएं पहुंचाने में मदद करेगी, देखभाल की लागत को कम करेगी, और ऐसे मामलों की पहचान करने में मदद करेगी जो आमतौर पर छूट जाते हैं और जिनके फिर अधिक तेजी से निदान हो जाते हैं, इस प्रकार बेहतर गुणवत्ता देखभाल विकसित होती है। यह उपचार के पालन, स्वास्थ्य अपेक्षित व्यवहार में सुधार की ओर भी जाता है और बीमारी से प्रभावित लोगों को ऐसी देखभाल के बारे में निर्णय लेने की अनुमति देता है जो उन्हें सबसे अच्छी लगती है। यह आत्मनिर्भरता का सबसे अच्छा मॉडल माना जाता है। सामुदायिक मॉडल का उपयोग एक एकीकृत दृष्टिकोण की अनुमति देता है और गहन जुड़ाव सुनिश्चित करने के लिए एक बड़े समूह को नवीन समाधान प्रदान करता है। कई कहानियां उस शक्ति का वसीयतनामा हैं जो सामुदायिक संरचनाएं टीबी जैसे सार्वजनिक स्वास्थ्य संकटों का समाधान करने में उन लोगों को सहायता प्रदान करती हैं जिन्हें इसकी सबसे अधिक आवश्यकता है।

# हिंदी टीवी पत्रकारिता का ज़िंदा करंट

## स्मृति-नाद- पद्मश्री अवार्डी वरिष्ठ टीवी पत्रकार और प्रस्तोता विनोद दुआ की याद में

नवीन जैन
स्वतंत्र वरिष्ठ पत्रकार

**मा**त्र एक शब्द निकम्मा कहने के कारण ही यदि पद्मश्री अवार्डी वरिष्ठ टीवी पत्रकार, और प्रस्तोता पर अंग्रेजों के ज़माने के काले कानून के तहत राजद्रोह का मुकदमा लग सकता है, तो तबीयत सनाके में आ जाती है। और वह यह सोचकर कि कोई नागरिक, तो एक पद्मश्री अवार्डी वरिष्ठ टीवी पत्रकार, एवं प्रस्तोता को देश की आला अदालत में इंसाफके लिए गुहार लगानी पड़ेगी।हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने इस तरह के तमाम मामलों में सम्बोधितों को राहत दे दी थी, लेकिन निकम्मेपन का सीधा सा अर्थ होता है काम न करना, आलसी, या अकर्मण्य । इसे इंग्लिश में इनएक्टिव भी कहा जाता है।बहरहाल, जिसे विनोदजी के समर्थन में आना था, वह आया, और अंततः सुप्रीम कोर्ट ने मामला में विनोद दुआ को राहत दी।याद रखें कि विनोदजी ने खुद कहा था कि वे निकम्मेपन जैसे सख्त शब्द का प्रयोग कर रहे हैं, और प्रधान सेवक का नाम ले रहे हैं, लेकिन साथ हम सब शब्द भी उन्होंने जोड़ा था।

सुप्रीम कोर्ट के स्पष्ट निर्देश हैं कि यदि किसी सम्प्रदाय विशेष की धार्मिक आस्थाओं को चोट पहुँचाने वाले, या सांप्रदायिक एकता, और शान्ति भंग करने वाली टिप्पणी की गई, तो वह सहनीय नहीं होगी, लेकिन महज इसलिए कि किसी ने सरकार की आलोचना कर दी तो वह दंड का भागीदार नही हो सकता । यही, तो अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता है, लेकिन इसी अभिव्यक्ति के करीब सत्तर साल से धड़कन रहे वरिष्ठतम पत्रकार, हिंदी पुरूष और उदभट विद्वान डॉक्टर वेद प्रताप वैदिक को भी इसी ज़द में ले लिया गया। डॉक्टर वैदिक का दोष सिर्फ इतना था कि उन्होंने पाकिस्तान जाकर एक बड़े आतंकवादी सरगना को इंटरव्यू करके अपनी वॉल पर डाल दिया था। इस पर देश के तमाम भाजपा और पीएम नरेन्द्र मोदी मुरीदों में हाय कल्ला मच गया। उन्हें भी कोर्ट ने ही राहत दी। बताया जाता है कि ऐसे कई अन्य पत्रकार लेखक, बुद्धिजीवीयों,विरोधी नेताओं को भी यह जिल्लत झेलनी पड़ी। क्या ऐसे ही मौके के लिए एक वरिष्ठतम पत्रकार ने कुछ सालों पहले कहा था कि मैं वह दिन नही देखना चाहता जब भारत में भी कोई हिटलर पैदा हो जाए। अजीब सा संयोग है कि विनोद दुआ कोविड 19 के दौरान फैली अव्यवस्था को लेकर ही सरकार के खिलाफ खड़े हुए थे और इसी महामारी ने उन्हें और उनकी पत्नी डॉक्टर पद्मावती को गम्भीर रूप से पीड़ित कर दिया था । डॉक्टर पद्मावती को तो बचाया नही जा सका था लेकिन उनके पिछले जून में हुए निधन के बाद विनोद जी घर आ गए थे लेकिन उनमें वो बात नहीं रह गई थी जिसके लिए वे जाने जाते थे । दुआ साहब के नाम से मशहूर विनोदजी ने अस्सी, और नब्बे के दशक में टीवी प्रस्तोता, विश्लेषक, और पत्रकारिता की शुरुआत की थी। टीवी पत्रकार के रूप में उनका नाम अपने साथी प्रणव रॉय के साथ इसलिए पहली बार देश के घर घर में चर्चित हो गया था क्योंकि उन दिनों मतदान के बाद वोट गड्डियां बनाकर हाथ से गिने जाते थे।होता यह था कि परिणाम आने में दो दिन से कम समय नहीं लगता था । भारत में चुनाव, और क्रिकेट के नतीजों को जानने के लिए लोग अपना खाना -पीना तक छोड़ देते हैं । इनमें से कई की धड़कनें लगातार ऊपर नीचे होती थीं। इस नब्ज़ को काबू में रखने के लिए विनोद दुआ, और प्रणव रॉय वेंटीलेटर का काम करते थे। यह काम फ्टा फ्ट होता था।यह एनेलिसिस कितना सही, और कितना ग़लत



जन्म- 11 मार्च 1954, निधन- दिसंबर 04,2021

बैठता था यह अलग बात होती थी, लेकिन इसके नतीजे एक्जिट पोल की तरह हवा हवाई भी नहीं होते थे। काफ़ी कुछ दम या असलियत के नज़दीक ही हुआ करता था यह विश्लेषण।बस यहीं से विनोदजी की जगमगाती सँघर्ष यात्रा का अटूट सफ़रनामा लिखा जाने लगा।यह बात सही है सोलह आना कि विनोदजी के पास ज़बान रूपी मिसाइल थी या वे पत्रकारिता के जलते अंगारे को खुले हाथ से उठाने के तलबगार थे । उन पर अपने काम का जुनून इस क़दर सवार था कि वे पत्रकारिता में ज़िंदा करंट माने जाते रहे, लेकिन उनके साथ वर्षों तक काम कर चुके वरिष्ठ पत्रकार मुकेश कुमार शायद भावुकता या जल्दबाज़ी में बीबीसी पर लिख गए कि मंत्रियों, और राजनेताओं से चुभते हुए नुकीले बेलौस, बेखौफसवाल पूछने वाला पहला टीवी पत्रकार विनोद दुआ भारतीय दर्शकों को पहली बार देखने सुनने को मिला, तो ऐसा नहीं था।

विनोदजी को अपने सरोकारों में महारथ हासिल थी वाकई, लेकिन स्व. एस . पी . सिंह, स्व . आलोक तोमर आज़ादी के बाद की इस मिशनरी पहले प्रिंट, और बाद में इलेक्ट्रॉनिक मीडिया की प्रस्तावना लिखनी शुरू कर दी थी। इनके अलावा तीन और इसी सफके नाम थे । एक इंग्लिश जर्नलिज्म के दिग्गज, फिल्मकार, राज्यसभा के सांसद रहे प्रीतिश नन्दी, फ़िल्म स्क्रिप्ट राइटर, और गीतकार जावेद अख्तर।इसके अलावा बहुप्रतिभाशाली स्व . कमलेश्वर। प्रीतीश नन्दी का प्रीतीशज़ शो तो लालू प्रसाद, और स्व. जॉर्ज फर्नांडिस के गुब्बारे पिचका दिया करता था।कमलेश्वर भी बड़े चर्चित टॉक शो परिक्रमा बनाते रहे । विषय राजनीतिक से लेकर सामाजिक, आर्थिक, शिक्षा होते थे।हाँ, विनोद जी यहाँ तक पूछ जाते थे कि मैं आपको आपके काम के आधार पर दस में से तीन अंक देता हूँ। आप क्या कहते हैं मंत्रीजी ? हक्के बक्के मंत्री उन्हें दूरदर्शन से हटवाने की नाकाम कोशिश करके रह जाते। उनके जी टीवी, सहारा टीवी एन डी टीवी पर बनाए गए ज़ायका इंडिया, प्रतिदिन , जनगणमन, परख, कौन बनेगा मुख्यमंत्री से तो लोग परिचित हैं ही। मगर ऐसी जमात पुरानी होने लगी है हाँ, सभी नस्लों के लिए उनके शायद दूरदर्शन के लिए बनाया गया सौ एपिसोड वाला साप्ताहिक कार्यक्रम की बडी याद आती है, जिसमें राज्यसभा टीवी के पूर्व संपादक वरिष्ठ टीवी, एवं प्रिंट पत्रकार राजेश बादल ने एक लाजवाब स्टोरी ब्रेक की थी। विषय यह था कि इन्दौर, और भोपाल के दो दोस्त आपस में सालों तक रोज़ाना एक दूसरे को पोस्ट कार्ड लिखते रहे । दोनों के कमरे इन पोस्ट कार्ड से भर गए थे । अलाव इसके विनोद दुआ ने बीकानेर की एक नायाब स्टोरी ब्रेक की थी, जिसमें बताया गया था राजस्थान के इस शहर में एक मोहल्ला ऐसा है, जहाँ प्रत्येक दूसरे घर में कार्टून या केरीकेचर बनाए जाते हैं।मतलब यह कि विनोद दुआ ने यह लगभग सिद्ध करके बताया कि कोई ज़रूरी नहीं है कि लोग राजनीतिक, अपराध, बॉलीवुड कार्यक्रम ही देखें। सामान्य आदमी की भी नई खबर जानने की जिज्ञासा कभी मरती नहीं, और उसी जिज्ञासा को विनोद दुआ पूरा करते चले । उनकी स्मृतियों को हार्दिक नमन।

# विनम्रता, सज्जनता कोई कमजोरी नहीं, वीरों का आभूषण, श्रेष्ठ सद्गुण हैं

> “विनम्रता के मामले में हम यह कह सकते हैं कि यह वह गुण है जिसे प्रकृति में महान लोगों को ही नवाजा है, या यह कहना चाहिए कि विनम्रता, संयम, सहजता आदि गुणों से ही सामान्य व्यक्ति महानता की ओर अग्रसर होता है।”

संजीव ठाकुर
रायपुर छत्तीसगढ़



**भारत** की संस्कृति प्रागैतिहासिक काल से विनम्रता, सदाशयता और सज्जनता की रही है। महात्मा गांधी ने स्वयं कहा है कि पापी को नहीं पाप को नष्ट करना चाहिए। समाजीकरण की प्रक्रिया में मानवता का प्रथम कदम विनम्रता के साथ शुरू हो तो सफलता उसके कदम चूमना शुरु करती है। विनम्रता मनुष्य के जीवन का वह सदुण है जो उसे हर मुसीबत से विजई होना सिखाता है। सदाशयता भी यदि विनम्रता के साथ जुड़ जाए तो मनुष्य को ऊंचाइयों पहुंचने से कोई रोक नहीं सकता है।

प्रत्येक मनुष्य जीवन में उस ऊंचाई को अर्जित करना चाहता है, जिसका उसने जीवन में कभी स्वप्न देखा हो, यह जीवन का आवश्यक अंग भी है क्योंकि जीवन की सफलता और सार्थकता एक दूसरे पर आश्रित आवश्यक अंग है। मनुष्य मूल प्रवृत्ति से स्वार्थी, अंहकारी होता है, किंतु जैसे जैसे अपने आसपास के वर्तमान संपर्क में आता है उसकी मूल प्रवृत्ति का लोप होते जाता है तथा नए विचारों का प्रभाव उस पर ज्यादा से ज्यादा होने लगता है। समाज के सामाजिक ढांचे को मजबूती प्रदान करने के लिए सहिष्णुता, करुणा ,सदाशयता आदि गुणों का विकास होता है और इन्हीं गुणों के मिश्रण से विनम्रता रूपी सदुण का समन्वय के साथ विकास होता है। विनम्रता के मामले में हम यह कह सकते हैं कि यह वह गुण है जिसे प्रकृति में महान लोगों को ही नवाजा है,या यह कहना चाहिए कि विनम्रता, संयम,सहजता आदि गुणों से ही सामान्य व्यक्ति महानता की ओर अग्रसर होता है। तुच्छ और अंहकारी व्यक्ति विनम्रता को ग्रहण नहीं कर सकता और कूप मंडूक ही बना रहता है। थोड़ा ज्ञान लेकर व्यक्ति 'अधजल गगरी छलकत जाए' की भांति विनम्रता को त्याग देता है ऐसे में वह ना आधा रह पाता है ना ही पूरा हो पाता है। क्योंकि बड़ा और महान व्यक्ति अपनी प्रशंसा को भी सामान्य ढंग से अंगीकृत करता है और प्रशंसा सुनकर फूल कर कुप्पा नहीं हो जाता है। महान सुकरात ज्ञानी होकर भी कहते थे कि मैं अभी कुछ नहीं जानता मैं अज्ञानी हूं, इस संदर्भ में कबीर ने बहुत अच्छी सूक्ति कही

**बड़ा भया तो क्या भया जैसे पेड़ खजूर,**
**पंथी को छाया नहीं फल लागे अति दूर**

यदि व्यक्ति कोई उपलब्धि हासिल कर ले तो उसका अंहकार करने की बजाय समाज के हित में उसका उपयोग करना चाहिए ना कि केवल अपने तक सीमित रखना चाहिए क्योंकि बिना सार्वजनिक हित व उपलब्धि निरर्थक है। फ़ल आने पर वृक्ष झुक जाते हैं उसी प्रकार उपलब्धि पाने पर व्यक्ति को विनम्र हो जाना चाहिए।

विनम्रता,सदाशयता वह गुण हैं जो व्यक्ति के व्यक्तित्व को निखारती है और अहंकार व्यक्तित्व को रसातल पर ले जाता है, क्योंकि अहंकारी व्यक्ति की किसी ज्ञान के प्रति स्वीकारोक्ति लगभग शून्य होती है। विनम्रता को आत्मसात करने वाला व्यक्ति सदा नए विचारों के प्रति आकर्षित रहता है और विनम्रता के साथ नए ज्ञान को आत्मसात करते हुए उसके व्यक्तित्व में स्वतः निखार आने लगता है। भारत के पूर्व राष्ट्रपति एपीजे कलाम राष्ट्रपति होने के बाद भी विद्यार्थियों के संपर्क में रहकर उनसे संवाद करते थे जो उनकी महानता को सदैव पुनीत करता रहा और उसी विनम्रता सहृदयता के कारण उन्हें भारत रत्न की उपाधि देकर सम्मानित भी किया गया। ज्ञान का पिपासु व्यक्ति केवल सूचनाओं का भंडारण नहीं करता बल्कि वह उन्हें विनयशील भी बनाने का प्रयास करता है और यही विनम्रता विशाल हृदयता व्यक्ति को जीवन पथ पर अग्रसर होने का मार्ग प्रशस्त करती है। विनम्रता से ही व्यक्ति पात्रता ग्रहण करता है और विनम्रता ही व्यक्ति को सामाजिक व्यवस्था में महान बनाती है ताकि उसका जीवन लोकहित में समर्पित रहे। विनम्रता व्यक्तित्व में नेतृत्व क्षमता के विकास के लिए भी अत्यंत आवश्यक पहलु है। यदि नेतृत्व करता विनम्र हो उसके नेतृत्व को जनता स्वीकार करती है तो उससे अच्छा एवं समर्थ नायक राष्ट्र में नहीं पैदा हो सकता है। विनम्र शील व्यक्ति जनता के विचारों को आत्मसात कर अपने आप को परिपक्व बनाता है तथा अपने नेतृत्व को एक सही दिशा देने का कार्य करता है। विनम्रता का सबसे बड़ा उदाहरण महात्मा गांधी थे राष्ट्रीय आंदोलन के दौरान सत्य और अहिंसा को अपना साधन घोषित करते हुए स्वतंत्रता रूपी एक लक्ष्य को प्राप्ति के लिए चुना था और अहिंसा महात्मा गांधी के दो आभूषण की तरह थे जो विनम्रता को और भी मजबूत करते थे। यही कारण है कि हमने उनके नेतृत्व में स्वतंत्रता प्राप्त की थी। विनम्र व्यक्ति सदा सुखी एवं संतुष्ट रहता है क्योंकि उसकी ना तो महत्वाकांक्षा होती है, ना प्रतिस्पर्धा,ना द्वेष, ईर्ष्या ना लोभ ही होता है। सभी सद्गुणों से संपन्न व्यक्ति न सिर्फ अपने लिए बल्कि समाज के लिए भी बहुत उपयोगी होता है। महात्मा बुद्ध के संदर्भ में एक बड़ा ही अनुकरणीय प्रसंग है कि जब वह ज्ञान प्राप्ति के लिए देशाटन में इधर-उधर वितरण कर रहे थे, तब लोगों ने उन पर पत्थर बरसाए उन्हें गालियां दी एवं उनको प्रताड़ित भी किया किंतु महात्मा बुद्ध इससे बिना विचलित हुए अपने कार्य तथा साधना की ओर अग्रसर होते हुए उन्होंने अंततः मां निर्वाण प्राप्त किया। और उनका ज्ञान का भंडार आज भी करोड़ों लोगों के लिए मार्गदर्शक बना हुआ है। विनम्रता और सदाशयता वह महान गुण है एवं क्षमता है जो किसी भी व्यक्ति या समाज का हृदय परिवर्तन कर सकती और जीवन को सार्थकता की ओर ले जा सकती जिस मार्ग पर चलकर व्यक्ति बहुत बड़ा एवं महान हो जाता है विनय शीलता ही मोक्ष है अर्थात विनम्र व्यक्ति जीवन में सार्थकता और जीवन के लक्ष्य को प्राप्त कर सकता है।

# 'भारत की जनता से अपील'

डॉ राजाराम त्रिपाठी
राष्ट्रीय संयोजक
अखिल भारतीय
किसान महासंघ
(आईफा)



**अब** चाहे कोई इसे माने या ना माने पर यह अब एक ऐतिहासिक सत्य है कि, इस किसान-आंदोलन को कुचलने की बहुस्तरीय हजारों कोशिशों और बदनाम करने के लाखों कुत्सित प्रयासों के बावजूद वर्तमान किसान आंदोलन ने देश के ही नहीं बल्कि विश्व के हालिया सभी आंदोलनों के इतिहास में एक मील का पत्थर स्थापित किया है।

आज देश की वर्तमान स्थिति को हर नागरिक को गहराई से समझने बूझने की जरूरत है। अभी तक स्थिति यह थी कि देश में सभी अलग-अलग समूहों और स्थानों के लोग जो अपने जरूरी कारण के लिए सरकार से अलग-अलग लड़ रहे थे,पर किसी की भी बात नहीं सुनी गई और सरकार ने अपने ही एजेंडे पर काम किया है। ऐसी स्थिति में पहली बार किसानों के एक साल के लंबे गांधीवादी संघर्ष ने भारत के लोकतंत्र की मज़बूत जड़ों की ताकत को एक बार फिर साबित किया है।

अब हम किसानों की भी हमारे माननीय पीएम की भांति ही समूचे देश से अपील है कि कृपया इन्हें बताएं कि हम केवल किसानों का ही समूह नहीं है बल्कि आज किसान इस देश के सभी नागरिकों व संगठनों के प्रतिनिधि हैं, चाहे वह बैंक हो, एएआई, एयरइंडिया , रेलकर्मी,बीमा कर्मी, शिक्षक, डॉक्टर, पूर्व सैनिक संघ, पेंशन वंचित वर्ग, असंख्य बेरोजगार युवा, असंगठित सेक्टर के मजदूर और हर कोई जो सरकार की कार्पोरेटपरस्त जनविरोधी नीतियों और कार्यक्रमों के कारण समस्या का सामना कर रहा है। किसान आंदोलन ने यह सिद्ध कर दिया है कि यदि मुद्दे सच्चे तथा जनता से जुड़े हुए हों तो एकजुट होकर शांतिपूर्ण तरीकों से इस तरह की परम अहंकारी सरकार को भी झुकाया जा सकता है और इसे लोकतंत्र के आइने में इनकी वास्तविक जनविरोधी राक्षसी शक्ल को देश को दिखाया जा सकता है।

इसलिए आज आईफा तथा हम सब साथी किसान संगठन, आप सभी समान विचारधारा वाले समस्त समूहों/समुदायों/ संगठनों/संघों से इस निर्णायक दौर में किसान आंदोलन को खुले मन से खुला समर्थन करने और इस आंदोलन को हर स्तर पर यथासंभव मजबूती प्रदान करने की अपील करते हैं। यह न केवल हमें अपनी अन्य लंबित देशहित के लिए जरूरी मांगों को हासिल करने में मदद करेगा, बल्कि आपकी लंबित समस्याओं के समुचित समाधान के लिए भी विजय द्वार खोलेगा।

आज सरकार रणनीति के तहत देश के किसानों को खलनायक साबित करने की कोशिश कर रही है। इतना ही नहीं यह देश के अन्य वर्गों जैसे नौकरीपेशा, समस्त आयकर दातावर्ग, व्यापारियों, निर्माताओं आदि मध्यम तथा उच्च वर्ग को किसानों के विरुद्ध साजिशन खड़ा करने की कोशिश रही है। विभिन्न वर्गों में मत विभाजन तथा ध्रुवीकरण के जरिए सत्ता हासिल करने का स्वाद चखने के बाद अब ये देश के किसान तथा शेष समाज के बीच खाई खोद रहे हैं। एक तरह से यह ग्रामीण भारत तथा शहरी इंडिया को एक दूसरे के विरोध में खड़ा कर रहे हैं। गांव वर्सेस शहर की इस विलगाववादी राजनीति से भले ही किसी राजनीतिक पार्टी को कुछ दिनों का अबाध सत्ता सुख मिल जाए लेकिन यह खतरनाक दांव इस देश की एकता अखंडता संप्रभुता, संतुलित विकास व समग्र रूप से देश के उज्जवल भविष्य के लिए गंभीर रूप से घातक है।

इसलिए अब वक्त आ गया है कि देश के आप सभी सरकारी, अर्धसरकारी, सहकारी, कर्मचारी, मजदूर, व्यवसायी व प्रोफेशनल्सू संगठन एकजुट होकर अपनी जरूरी मांगों को भी संलग्न करते हुए किसान आंदोलन के पक्ष में , जो जहां है वहीं पर मजबूती से खड़ा हो, तथा सरकार को या खुल कर बताएं कि आप तथा आपका संगठन देश के किसानों के पक्ष में खड़े हैं, और अगर जरूरत पड़ी तो आगे कंधे से कंधा मिलाकर लड़ने के लिए भी तैयार हैं।

इसके कई तात्कालिक व दूरगामी सकारात्मक परिणाम होंगे। सबसे पहले तो सरकार कि यह तोतारटंत बंद होगी कि यह केवल मुट्ठी भर किसानों का समूह है, और तभी यह किसान आंदोलन व किसानों की स्थिति को सही मायने में समझेगी।

इधर सामने कई राज्यों के चुनाव आ रहे हैं। अगर राजस्थान के छात्र अपने अधिकारों के लिए कांग्रेस का विरोध करने के लिए यूपी आ सकते हैं तो आप सभी संगठन जो आज भी किसी भी रूप में किसान आंदोलन के साथ नहीं जुड़े हैं, आप सब भी भला हमारे आंदोलन में सक्रिय रूप में शामिल क्यों नहीं हो सकते हैं । तो देश के किसान संगठनों की ओर से हम सब देश के सभी संगठनों से एक बार फिर अपील करते हैं कि आप सभी तत्काल किसान आंदोलन को समर्थन देने हेतु पहले चरण में केवल तत्संबंधी समर्थन पत्र सरकार के लिए जारी करें, तथा एक प्रति हमें भी दें। इससे आगे की रणनीति आप से चर्चा कर तय की जाएगी।

हम आज इस अपील के साथ ही यह लिखित घोषणा करते हुए आपको यह विश्वास दिलाते हैं, कि आपकी सभी लंबित जायज मांगों के लिए हम सब किसान संगठन आपके साथ कंधे से कंधा मिलाकर किसी भी मजबूत से मजबूत कंपनी अथवा सरकार से लड़ने के लिए तैयार हैं,और जब तक आपके हक और जायज अधिकार आपको नहीं मिल जाते तब तक डटे रहने के लिए कृत संकल्प हैं। इस देश के अनमोल लोकतंत्र की रक्षा करते हुए, इसे अखंड संप्रभुता संपन्न तथा समृद्ध एवं सुखी राष्ट्र बनाने का यही एक बात रास्ता भी है। तो आएं आज किसान संगठनों की इस अपील पर बिना विलंब किए सकारात्मक प्रतिक्रिया दिखाएं, और देश का आने वाला कल और अपनी आने वाली पीढ़ियों का भविष्य सुनिश्चित करें।

# व्यावहारिक नहीं स्थानीय वासियों का कोटा

**हरियाणा** सरकार ने सूचित किया है कि स्थानीय उम्मीदवारों का रोजगार अधिनियम, 2020 राज्य में 15 जनवरी, 2022 से लागू कर दिया जाएगा। यह अधिनियम राज्य में निजी नौकरियों में स्थानीय उम्मीदवारों के लिए 75 प्रतिशत आरक्षण कोटा निर्धारित करने का मार्ग प्रशस्त करेगा।

फरवरी माह के लिए जारी सीएमआईई के आंकड़ों के अनुसार, हरियाणा में देश में सबसे अधिक बेरोजगारी दर 26.4 प्रतिशत है। राष्ट्रीय दर 6.9 प्रतिशत है। जब भारी बेरोजगारी होती है, तो यह आबादी में बेचैनी पैदा कर सकती है और सरकार को गंभीर समस्या से निपटना पड़ सकता है। हरियाणा का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) 8.31 लाख करोड़ रुपये (2019-20) है। जीडीपी प्रति व्यक्ति स्थिति राष्ट्रीय स्तर पर एक उचित पांचवां है। जब आर्थिक विकास होता है, तो इसे रोजगार सृजन में भी रूपांतरित होना चाहिए। यदि ऐसा नहीं हो रहा है, तो इसके कारणों का उचित ढंग से विश्लेषण किया जाना चाहिए, बजाय इसके कि स्थानीय लोगों के लिए नौकरी में आरक्षण का त्वरित समाधान किया जाए, जो कई तरह से प्रतिकूल होगा। स्थानीय लोगों को रोजगार देने का सिद्धांत और कुछ नहीं बल्कि पक्षपात और क्षेत्रवाद की राजनीति है। यह युवाओं में प्रतिभा और क्षमता को पोषित करने व बढ़ावा देने के बजाय, यह अधिवास के आधार पर कोटा प्रणाली को प्रोत्साहित करेगा। इस तरह की भर्ती के परिणामस्वरूप कार्यबल द्वारा खराब निष्पादन होगा और उन्हें नियोजित करने वाली कंपनियों के लिए प्रतिस्पर्धी दुनिया में जीवित रहना मुश्किल होगा। देश एक है और देश को केवल प्रशासन की सुविधा के लिए अलग-अलग राज्यों में विभाजित किया गया है। जिस प्रकार सभी भौतिक संसाधनों की मुक्त गतिशीलता आवश्यक है, उसी प्रकार मानव संसाधन भी देश में कहीं भी स्वतंत्र रूप से रोजगार योग्य होना चाहिए। भर्ती करने वाली कंपनियां हमेशा स्थानीय स्तर पर किसी भी नौकरी के लिए उचित प्रतिभा और कौशल की तलाश करेंगी। केवल जब यह उपलब्ध नहीं है या जब यह प्रतिस्पर्धी नहीं है, तो कंपनी कहीं और देखेगी। कंपनियों को केवल स्थानीय लोगों की भर्ती के लिए प्रतिबंधित करने से कंपनी का कामकाज चरमरा जाएगा। कंपनियां दूसरे राज्यों में प्रवास कर सकती हैं जो राज्य के लिए प्रतिकूल होगा। संविधान के अनुच्छेद 16(1) में कहा गया है कि राज्य के अधीन किसी भी पद पर रोजगार या नियुक्ति के मामले में नागरिकों को समान अवसर मिलेगा। अनुच्छेद 16(2) उन आधारों को निर्धारित करता है जिनके आधार पर राज्य के अधीन किसी कार्यालय में नियोजन या नियुक्ति के उद्देश्य से नागरिकों के साथ भेदभाव नहीं किया जाना चाहिए। हालांकि, अनुच्छेद 16(3) इन कानूनों को अपवाद प्रदान करता है। इसमें कहा गया है कि संसद राज्य या केंद्र शासित प्रदेश के भीतर किसी विशेष निवास स्थान की आवश्यकता को निर्धारित करते हुए कोई कानून बना सकती है जिसमें सार्वजनिक कार्यालय या रोजगार हो सकता है। प्रदीप जैन बनाम भारत संघ के मामले में, सर्वोच्च न्यायालय ने संविधान के उल्लंघन के रूप में मिट्टी के बेटों के लिए नौकरियों को आरक्षित करने की नीतियों को पाया और इस प्रकार कहा : ''... प्रत्येक नागरिक को भारत के पूरे क्षेत्र में स्वतंत्र रूप से घूमने का अधिकार है। और भारत के किसी भी हिस्से में रहने और बसने के लिएः. यह देखना मुश्किल है कि तमिलनाडु में अपना स्थायी घर रखने वाले या तमिल भाषा बोलने वाले नागरिक को उत्तर प्रदेश में एक बाहरी व्यक्ति के रूप में कैसे माना जा सकता है।

-एस कल्याणसुंदरम
(लेखक सेवानिवृत्त बैंकर हैं)

# कृषि विभाग कबीरधाम द्वारा अवैध संचालित कृषि केंद्रों पर कार्यवाही

## अवैध कृषि केंद्र कवर्धा में भी संचालित सभी जगह कार्यवाही की जरूरत

पायनियर संवाददाता कवर्धा
www.dailypioneer.com

**पायनियर खबर का असर**

पिछले दिनों पायनियर अखबार में प्रकाशित खबर को प्रमुखता से लेते हुए कृषि अधिकारी डिप्टी डायरेक्टर एम डी डडसेना द्वारा बोड़ला विकासखंड के बैजलपुर में बिना लाइसेंस के संचालित भूमि कृषि केंद्र को जांच कर सील किया गया। वही बैजलपुर में ही महामाया कृषि केंद्र को जांच कर रिकार्ड न मिलने के कारण जब्ती की कार्यवाही की गई है।




### जिले के अधिकांश जगहों पर कार्यवाही की जरूरत

देखा जाए तो सम्पूर्ण जिले में यही स्थिति है लगभग सभी जगह अगर जांच की जाए तो अधिकांश जगह लाइसेंस नही है खासकर कवर्धा शहर में जांच की जरूरत है अवैध कृषि केंद्र की जिले में भरमार है बस कार्यवाही की जरूरत है जांच की आवश्यकता है लेकिन दुर्भाग्य सिर्फ खानापूर्ति की जाती है जिसके कारण जिले भर में और कवर्धा शहर में अवैध कृषि केंद्र संचालित है अब आगे ये देखना है की आगे भी कार्यवाही जारी रहती है या सिर्फ खानापूर्ति की जाती है।

# विश्व एड्स दिवस पर छात्राओं ने रैली निकालकर एड्स के प्रति जागरूक किया

**दुर्ग।** विश्व एड्स दिवस के अवसर पर बुधवार को आइसीटीसी, पीपीटीसीटीआइ एनजीओ, ब्लड बैंक के कर्मचारियों सहित नर्सिंग कालेज के छात्राओं ने रैली निकालकर एड्स के प्रति लोगों को जागरूक किया। रैली में नारे लगाते हुए एड्स के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। सीएमएचओ डा.गंभीर सिंह ठाकुर और एड्स नियंत्रण नोडल अधिकारी डा.अनिल कुमार शुक्ला ने रैली व प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

रैली सीएमएचओ कार्यालय परिसर से रवाना होकर पुराना बस स्टैंड, इंदिरा मार्केट, पोलसाय पारा चौक, पचरी पारा, नया बस स्टैंड तक गई। रैली में 300 से अधिक छात्राओं ने हिस्सा लिया। रैली में छात्राएं एड्स के प्रति जागरूक रहने के संदेश देने वाले स्लोगन और थीम असमानताओं का अंत करें-एड्स का अंत करें, का पोस्टर लेकर चल रही थीं।

रैली का समापन वापस सीएमएचओ कार्यालय के सामने किया गया।वहां पर प्रतिभागियों द्वारा रेड रिबन की आकृति में मानव श्रृंखला बनाकर एचआईवी एड्स की रोकथाम का संदेश जन-जन तक पहुंचाया। एड्स से बचाव और एड्स को लेकर समाज में फैली भ्रांतियों को दूर करने के लिए नर्सिंग के छात्राओं के जन जागरूकता अभियान में सीएमएचओ कार्यालय, कचहरी चौक में नुक्कड़ नाटक कर लोगों को बचाव की समझाइश दी गई। जिला एड्स नियंत्रण अधिकारी डा. अनिल कुमार शुक्ला ने बताया कि जिले में आइ सी टी सी केंद्र व एआरटी सेंटरों के माध्यम से इस वर्ष एक अप्रेल-2021 से अब तक दिसंबर 2021 में 27909 लोगों की एचआईवी की जांच की गई। जांच में 356 लोगों की रिपोर्ट पाजिटिव आई है।

# आजादी के अमृत महोत्सव के आयोजन पर हुआ भव्य कवि सम्मेलन

पायनियर संवाददाता बेमेतरा
www.dailypioneer.com



आजादी के 75 वीं वर्षगांठ के अवसर पर महोत्सव का आयोजन बेमेतरा जिला प्रशासन द्वारा किया गया जिसमे बेमेतरा जिला के ग्राम दाड़ी में आजादी के पुरोधाओं पर आधारित भव्य कवि सम्मेलन रखा गया उक्त कवि सम्मेलन को भव्य बनाने हेतु नोडल अधिकारी के रूप मे बेमेतरा जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा को बनाया गया उन्होने उक्त कवि सम्मेलन को एतिहासिक बनाने के लिए कोई कसर नही छोड़े कार्यक्रम मे अतिथी के रूप मे जिला पंचायत बेमेतरा के अध्यक्ष सुनीता हीरालाल साहु, जिला पंचायत उपाध्यक्ष अजय तिवारी, जनपद अध्यक्ष कुमारी बाई जायसवाल, जनपद सदस्य अर्पित गुप्ता, सरपंच भानुमति बंजारे विशेष तौर पर मौजूद रहे। सर्व प्रथम कवि सम्मेलन के नोडल अधिकारी अरविंद मिश्रा ने बेमेतरा जिला प्रशासन के उपलब्धि को बताते हुए अमृत महोत्सव मे तरह तरह के आयोजन का बखान किये तथा उपस्थित समस्त कवियों एवं अतिथियों का अपने समस्त सहयोगियों द्वारा स्वागत एवं सम्मान किये। ठहाकों से भरपूर देर रात्रि तक श्रोताओं ने कवि सम्मेलन का खूब आनन्द लिए हजारों की संख्या मे श्रोता गण टस के मस तक नही हुए अंतर्राष्ट्रीय हास्य व्यंग्य कवि पद्मश्री डा.सुरेन्द्र दुबे ने अपनी चिरपरिचित संचालन मे खूब तालियां बटोरे उन्होने देर रात तक लोगों को बांधे रखा।

कवि सम्मेलन का संयोजन बेमेतरा के हास्य व्यंग्य कवि रामानन्द त्रिपाठी ने किया उन्होने भी अपनी हास्य शैली से खुब तालियां बटोरे छत्तीसगढ़ के रसखान के नाम से जाने वाले सारा गांव रायपुर से पहुंचे कवि मीर अली मीर ने अपनी चिर परिचित कविता नंदा जाही का ... मे श्रोताओं को खूब भाया, राजनांदगांव के कवि पद्मलोचन शर्मा मुहफट ने अपनी चिरपरिचित हास्य पैरोडी गीत से लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिये,भिलाई से पहुंचे लाफ्टर किंग के नाम से जाने जाने लगे कवि गजराज दास महंत ने अपनी हास्य प्रतिभा को जोरदार जंग से प्रस्तुत किया,वहीं कोरबा से पहुंची श्रृंगार रस के कवियीत्री संतोषी श्रद्धा महंत ने अपनी श्रृंगार रस मे लोगों को डुबाने मे कैई कसर नही छोड़ी, थानखम्हरिया से पहुंचे सुनील शर्मा नील और ठेलका से पहुंचे ईश्वर साहु आरूग ने क्रमशः हिन्दी और छत्तीसगढ़ी मे संपूर्ण वातावरण को देश भक्त मय करने मे सफल रहे वातावरण वंदेमातरम से गूंजने लगा, नवागढ़ के हास्य कवि मनोज श्रीवास्तव ने भी हास्य रस बिखेरकर लोगों मे अपनी पहचान बनाये रखा।

# पिरदा चौक स्थित शोरूम में हुए चोरी मामले में 02 आरोपी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता बेमेतरा
www.dailypioneer.com



प्रार्थी तोरन लाल सिन्हा उम्र 34 साल ग्राम मोहरेंगा थाना नंदनी जिला दुर्ग ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 24/11/2021 के दरम्यानी रात इसके ग्राम पिरदा चौक स्थित श्रीराम मोटर्स शोरूम के शटर दिवाल से उखाड कर शोरूम मे आलमारी के लाकर मे रखे मोटर सायकल के बिक्री का रकम नगदी 2,10,000 रूपये को कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है कि रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 448/21 धारा 457,380 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में विवेचना के दौरान संदेही आरोपी . घनश्याम तेलासी उम्र 22 साल एवं कालीचरण सोनवानी उम्र 21 साल दोनो साकिनान आरटीओ आफिस के पास डेरापारा बंजारी रायपुर थाना खम्तराई जिला रायपुर से पुछताछ किया गया। जो घटना दिनांक 24.12.2021 की दरम्यानी रात अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर पिरदा चौक के मोटर सायकल शोरूम में चोरी करना स्वीकार किये। उक्त दोनो आरोपियो के कब्जे से नगदी रकम 1900/- रूपये बरामद किया गया। तथा अन्य आरोपियो की पता तलाश जारी है। आरोपी 01. घनश्याम तेलासी पिता उस्ताज तेलासी उम्र 22 साल 2. कालीचरण सोनवानी पिता भारत सोनवानी उम्र 21 साल दोनो साकिनान आरटीओ आफिस के पास डेरापारा बंजारी रायपुर थाना खम्तराई जिला रायपुर को विधिवत गिरफ्तार कर आज दिनांक 04.12.2021 को माननीय न्यायालय पेश किया गया। उक्त कार्यवाही में चौकी कंडरका प्रभारी उप निरीक्षक डी. एन. सिंह, सउनि अरविंद शर्मा, प्रधान आरक्षक मोहित चेलक, प्रधान आरक्षक भुषण ठाकुर, आरक्षक विनोद पात्रे, विक्रम सिंह, पंचराम घोरबंधे, अगमदास मानिकपुरी, संजय पाटिल, गौतम ठाकुर, योगेश साहू एवं अन्य स्टाफ का सराहनीय भुमिका रही।

# अपराध पर अंकुश लगाया जाएगा : एसपी धर्मेंद्र छावई

पायनियर संवाददाता बेमेतरा
www.dailypioneer.com



नव पदस्थ जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र छवई ने स्थानीय सर्किट हाउस में पत्रकारों से चर्चा में कहा कि जिले में अवैध कारोबारियों पर सख्त कार्यवाही होगी जिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत अवैध कार्यों की जानकारी मिलेगी तो संबंधित थाना क्षेत्र के प्रभारी के विरुद्ध भी कड़ी विभागीय कार्यवाही की जावेगी, इस अवसर पर एडिशनल एसपी पंकज पटेल, एसडीपीओ बेमेतरा राजीव शर्मा, सीएसपी कमल शर्मा बेमेतरा टीआई प्रकाश अवधिया प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

पत्रकारों के द्वारा पूछे गए सवालों का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि बेमेतरा शहर में गश्त बढ़ाई जाएगी ट्रैफिक व्यवस्था में भी सुधार किया जाएगा तथा अपराध पर अंकुश लगाने हरसम्भव प्रयास किया जायेगा, जिले के पुराने प्रकरणों पर भी गंभीरता से सुनवाई होगी साल के अंत तक 10 प्रतिशत से कम अपराध हो इस मिशन पर आज से ही काम शुरू हो गया है और उन्होंने अच्छा काम करने वाले पुलिसकर्मियों को पुरस्कृत करने के लिए भी कहा है पत्रकारों द्वारा पूछे गए सवाल पर कहा की क्राइम को कैसे रोका जाए, पुलिस के लिए हमेशा चुनौती ही बनी ही रहती है सब प्राथमिकता क्रम में है अंत मे उन्होंने कहा की जुआ, सटटा एवँ अवैध शराब की बिक्री जिले में कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# कवासी लखमा 6 दिसंबर को ग्राम पंचायत डबरी में कई कार्यों का करेंगे लोकार्पण

पायनियर संवाददाता कवर्धा
www.dailypioneer.com




अबाकरी उद्योग एवं वाणिज्यकर मंत्री छ.ग.शासन कवासी लखमा 6 दिसंबर 2021 सोमवार को ग्राम डबरी में लोकार्पण एवं सम्मान समारोह कार्यक्रम में होंगे शामिल, विकासखण्ड पंडरिया अंतर्गत ग्राम पंचायत डबरी द्वारा आयोजित लोकार्पण एवं सम्मान समारोह कार्यक्रम में मंत्री कवासी लखमा सहित कई दिग्गज होंगे शामिल, प्रदेश सचिव छ.ग.प्रदेश कांग्रेस पिछड़ा वर्ग सूरज यादव से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत डबरी में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि आबकारी मंत्री कवासी लखमा अध्यक्ष अपेक्स बैक रायपुर कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त बैजनाथ चंद्राकर अध्यक्षता विधायक पंडरिया ममता चंद्राकर विशिष्ट अतिथि में रूप में कवर्धा कांग्रेस जिला प्रभारी थानेश्वर पाटिला प्रदेश महामंत्री कांग्रेस अर्जुन तिवारी प्रदेश अध्यक्ष छ.ग.प्रदेश कांग्रेस असंगठित क्षेत्र जन.स.निवारण विभाग सद्दाम सोलंकी सदस्य छ.ग.कांग्रेस लालजी चन्द्रवंशी अध्यक्ष जिला कांग्रेस कवर्धा नीलकण्ठ चन्द्रवंशी अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कुण्डा उतरा दिवाकर अध्यक्ष पंडरिया कांग्रेस नवीन जयसवाल जोन प्रभारी कांग्रेस कुण्डा आरती सुमन जनपद सदस्य दीनबंधु चंद्राकर उपसरपंच ग्राम पंचायत डबरी के गरिमामय में कार्यक्रम सम्पन्न होगी उक्त कार्यक्रम में ग्रामीणों एवं क्षेत्रवासियों के मनोरंजन के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम सुर-सुधा कार्यक्रम पण्डित शिवकुमार तिवारी एवं उनके साथियों के द्वारा रंगारंग छत्तीसगढ़ी कार्यक्रम का आयोजन रखा गया है कार्यक्रम की आयोजक सरपंच डबरी रिंकी एवं अशोक वैष्णव प्रदेश सचिव छ.ग.प्रदेश कांग्रेस असंगठित क्षेत्र जनसमस्या निवारण विभाग है।

# कबीरधाम जिले के नये पुलिस कप्तान डॉ. लाल उमेद सिंह ने पदभार ग्रहण किया

## पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के द्वारा कबीरधाम पुलिस कप्तान का चार्ज देकर जिले के वर्तमान हालातों से कराया गया अवगत

पायनियर संवाददाता कवर्धा
www.dailypioneer.com

कबीरधाम पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग का स्थानांतरण सेनानी 14 वीं वाहनी छ.स.बल करकाभाट बालोद एवं सेनानी 14 वीं वाहनी छ.स.बल कमांडेंट डॉ लाल उमेद सिंह का स्थानांतरण जिला कबीरधाम पुलिस अधीक्षक के पद पर होने से दिनांक-05/12/2021 को कमांडेंट डॉ लाल उमेद सिंह के द्वारा कबीरधाम पुलिस अधीक्षक का पदभार ग्रहण किया गया साथ ही पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के द्वारा जिले का चार्ज नये पुलिस कप्तान को देखकर जिले के हालातों एवं कानून व्यवस्था संबंधी आवश्यक जानकारी देकर पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनीषा ठाकुर रावटे, उप. पुलिस अधीक्षक मुख्यालय मोनिका सिंह परिहार, उप. पुलिस अधीक्षक अजाक बी आर मंडावी, उप. पुलिस अधीक्षक नक्सल अजीत ओगरे, उप. पुलिस अधीक्षक नक्सल पी.आर. कुजुर, उप. पुलिस अधीक्षक नक्सल आशीष मिश्रा अनुविभागीय अधिकारी पंडरिया नरेंद्र कुमार बेंताल, अनुविभागीय अधिकारी बोड़ला जगदीश उइके, रक्षित निरीक्षक नरगिस तिग्गा बघेल एवं जिले के समस्त थाना एवं चौकी प्रभारी तथा कार्यालयीन अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहकर पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग को पुष्पगुच्छ भेंट कर भावभीनी विदाई देकर नये पुलिस कप्तान डॉ. लाल उमेश सिंह का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया।

# किसानों के चेहरे में मुस्कान, तीन दिनों में दस हजार किसानों ने बेचा 2 लाख 64 हजार 733 क्विंटल धान

पायनियर संवाददाता कवर्धा
www.dailypioneer.com

कबीरधाम जिले में समर्थन मूल्य पर शुरू हुई धान खरीदी की आज तीन दिन पूरे हो गए है। इन तीन दिनों में जिले में 10 हजार 678 पंजीकृत किसानों ने समर्थन मूल्य पर 2 लाख 64 हजार 733 क्विंटल धान बेच लिया है। खरीदी की गई धान में मोटा किस्म के 5 हजार 245 मैट्रिक टन पतला किस्म के धान 16 हजार 124 मैट्रिक टन और सरना 5 हजार 103 मैट्रिक टन धान शामिल है। सोमवार को जिले के 4 हजार 263 पंजीकृत किसानों से एक लाख 9 हजार 998 क्विंटल धान खरीदने के लिए टोकन जारी किया गया है। समर्थन मूल्य पर धान बेचने वालों किसानों के चेहरे में मुस्कान देखी जा रही है। रेंगाखार कला में धान बेचने वाले किसान पटलन का कहना है कि वह धान बेच कर बहुत अच्छा महसुस कर रहे है। अब वह रबी फसल में जुट जाएंगे। लालपुरकला के पंजीकृत किसान तुलस पटेल का कहना है कि वह इस बार 7 क्विंटल 60 किलो धान बेच लिया है। उन्हे समिति से बारदाना भी मिला। राम किशन का कहना है कि वह धान खरीदी के लिए बनाए गए व्यवस्था से बहुत खुश है। बिना किसी परेशानी से उन्होने अपना धान बेच लिया है। उन्होने इस बार 9 क्विंटल धान बेचा है। उनका कहना है कि जिला प्रशासन द्वारा बनाए गए व्यवस्था से जिले के छोटे किसानों को बहुत राहत मिल रही है। उन्हे समिति से बारदाना भी मिला है।

उल्लेखनीय है कि कबीरधाम जिले मे खरीफ विपणन वर्ष 2021-22 के लिए 102 उर्पाजन केन्द्र बनाए गए है। इस वर्ष जिले में 8 नए उपर्जान केन्द्र बनाए गए है। सभी उर्पाजन केन्द्रों में धान खरीदी शुरू हो गई है। छोटे किसानों से एक साथ हो रही धान की खरीदी, जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2021-22 में जिले में शांति,सहजता और सरलता से धान खरीदी हो इसके लिए राज्य शासन के निर्देश पर कलेक्टर रमेश कुमार शर्मा के निर्देश पर विशेष व्यवस्था बनाई गई है। धान खरीदी के लिए बनाई गई व्यवस्था के तहत जिले के सभी समिति में छोटे किसानों को प्राथमिकता दी जा रही है। छोटे किसानों से एक साथ धान खरीदी की व्यवस्था बनाई गई है। किसानों को प्रतिदिन जारी टोकन में 70 प्रतिशत छोटे और 30 प्रतिशत बड़े किसानों को शामिल किया जा रहा है। अन्य राज्यों से आने वाले धान के अवैध परिवहनों पर विशेष निगरानी कलेक्टर रमेश कुमार शर्मा के निर्देश पर जिले में अन्य राज्यों से आने वाले धान के अवैध परिवहनों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। जिले के चिल्फी, पोलमी, साल्हेवारा, दशरंपुर सहित वनाचंल क्षेत्र के अन्य अंदरूनी रास्तों में भी जिला प्रशासन द्वारा कड़ी निगरानी रखी जा रही है।

# 17 वर्षीय किशोर पर धारदार हथियार से हमला कर भागे तीन आरोपियों को पुलिस ने दबोचा

**दुर्ग।** जिले की वैशाली नगर पुलिस ने 17 वर्षीय किशोर पर धारदार हथियार से हमला कर भागे आरोपियों को गिरफ्तार कर पूछताछ की तो उसमें से एक मोबाइल लूट का आरोपी निकल गया। पुलिस ने जब लूट के मोबाइल से पहचान कर उसके मालिक को थाने बुलाया और पहचान कराई तो उसने परमजीत को पहचान लिया। पुलिस ने धारदार हथियार व स्कॉर्पियो वाहन को जब्त करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। वैशाली नगर टीआई वीरेन्द्र श्रीवास्तव ने बताया कि वृंदानगर निवासी बी चंदु 3 दिसंबर की शाम 7 बजे लहूलुहान हालत में थाने पहुंचा था। उसने बताया कि परमजीत सिंह उर्फ पीटर और उसके साथियों ने उसके साथ मारपीट की और किसी धारदार लोहे के हथियार से उसके सिर में वार कर भाग गए। पुलिस ने किशोर को इलाज के लिए अस्पताल भेजा और एक टीम आरोपियों की धरपकड़ के लिए रवाना की गई।पुलिस को रात करीब 9 बजे पता चला की आरोपी स्कॉर्पियो से दुर्ग की तरफ भागे हैं। पुलिस की एक टीम ने उनका पीछा किया। उन्हें जुनवानी ढाबा के पास उसी नंबर की स्कॉर्पियो खड़ी दिखी। पुलिस ने यहां से आरोपी परमजीत सिंह, दलजीत सिंह और राजकुमार ध्रुव को गिरफ्तार किया। तलाशी लेने पर गाड़ी से लोहे का हथियार भी मिला। इसके बाद पुलिस तीनों आरोपियों को थाने ले आई।

## पंथ श्री हुजूर उग्रनाम साहब स्मृति गुरुकृपा कबड्डी प्रतियोगिता लोलोसरा

# जीवन में अनुशासन के साथ आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त करता है खेल: आशीष छाबड़ा

पायनियर संवाददाता बेमेतरा
www.dailypioneer.com



बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ब्लाक बेमेतरा के ग्राम पंचायत लोलेसरा में पंथ हुजूर उग्रनाम साहब स्मृति में दो दिवसीय गुरुकृपा कबड्डी प्रतियोगीता में मुख्यआतिथ्य आशीष छाबड़ा विधायक बेमेतरा हुए शामिल सर्वप्रथम कबड्डी ग्राउंड में पहुंच खिलाड़ियों का परिचय जाना एव ट्रांस कराकर क्वार्टर फाइनल मैच प्रारंभ कराये। इस अवसर पर विधायक आशीष छाबड़ा ने ग्रामवासियो को संबोधित करते हुऐ कहा की हम सभी बेमेतरा क्षेत्रवासियो के लिए बड़ा हर्ष का विषय है ग्राम लोलेसरा के पावन भुईया में पंथ हुजूर उग्रनाम साहब की स्मृति दो दिवसीय गुरुकृपा कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया है,आज इस आयोजन का अंतिम दिवस है,कबड्डी मैदान की भव्यता देखते ही बन रहा है ऐसा लग रहा है की यहा राज्यस्तर की नही बल्कि राष्टीय स्तर की कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन हो रहा है, खेल जीवन में अनुशासन के साथ-साथ आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त करता है खेल से शारीरिक व मानसिक विकास होता है कबड्डी खेल हमारे प्राचीन खेलो में से है गांव से लेकर शहरो तक सर्वाधिक खेले जाने वाले खेलो में से एक है,निश्चित रूप से जीवन में खेलो का बहुत अधिक महत्व है, जीवन में खेल के प्रति लगाव होना चाहिए,किसी भी परंपरा को चालू करना और उस परंपरा का लगातार निर्वाहन करना दोनो में काफी अंतर है, लोलेसरा के हमारे साथियों के द्वारा 5 वर्षो से कबड्डी खेल का बढ़िया महौल में आयोजन कर रहे है,जब दो टीमों के बीच प्रतिस्पर्धा होती है एक टीम की जीत तो दूसरी टीम की हार होती है खेल में हार जीत मायने नही रखता मायने रखता है की हम खेल को खेल भावना के साथ खेले खिलाड़ियों को ऊर्जा एवं जोश से खेल भावना के साथ खेलने की शुभकामनाएं दी साथ ही दर्शकों एवं खिलाड़ियों को कोरोना के प्रति सचेत करते हुए कहा मास्क एवं कोरोना गाइडलाइन का पालन करने अपील की। प्रतियोगिता में विजयी होने टीमों को प्रथम पुरस्कार 12 हजार, द्वितीय पुरूस्कार 09 हजार, तृतीय पुरस्कार 06 हजार एवं चतुर्थ पुरूस्कार 04 हजार रूपए सहित अन्य पुरूस्कार प्रदान किया जायेगा। इस अवसर पर लूकेश वर्मा अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी बेमेतरा,मिथलेश वर्मा उपाध्यक्ष जनपद पंचायत बेमेतरा, देवकी वर्मा सरपंच लोलेसरा, सजेंद्र वर्मा सरपंच बैजी,योगेश जागड़े सरपंच प्रतिनिधि सिरवाबांधा, सुरीत कुमार ध्रुव, केवरा बाई वर्मा पूर्व सरपंच, मोहन सिंह वर्मा, खेमसिंह साहू, ओमप्रकाश वर्मा, मुरली वर्मा,राज वर्मा, विजय वर्मा, राजकुमार वर्मा, राजा वर्मा, नारायण वर्मा,, गुणीराम वर्मा, तोरण सिंह, चोवरामा वर्मा, पोषण यदु, झरना यदु, सुनील आनद,भेखसिंह साहू, मोहन साहू, दिनू साहू, संतन यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# जिले मे चलाया गया टीकाकरण का महाअभियान

पायनियर संवाददाता बेमेतरा
www.dailypioneer.com




कलेक्टर विलास भोसकर संदीपान के निर्देशन मे वैश्विक महामारी कोरोना के संक्रमण से बचाव के लिए जिले मे कोरोना टीकाकरण महाअभियान चलाया गया। टीकाकरण महाअभियान में लोगों ने स्वस्फूर्त होकर बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। यह अभियान कोरोना के नए वेरिएंट के खतरे के बीच शत-प्रतिशत टीकाकरण के लिए नई पहल की है। शनिवार को चलाये गये विशेष अभियान में जिले के चारो विकासखण्ड के अन्तर्गत आने वाले 429 ग्राम पंचायत मे अटीकाकृत लोगों को घर-घर दस्तक महाअभियान के तहत कोविड-19 का टीका लगाया गया। इस महाअभियान मे जिन्होंने अभी तक टीका नहीं लगवाया है, उन्हें प्रथम डोज एवं जिन व्यक्तियों ने प्रथम डोज का टीका लगवाया हैं उन्हें द्वितीय डोज का टीका लगाया गया। कलेक्टर ने टीकाकरण महाअभियान को सफल बनाने के लिए जिला प्रशासन के समस्त शासकीय कर्मचारी को नोडल अधिकारियों की ड्यूटी लगाई थी। जिसके अन्तर्गत शिक्षक, राजस्व निरीक्षक, पटवारी, सचिव, सरपंच, कोटवार, मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ने मिलकर जिले मे शतप्रशित कोरोना टीकाकरण महाअभियान को सफल बनाया। सभी ने कोविड-19 के टीकाकरण को बढ़ावा देने के लिए नारे जैसे 'टीकाकरण अपनाना है, कोविड को दूर भगाना है' तथा 'दो गज की दूरी मास्क है जरूरी' आदि नारा लगाये गये।

## क्विक न्यूज

### विदेश से 6 नागरिक पहुंचे मुंगेली

**मुंगेली।** कोरोना को लेकर प्रशासन हर कदम में सर्तकता बरतने में लगा हुआ है, एक तरफ जहां कोविड टीकाकरण को लेकर प्रशासन द्वारा लगातार मुहिम चलाई जा रही है, जिसकी निगरानी में प्रशासन के आलाधिकारी लगे हुए है, जिसके चलते जिला में टीकाकरण की रफ्तार भी तेज हुई है, वही बीते कल जिले में विदेश से आए 6 लोग लोरमी एवं 2 लोग मुंगेली से पहुचने की जानकारी मिलते ही जहां प्रशासन तुरंत एर्लट हो गया, वही आमजन मानस में भी अब कोरोना को लेकर चर्चाए शुरू होने लगी है । जिले में विदेश से आये 6 लोगो में एक युवक में कोरोना के लक्षण पाजीटिव पाये गये है, जिसको लेकर शहर और स्वास्थय विभाग में हडकंप मचा हुआ है, कोरोना के नये वेरिएंट ओमिक्रॉन ने फिर चिंता बढ़ा दी है, हालाकिं ओमिक्रॉन का केस अभी तक सामने नही आया है। लेकिन विदेश से आये युवक की रिर्पोट आने से ओमिक्रॉन की आशंका बढ गई है। ऐयरपोर्ट आर्थारिटी ने स्वास्थय विभा को जानकारी दी है कि विदेश से 6 लोगो की एंट्री मुंगेली जिले में हो चुकी है।

# शराब दुकान हटाने लामबंद हुए मोहल्लेवासी दुकान के सामने प्रदर्शन कर हटाने की मांग

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com




जुटमिल पुराना बस स्टैंड में संचालित शराब दुकान को हटाए जाने की मांग को लेकर क्षेत्रवासियों ने शनिवार को शराब दुकान के सामने प्रदर्शन किया गया, स्थानीय लोगों का कहना हैं कि जुटमिल मटन मार्केट में अवैध रूप से दूसरे क्षेत्र ढिमरापुर क्षेत्र का देसी शराब एवं विदेशी शराब दुकान रिहाइशी क्षेत्र में संचालित किया जा रहा है।

जबकि पूर्व में मध्यप्रदेश के समय मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह द्वारा जूट मिल क्षेत्र से देशी मदिरालय हटाने का आदेश दिया गया था, बस स्टैंड से छात्र एवं छात्राएं स्कूल जाते समय शराब दुकान से निकलने वाले नशे में छेड़खानी किया करते हैं। महिलाओं का बाहर निकलना मुश्किल हो जाता है।

इस क्षेत्र में अपराध बढ़ गया है। जबकि हरी टंडन द्वारा सरेआम चखना दूकान जोकि 100 मीटर दूकान से दूर होना चाहिए, वहां अवैध रूप से संचालित किया जा रहा है। विरोध करने पर मारने का धमकी दिया जाता है। इस क्षेत्र में असामाजिक तत्वों का डेरा हो गया है। आये दिन पॉकेटमारी, छिनताई और छेड़खानी होता रहता है। जनता में इस दूकान को लेकर भारी आक्रोश व्याप्त है।

इसलिए आज मोहल्लेवासियों ने इकट्ठे होकर कलेक्टर को इस आशय का ज्ञापन सौंपते हुए अतिशीघ्र जांच करा कर अवैध शराब दुकान को हटाने की मांग की है।

### क्या कहते हैं आबकारी अधिकारी

इस संबंध में सहायक आबकारी अधिकारी प्रकाश पाल का कहना है कि जूटमिल पुराना बस स्टैण्ड में संचालित शराब दुकान जूटमिल के नाम से है। स्थानीय जनता अगर विरोध कर रहे है तो जांच किया जाएगा। नियम विरूद्ध पाए जाने पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

# स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी स्कूल में व्यावसायिक मार्गदर्शन पर कार्यशाला आयोजित



पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली
www.dailypioneer.com

स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी विद्यालय दाऊपारा, मुंगेली में जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र मुंगेली की टीम द्वारा व्यावसायिक मार्गदर्शन पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला रोजगार अधिकारी मुंगेली व्ही. के. केडिया ने विस्तार पूर्वक एवं रोचक तरीके से कक्षा 10वीं, 11वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों को उनके आगामी लक्ष्य निर्धारण के विषय में जानकारी दिया। प्रश्नोत्तर के माध्यम से कार्यक्रम का संचालन करते हुए उन्होने बताया कि विद्यार्थीगण एक लक्ष्य बनाकर पढ़ाई करें एवं अपना पूरा ध्यान उस लक्ष्य प्राप्ति पर लगाएँ। लक्ष्य निर्धारण के लिए उन्होने रूचि, योग्यता एवं आर्थिक स्थिति को आवश्यक घटक बताया। सुश्री प्रकृति गौतम फेलो ऑफ महात्मा गांधी नेशनल फेलोशीप जिला मुंगेली ने कौशल विकास पर जानकारी देते हुए कहा कि हर विद्यार्थी में कुछ-न-कुछ प्रतिभा एवं विशेषता होती है जिन्हे हम समय पर उचित मार्गदर्शन के द्वारा पहचान कर विकसित कर सकते हैं। प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना की चर्चा करते हुए उन्होने कहा कि इन योजनाओं का लाभ उठाने के लिए हमें पात्र बनने की आवश्यकता होती है। कार्यक्रम में शाला के विद्यार्थियों को भविष्य हेतु व्यावसायिक मार्गदर्शन देने के लिए प्राचार्य डॉ. आई.पी. यादव ने रोजगार कार्यालय मुंगेली की टीम का धन्यवाद ज्ञापन करते हुए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में जी.एस. मसराम सहित व्याख्याता शबनम खान, पुष्पांजली कोशले, वंदिता गुप्ता, दीपांजली सोनी, रूही फातिमा, ज्याति जायसवाल, गजानंद कौशिक, डुलेश गबेल एवं हाई-हायर के सभी विद्यार्थीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता पारूल ओझा द्वारा किया गया।

# शिवरीनारायण नगर के केरा चौक में अंबेडकर प्रतिमा स्थापना एवं चौक की सौंदर्यीकरण की कार्य प्रारंभ हुआ

पायनियर संवाददाता ◄ शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com



शिवरीनारायण में डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा एवं चौक सौंदरीकरण का कार्य प्रारम्भ हुआ। छत्तीसगढ़ शासन के नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ शिव कुमार डहरिया द्वारा भूमि पूजन कर संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा स्थापना एवं चौक सौंदर्यीकरण कार्य के लिए लागत राशि 11 लाख 19 हजार सौंदरीकरण के लिए प्रस्तावित किया गया था जिसका कार्य अब शुरू हो गया है और चौक सौंदर्यीकरण के लिए भूमि पूजन कार्यकम के दौरान नगरी प्रशासन मंत्री शिव कुमार डहरिया जी द्वारा 19 लाख रुपया की लागत राशि से चौक को सौंदरीकरण करने के लिए घोषणा किया है और चौक पूर्ण रूप से लगभग 30 लाख की लागत से भव्य चौक निर्माण किया जाएगा। कार्यस्थल का जायजा लेने जनप्रतिनिधि पहुंचे। नगर पंचायत अध्यक्ष अंजनी मनोज तिवारी एवं टीम द्वारा निरीक्षण के दौरान मीडियाकर्मियों से बात करते हुए बताया कि यह चौक पहले से ही प्रस्तावित था किसी कारण वस चौक नही बन पाया था। जो की अभी बन रहा है। यह शहर का मुख्य चौक है मुख्य मार्ग केरा चौक में यहां संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की मूर्ति स्थापना होना समाज में संविधान के प्रति जागरूकता संदेश व संविधान का सम्मान करना सिखाएगा और उन्होंने आगे कहा यह चौक सांसद भवन दिल्ली के मॉडल जैसा हुबहू निर्माण किया जा रहा है। इस दौरान अध्यक्ष अंजनी मनोज तिवारी, उपाध्यक्ष राजेंद्र यादव पार्षद मनोज तिवारी, पिंटू भट्ट ,शिवशंकर सोनी, निरंजन कश्यप सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

# धार्मिक नगरी शिवरीनारायण में श्रीमद भागवत कथा महोत्सव सप्ताह का हुआ समापन

पायनियर संवाददाता ◄ शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com



धर्म एवं अध्यात्म की नगरी धार्मिक नगरी शिवरीनारायण में श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह का आयोजन विगत दिनों नगर के सत्संग भवन में संपन्न हुआ। कथाव्यास हनुमंत कृपा प्राप्त गुप्त कांशी नगरी लक्ष्मणेश्वर धाम खरौद के व्यास आचार्य ओम प्रकाश शर्मा ने श्रीमद भागवत कथा की अमृत रूपी कथा का श्रवण अपने मुखारविंद से कराया जहा आयोजक समिति , नगर के श्रद्धा लू भक्त सहित आसपास के श्रोताओं ने कथा श्रवण किया। वही कथा के दौरान देवरघटा धाम के संत शिरोमणि श्री श्री 108 श्री गोपाल दास महराज का आगमन कथा श्रवण हेतु हुआ। उन्होंने ने भक्तों को संबोधित करते हुए कहा कि यह धार्मिक नगरी में प्रभु राधा माधव की कथा महानदी के किनारे आप हम सभी श्रवण कर रहे है ये प्रभु की महती कृपा है। भगवान राघवेंद्र सरकार हनुमान जी की कृपा से कथा का आनंद ले पा रहे है। ये सब प्रभु की कृपा है इस कलयुग में राम नाम संकीर्तन और प्रभु की भक्ति ही मोक्ष की उचित मार्ग है अतः मानव तन प्राप्त करने का मुख्य उद्देश्य ही मोक्ष प्राप्ति है हम सबको प्रभु की भक्ति नियमित करते रहनी चाहिए। मंच से सबको आशीर्वाद दिए। वही कथा विश्राम दिवस में व्यास आचार्य ने कहा की। भागवत कथा का आयोजन धार्मिक नगरी के महानदी तट पर सुनना भक्ति करना ये भगवान की कृपा से ही संभव है। वर्तमान समय मे पूरा जन मानस भाग दौड़ में इस तरह उलझा हुआ है की भगवान की भक्ति नही कर पाता आप सभी बहुत सौभाग्य शाली है जो कि प्रभु की भक्ति को श्रवण कर रहे है। इस कथा के आयोजन कराने और सुनने वाले सभी श्रद्धालु श्रोता गण के ऊपर भगवान राधा माधव जी श्री शिवरीनारायण भगवान की कृपा है जो कि इस पवित्र तीर्थ स्थल में कथा श्रवण किए। साथ ही नित निरंतर इस धार्मिक नगरी में धर्म की गंगा अविरल बहती रहे सभी अपने धर्म के प्रति सजग रहे। कथा मंच से व्यास आचार्य ने कहा की पूरे कथा सप्ताह के दौरान जितना भी समय प्रभु की भक्ति में जिसने भी समय दिया।

### राम कथा मनुष्य को जीना सिखाती है : पंडित प्रकाश वैष्णव

पायनियर संवाददाता ◄ जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com



चांपा के निवास स्थान पर आयोजित श्रीराम कथा के चतुर्थ दिवस पर 4 दिसंबर को सुप्रसिद्ध कथावाचक पंड़ित प्रकाश कृष्ण वैष्णव महराज जी ने कृष्णप्रिया जी ने भगवान श्रीराम के जन्म महोत्सव के पश्चात् बाल लीलाओं, अहिल्या उद्धार, जनकपुर दर्शन की कथा का रसपान कराया,जिसे सुनने बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्त आनंदित होकर भक्तिभावना से झुमने लगे! बहुत ही सुन्दर अमृतमयी रामकथा की कुछ मनमोहक झलकियां प्रस्तुत किया गया हैं। आचार्य श्री वैष्णव महराजजी ने कहा कि भगवान राम के अवतरण और बाल लीलाओं की कथा मनुष्य में शक्ति का प्रदर्शन करके बुरी शक्तियों को नाश करने के बजाय उनके विकास में होने लग गया था इसी को त्रेता युग की संज्ञा दी गई हैं। पूरी मर्यादा और आदर्श के साथ भगवान श्रीराम ने अच्छें गुणों को विकसित किया। वास्तव में भगवान राम का चरित्र ही मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के आसुरी प्रवृत्तियों पर देवी-देवताओं की विजय गाथा को दर्शाता हैं। आचार्य श्री ने कहा कि कथा मनुष्य को झुकना सिखाता है।जिसप्रकार झुका हुआ वृक्ष कभी भी नहीं टूटता है। बल्कि ऊंचा खड़ा वृक्ष थोड़े से ही हवा और तेज़ बारिश से धरा शाही हो जाता है और वह जल्दी ही टूट जाता है।

### स्वास्थ्य विभाग ने शासकीय लक्ष्मणेश्वर महाविघालय खरौद में कैम्प लगाकर 45 छात्र-छात्राओं को लगाया वैक्सीन




पायनियर संवाददाता ◄ शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com

शासन आम जनता को कोरोना के तीसरे लहर के कहर से बचाने 100 प्रतिशत वैक्सीनेशन का लक्ष्य रखा है और इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए स्वास्थ्य विभाग हर संभंव प्रयास कर रही है इसी तारतम्य में पामगढ़ विकास खण्ड चिकित्सा अधिकारी के निर्देश पर सीएचसी खरौद के द्वारा 4 दिसम्बर शनिवार को शासकीय लक्ष्मणेश्वर महाविघालय खरौद में दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक कैम्प लगाकर महाविघालय के 45 छात्र-छात्रओं और स्टाप के कर्मचारी तथा प्राध्यापकों को वैक्सीन लगाया गया जिसमें प्रथम डोज वैक्सीन लगवाने वालों की संख्या अधिक था। कैम्प में वैक्सीनेशन कार्य प्रारंभ होने के पूर्व महाविघालय के प्रभारी प्राचार्य प्रो.जी. एन. भतपरे ने छात्र छात्रओं को वैक्सीन लगवाने के लिए प्रेरित किया जिसके फलस्वरूप महाविघालय के छात्र-छात्राएं उत्साह पूर्वक वैक्सीन लगवाया। इस वैक्सीनेशन के कार्य को सीएचसी खरौद के स्वास्थ्यकर्मी गयात्री शर्मा और लक्ष्मी मौर्य ने किया तथा उन्हे इस कार्य को पूरा करने में महाविघालय के प्रोफेसर डॉ सी. बी. खुटे एवं लैब टेक्नेशियन तुमन साहू ने सहयोग प्रदान किया।

# घरघोड़ा के नगर पंचायत उपाध्यक्ष उस्मान निलंबित

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com




छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी

-: निलंबन आदेश :-

प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने घरघोड़ा नगर पंचायत उपाध्यक्ष उस्मान बेग को पार्टी सदस्यता से निलंबित कर दिया है। दो साल पहले घरघोड़ा में हुए नगरीय निकाय चुनाव में हुए अध्यक्ष निर्वाचन के दौरान पार्टी संगठन के अधिकृत प्रत्याशी के विरूद्ध भीतरघात तथा वर्तमान विपक्षी भारतीय जनता पार्टी को खुलकर समर्थन करते हुए पार्टी विरोधी कार्यो में संलिप्त रहने का मामला सामने आया था।

सियासी घमासान ने अब जाकर नया मोड ले लिया है। नगर पंचायत घरघोड़ा से कांग्रेस के पक्ष में बहुमत होनें के बावजूद अध्यक्ष बीजेपी का बनने के मामले में अब पार्टी ने कार्रवाई का रूख किया है। पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी के विरूद्ध काम करने को लेकर नगर पंचायत उपाध्यक्ष उस्मान बेग को पार्टी ने सदस्यता से निलंबित कर दिया है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मोहन मरकाम के आदेश पर प्रभारी महामंत्री की ओर से निलंबन का आदेश जारी किया गया है। मामले को लेकर घरघोड़ा ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष शिव कुमार शर्मा ने बताया कि विधायक लालजीत राठिया के साथ ब्लाक कांग्रेस की ओर से भी कार्यवाही करने पत्र लिख गया था। गौरतलब हो कि नगर पंचायत घरघोड़ा में कांग्रेस का बहुमत होनें के बाद भी बीजेपी का अध्यक्ष निर्वाचित हो गया था और इस मामले में नगर पंचायत के वर्तमान उपाध्यक्ष उस्मान बेग पर भीतरघात कराने का कांग्रेसियों ने ही आरोप लगाते हुए पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों से इसकी शिकायत की थी। इस मामले में अब दो साल बाद कार्रवाई जरूर हुई है लेकिन इतनी देरी को लेकर भी पार्टी के भीतर की स्थिति समझी जा सकती है।

# ढाबा खाने जा रहे तीन ड्रायवरों से लूटपाट

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com



छाल रोड बाईपास चैक घरघोडा में ढाबा के सामने पैदल ढाबा खाना खाने जा रहे तीन ड्रायवरों के साथ मोटर सायकल में आये तीन युवक उन्हें डरा धमकाकर तीनों के मोबाइल और नकदी रकम 500 रूपये लूटपाट कर भाग गये थे। घटना की सूचना मिलते ही घरघोड़ा टीआई अमित सिंह वरिष्ठ अधिकारियों के दिशा निर्देशन पर घरघोड़ा थाने एवं सीमावर्ती थाना पूंजीपथरा, लैलूंगा, छाल, तमनार एवं धरमजयगढ़ को नाकेबंदी का पाइंट देकर अपने स्टाफ के साथ आरोपियों के ठिकानों में दबिश दिया गया। मिली जानकारी अनुसार रात्रि 8.30 बजे एफसीआई गोदाम घरघोडा में ड्रायवर अपने दो साथी ड्रायवर के साथ खाना खाने पैदल ढाबा जा रहे थे कि बाईपास गोहडीडीपा चैक महंत ढाबा के पास घरघोडा बस्ती की ओर से मोटर सायकल पर तीन लड़के आये और इन्हें डरा धमकाकर इनसे तीन मोबाइल और 500 रूपये को लूटकर भाग गये। देर रात्रि प्रार्थी रामाशंकर पटेल थाना घरघोड़ा पहुंचकर थाना प्रभारी घरघोड़ा निरीक्षक अमित सिंह को लूटपाट की जानकारी दिया। लूटपाट करने वाले घरघोड़ा के कृष्णा खाण्डे, मिथलेश खाण्डे और शातीर बदमाश बाबी सारथी के द्वारा कराने की जानकारी मिली , प्रार्थी के रिपोर्ट पर थाना घरघोड़ा में अपराध दर्ज कर इलाके की नाकेबंदी कर टीआई अमित सिंह के नेतृत्व में पुलिस पार्टी द्वारा दबिश दिया गया, जिसमें महज कुछ घंटे के भीतर आरोपी कृष्णा खांडे पिता पुनीराम खांडे उम्र 20 साल निवासी घरघोड़ा को पकडा गया। आरोपी ने पूछताछ में अपने दो साथी मिथलेश खाण्डे और बाबी सारथी के साथ घटना कारित करना स्वीकार किया है।


**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, महासमुन्द (छ.ग.)**

E-mail id:- eemah-phe-cg@nic.in Telephone :- 07723-223731

क्र. 10226/व.ले.लि./जि.ज.स्व.मि./का.अ./2021/महासमुंद दिनांक 27/11/2021

**// ई- प्रोक्योरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना //**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत पंजीकृत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है।

**कार्य का नाम :-** महासमुंद जिले के विभिन्न ग्रामों में जल जीवन मिशन अन्तर्गत स्कूल/आंगनबाड़ी केन्द्र एवं अन्य शासकीय संस्थानों में जल प्रदाय योजनाओं के समस्त कार्य।

| निविदा क्रमांक व दिनांक | सिस्टम निविदा क्रमांक | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू. लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 383/27-11-2021 | 87622 | ग्राम पंचायत बोकरामुड़ा कला 1, बोकरामुड़ा कला 2, बोईरगांव 1, बोईरगांव 2, पतेरापाली 1, पतेरापली 2 एव भलेसर विकासखण्ड बागबाहरा | 34.34 |
| 384/27-11-2021 | 87624 | ग्राम पंचायत मोंहदी, कौंसरा, बाघामुडा, कलमीदादर, एम. के. बाहरा, बसूलाडबरी, उखरा 1 एवं उखरा 2 विकासखण्ड बागबाहरा | 28.61 |
| 385/27-11-2021 | 87626 | ग्राम पंचायत अमलोर, जोबाकला, पथरी, पासिद, पीढ़ी सिरपुर 1, सिरपुर 2 एवं सुकुलबाय विकासखण्ड महासमुंद | 42.29 |
| 8/27-11-2021 | 87628 | ग्राम पंचायत बेलटुकरी, कनेकेरा, कौंदकेरा, मानपुर, पाली, सिंघी, सोरम, तोरला 1 एवं तोरला 2 विकासखण्ड महासमुंद | 41.09 |
| 387/27-11-2021 | 87629 | ग्राम पंचायत मोंगरा, कोसरंगी, अचानकपुर 1, अचानकपुर 2, बनपचरी 1, बनपचरी, बिरकोनी 1, बिरकोनी 2 एवं खैरझिटी विकासखण्ड महासमुंद | 37.45 |
| 388/27-11-2021 | 87630 | ग्राम पंचायत अटठारहगुडी, कंचनपुर, जामजुडा, सिरको, कोकोभाठा एवं डोंगरीपाली विकासखंड पिथौरा | 31.73 |
| 389/27-11-2021 | 87621 | ग्राम बरेकेल, छोटेलोरम, ढोढरकसा, परसवानी, सांई सरायपाली 1 एवं साई सरायपाली 2 विकासखण्ड पिथौरा | 44.24 |
| 390/27-11-2021 | 87632 | ग्राम पंचायत बेलडीह, चिखली, मातरदरहा रिखादादर, सूखीपाली 1, सूखीपाली 2 एवं उतेकेल विकासखण्ड पिथौरा | 37.75 |
| 391/27-11-2021 | 87634 | ग्राम पंचायत सलडीह, दूरूगपाली, सपोस, नवागांव खुर्द, चरौदा बोईरलामी एवं अमलीडीह विकासखण्ड पिथौरा | 31.33 |

2. उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेबपोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।
3. निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि 20.12.2021 सायं 5.30 बजे तक तथा निविदा खुलने का दिनांक 28.12.2021

**कार्यपालन अभियंता**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, महासमुंद**

G- 65635/5


## निधन

### राजेश कुमार राठौर



**सक्ती।** सक्ती विकासखंड के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला भुरसीडीह (जेठा) में पदस्थ शिक्षक राजेश कुमार राठौर का आकस्मिक निधन विगत दिनांक- 30 नवंबर को हो गया, स्व. राजेश राठौर डाक विभाग शक्ति में पदस्थ नरेश कुमार राठौर एवं स्वास्थ्य विभाग में पदस्थ किरण राठौर के भाई थे, राजेश राठौर के निधन पर लोगों ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की है।

# बच्चों में सर्वांगीण विकास हेतु गतिविधियां

पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली
www.dailypioneer.com




रविंद्र भारती उच्च माध्यमिक विद्यालय मदनपुर में प्रत्येक शनिवार को अलग-अलग विषयों पर अनेक प्रकार की गतिविधियां कराई जाती है इस शनिवार को सभी बच्चों के बीच में परीक्षा की तैयारी के विषय को लेकर के भाषण प्रतियोगिता आयोजन किया गया, साथ ही योग का कार्यक्रम किए गए तत्पश्चात हमारे बीच अतिथि के रूप में श्री सीताराम श्रीनेत्र ट्राइबल क्षेत्र प्राचार्य को बुलाकर बच्चों को बच्चों के मार्गदर्शन दिए सभी बच्चे भाषण प्रतियोगिता में बढ़ चढ़कर भाग लिया जिसमें स्थान गुनगुन यादव क्लास आठवी,दूसरा स्थान प्रदीप कुमार क्लास 12 वी, तीसरा स्थान यन्जिता बारमते 8वी, चौथा स्थान प्राची सूर्यवंशी क्लास 3 री इन सभी ने परीक्षा के विषय में बहुत अच्छा से अपना विचार रखें साथ ही स्काउट्स गाइड्स के तृतीय सोपान शिविर प्रशिक्षण प्राप्त करके आये सभी बच्चों को प्रमाण पत्र देकर सम्मान किये । तत्पश्चात प्राचार्य मनोहर यादव के द्वारा सभी बच्चों को परीक्षा के विषय में और कई अन्य टिप्स दिए बच्चे आगे बढ़ने के लिएहमारे पास अनेक प्रकार के विकल्प है जिसमें हम अपना भविष्य बना सकते हैं बस हमको अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए नित्य प्रयास करते रहना चाहिए बिना लक्ष्य के हम किसी भी मंजिल को प्राप्त नहीं कर सकते। इस प्रकार सभी बच्चो व अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित किये।

# सड़क दुर्घटना में मासूम की मौत मामले में डीएसपी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com




बोईरदादर स्टेडियम के पास एक बच्चे की सड़क दुर्घटना में मौत हो जाने के मामले में पुलिस ने अपने ही डीएसपी को गिरफ्तार किया है। हालांकि जमानती धारा होने के कारण उन्हें तत्काल जमानत भी मिल गई लेकिन पहले माना जा रहा था कि पुलिस अधिकारी की गाड़ी होने के कारण उन पर कार्रवाई नहीं होगी पर एसपी रायगढ़ ने इस मामले में तत्काल कार्रवाई कर अटकलों पर विराम लग दिया। विदित रहे कि 12 दिन पहले बोईरदादर स्टेडियम के पास 10 वर्षीय बच्चा लव्य मोदी अपने साईकल से जा रहा था उसी समय एक कार चालक ने अपना दरवाजा खोला जिससे वह गिर पड़ा तभी एक तेज रफ्तार गाड़ी ने उसे कुचल दिया जिससे उसकी मौत हो गई। इसके बाद लोगों ने आरोपियों के गिरफ्तारी की मांग की थी। कुछ दिन बाद कार ड्राइवर जिसने लापरवाही पूर्वक दरवाजा खोला था उसे कोरबा से गिरफ्तार तो कर लिया गया लेकिन सवाल यही बना हुआ था कि क्या आरोपी डीएसपी गिरफ्तार होंगे ? रायगढ़ एसपी अभिषेक मीणा ने बताया कि शुक्रवार को मृतक बालक लव्य मोदी के परिजन आये थे।

# शिक्षा के दीपक ने नक्सलवाद केअंधेरे से दूर किया : यू.डी. मिंज

## मिंज ने पढ़ाई तुंहर दुआर में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 81 शिक्षकों का किया सम्मानित

पायनियर संवाददाता ✓ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



विधायक यूडी मिंज की पहल पर दुलदुला विकासखंड में शिक्षक सम्मान समारोह 2021 बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस समारोह में 18 सेवानिवृत्त शिक्षकों को भी सम्मानित कर आत्मीय विदाई दी गई। इस समारोह में पढ़ाई तुंहर दुआर के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाले 78 शिक्षकों व 3 जिला स्तर पर उल्लेखनीय कार्य करनेवाले शिक्षकों का सम्मान किया गया। शिक्षक सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि कुनकुरी विधायक व संसदीय सचिव यूडी मिंज ने सभी शिक्षकों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण ,पूजा एवं सरस्वती वंदना के साथ प्रारम्भ किया गया। इस कार्यक्रम में शिक्षकों को संबोधित करते हुऐ संसदीय सचिव यूडी मिंज ने कहा कि 1908 में एक स्कूल था उसके बाद से जशपुर में अनवरत शिक्षा का बयार बह रहा है। शिक्षा के कारण यहां नक्सलवादी अपनी पैठ नहीं बना पाए। हमारी कोशिश है कि क्षेत्र की प्रतिभाओं को शिक्षकों के माध्यम से निखार कर सामने आए। उन्होंने कहा कि स्कूलों में आपस मे कम्पटीशन हो इससे और बेहतर परिणाम आएंगे और हमारा ब्लॉक एक मॉडल बन जाएगा। गुरुजन भगवान के रूप है क्योंकि आप समाज का निर्माण करते है आप बड़ी जिम्मेदारी के साथ काम करते हैं जिससे एक पीढी संवरती है। शिक्षको को शराब की लत से दूर रहकर अपनी जिम्मेदारी सही ढंग से निभाने की सलाह दी। शिक्षा को बेहतर करना मेरी पहली प्राथमिकता है। आने वाले समय मे दुलदुला में भी संकल्प शिक्षण खुलेगा मेरा यही प्रयास है।

**सम्मान मिल का पत्थर साबित होगा**

कार्यक्रम को विनोद गुप्ता नोडल अधिकारी यशस्वी जशपुर ने कहा कि ये शिक्षक सम्मान आने वाले समय उत्कृष्टता की ओर ले जाएगा जो कि मील का पत्थर साबित होगा।इस आयोजन की पहल के लिए उन्होंने विधायक यूडी मिंज को धन्यवाद दिया जनपद अध्यक्ष चन्द्रप्रभा भगत ने कहा कि समाज और देश को आगे बढ़ाने का काम करते हैं शिक्षक बच्चों के भविष्य को निखारने के लिए निःस्वार्थ भाव से काम करते हैं ।जनपद उपाध्यक्ष कपिलदेव साय ने भी सभा को संबोधित करते हुए कहा गुरुजनों की तुलना में कोई अन्य नहीं है।अरविंद साय ने कहा कि शिक्षक समाज का निर्माण करते हैं।इस अवसर पर उन्होंने अपने गीत भी गाकर सुनाया।

**कोविड में भी आगे रहे शिक्षक**

ज्ञात हो कि शिक्षकों का सम्मान कोविंड 19 के समय पूरी लगन और निर्भिकता के साथ अपने कर्तव्य पर डटकर अपनी कर्मठता का परिचय देकर अपने व्यक्तित्व का परिचय दिया। शिक्षकों ने विभिन्न माध्यम जैसे मुहल्ला क्लास, ऑनलाइन क्लास वर्चुअल क्लास संपर्क क्लास आदि नवाचारों के माध्यम से अध्यापन कार्य की निरन्तरता को बनाए रखा। विपरीत परिस्थितियों में अपने कर्तव्य पथ पर अडिग बने रहने की इनके सोच और इनके कार्य उत्कृष्ट कार्य के लिए इन शिक्षकों को सम्मान दिया गया है।

**कार्यक्रम में ये रहे शामिल**

उक्त कार्यक्रम में विभिन्न स्कूलों की शिक्षिकाओं और शिक्षकों ने भी अपनी प्रतिभा का परिचय देते हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया इसके साथ ही दुलदुला विकासखंड के शासकीय हायरसेकेंडरी स्कूल सिमडा,शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल दुल्दुला, शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल कोरना, अशासकीय सेंट मेरी हायर सेकेंडरी स्कूल दुलदुला, लोकनृत्य कर्मा की प्रस्तुति में बांसुरी वादक नरसिंग यादव खूंटिटोली निवासी और मांदर वादक कार्तिकेश्वर आचार्य शिशुमन्दिर दुलदुला के साथ हायर सेकंडरी दुलदुला के छात्रों ने सुंदर प्रस्तुति दी। शिशु मंदिर स्कूल बिपतपुर के छात्राओं के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया।

उल्लेखनीय है कि दोनों वादकों ने पद्मश्री मधु मंसूरी व मुकुंद नायक झारखंड के लोकगायकों के साथ संगत करते हैं। सभी बच्चों एवं कलाकारों को सम्मानित किया गया।

**ये रहे कार्यक्रम में उपस्थित**

कार्यक्रम में चन्द्रप्रभा भगत जप अध्यक्ष, कपील देव साय उपाध्यक्ष,जनपद सदस्य राजकुमार सिंह, ईमिल लकड़ा बीडीसी (पिंकी गुप्ता बीडीसी, सुदर्शन नायक बीडीसी, उर्मिला बड़ाईक बीडीसी, उर्मिला सिदार बीडीसी ,अनिता यादव, अरविन्द साथ ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष, सुष्मा लकड़ा सरपंच, मनोहर मिंज., लक्ष्मण राठिया तहसीलदार, विनोद गुप्ता यशस्वी जशपुर के नोडल अधिकारी) मार्टिन खलखो बीईओ, दीपेंद्र सिन्हा बी आर सी सी दुलदुला सहित दुलदुला विकास खंड के समस्त शासकीय, अशासकीय प्राथमिक माध्यमिक हाईस्कूल हायरसेकंडरी स्कूलों के शिक्षक उपस्थित रहे।

**इन्हें किया गया सम्मानित**

- विनोद कश्यप
- जोलसन किस्पोटटा
- गौरी शंकर निराला
- दौलत राम माझी
- सुरेन्द्र राम चौहान
- जेरोमिना मिज
- एथेलरिडा लकड़ा
- मनोनित खेस्स
- यू.के.वर्मा
- इसहाक तिग्गा
- किशुन सिंह गौतम
- जगदीश खलखो
- सुमियानुस खबखो
- राजेश लक्ष्ध
- शंकर राम यादव
- इवेंथ लकड़ा
- निर्मला खलखो

# शराब नहीं देने पर विधवा महिला की हत्या कर शव कुंआ में फेंकने वाला आरोपी हुआ गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ✓ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com




मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि 26 नवंबर को प्रार्थी महेश राम निवासी गम्हरिया ने थाना सिटी कोतवाली जशपुर में सूचना दिया कि गम्हरिया निवासी रीना देवी उम्र लगभग 30 वर्ष की लाश उसके कुंआ में पड़ा हुआ है। सूचना पर अविलंब थाना कोतवाली जशपुर से निरीक्षक लक्ष्मण सिंह धुर्वे हमराह स्टॉफ के मौके पर जाकर मृतिका रीना देवी के शव का पंचनामा कार्यवाही कराकर शव का पी.एम. कराया गया, रिपोर्ट में मृतिका की मृत्यू परिस्थितिजन्य साक्ष्य पर निर्भर होना लेख किये हैं। जॉच दौरान गवाहों ने अपने कथन में बताया कि मृतिका रीना देवी के पति की मृत्यू 02 वर्ष पूर्व हो चुकी है, मृतिका अपनी 02 बेटियों एवं सास के साथ अलग घर में रहती थी तथा चना, मुंगफली एवं देशी महुआ शराब बनाकर बिक्री करती थी। दिनांक 25 नवंबर की शाम लगभग 07:30 बजे मृतिका रीना देवी अपने घर में बेटियों एवं सास के साथ में थी, मृतिका बाहर किचन रूम में अकेली थी, उसी दौरान एक अज्ञात व्यक्ति उसके घर में आया और घर का दरवाजा व लाईट को बंद कर मृतिका रीना देवी को खींचकर धक्का देकर पास में स्थित कुंआ में गिराकर हत्या कर वहां से भाग गया।

आरोपी को मोटर सायकल से भागते हुए उसकी बेटियों ने देखा। थाना सिटी कोतवाली जशपुर में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 302 भा.द.वि. के तहत् अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की विवेचना दौरान संदेही आरोपी बसंत महतो का पता-तलाश कर हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर बताया कि उसका मृतिका के घर हमेशा आना-जाना लगा रहता था। घटना दिनांक को बसंत महतो मृतिका के घर स्थित किचन में आकर मृतिका से शराब की मांग करने लगा। मृतिका द्वारा शराब देने से मना करने एवं छेड़छाड़ करने पर रिपोर्ट कर दूंगी कहने पर आरोपी बसंत महतो द्वारा नाराज होकर झगड़ा विवाद कर उसके घर के दरवाजा एवं लाईट को बंदकर मृतिका को खींचते हुये कुंआ में ले जाकर गिराकर हत्या कर दिया, उसके पश्चात् मोटर सायकल क्र सी.जी. 14 एम.ए./2771 से वह भाग गया। आरोपी के मेमोरंडम कथन अनुसार घटना में प्रयुक्त पैशन प्रो मोटर सायकल को जप्त कर आरोपी बंसत खलखो उम्र 37 वर्ष निवासी बरटोली थाना डुमरी जिला गुमला (झारखंड) को शनिवार को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। प्रकरण की विवेचना एवं आरोपी को गिरफ्तार करने में थाना प्रभारी निरीक्षक लक्ष्मण सिंह धुर्वे, प्र.आर. मिथलेश यादव, आर. 596 शोभनाथ सिंह, आर. 169 पवन पैंकरा, आर. धीरेन्द्र मधुकर, सहा.आर. 01 जगजीवन यादव की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# छिबर्रा में नीलांचल कार्यालय उद्घाटन में उमड़ा जन सैलाब, दिव्यांग को ट्राई साइकिल एवं बुजुर्गों का सम्मान कर लिया आशीर्वाद

पायनियर संवाददाता ✓ बसना
www.dailypioneer.com



नर सेवा नारायण सेवा के उद्देश्य के साथ नीलांचल सेवा समिति के संस्थापक एवं पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष सम्पत अग्रवाल ने रविवार को जनसेवा कार्यालय का उद्घाटन बसना विधानसभा के पिथौरा क्षेत्र के छिबर्रा ग्राम में धूमधाम से नवीन कार्यालय उद्घाटन किया गया। अग्रवाल ने प्रभु जगन्नाथ स्वामी की पूजा-अर्चना कर मंत्रोच्चार के साथ फीता काटकर शुभारंभ किया गया। सेक्टर कार्यालय उद्घाटन कार्यकम में नीलांचल कार्यालय पिथौरा से नगर भ्रमण करते हुए सैकड़ों बाईक रैली के के ग्राम छिबर्रा पहुंची। अग्रवाल का जगह-जगह पुष्पहार से स्वागत किया गया। गाँव के मुख्य द्वार में जमकर आतिशबाजी करते हुए बाजे गाजे के साथ स्वागत किया। ग्राम के युवाओं, माताओं-बहनो एवं बुजुर्गों ने आत्मीय स्वागत किया. जनसभा को संबोधित करते हुए नीलांचल सेवा समिति के सेवा कार्यो के बारे में विस्तार से बताया। शिक्षा सहित खेलकूद को ब?ावा देते हुए आमजन की मूलभूत समस्याओं को समाधान करते हुए सम्बन्धित अधिकारी तक पहुचाने का कार्य नीलांचल के सेक्टर प्रभारी व ग्राम प्रमुख द्वारा किया जाएगा। स्वास्थ्य से संबंधित आपातकालीन सेवा उपलब्ध कराना पहली प्राथमिकता है। नीलांचल सेवा समिति द्वारा परिचय पत्र बनाया जा रहा है जिससे छत्तीसगढ़ के अत्यधिक अस्पतालो में इलाज हेतु सुविधा दी जाएगी। इसी कार्ड के माध्यम से ईलाज की सुविधा तत्काल प्रदाय होगी. गरीब एवं निःशक्तजनों का ईलाज निःशुल्क करवाने की बात कही। नगर पंचायत अध्यक्ष गजेन्द्र साहू, उपाध्यक्ष सुमित अग्रवाल, छिबर्रा ग्राम के सरपंच मथुरा प्रसाद, नीलांचल के मीडिया सलाहकार एवं बसना प्रभारी जर्नलिस्ट प्रकाश सिन्हा, सेक्टर प्रभारी स्वप्निल तिवारी, हरजिंदर सिंह, संतोष मांझी, सोनू छाबड़ा, किरण पटेल, प्रमोद प्रधान, वेदराम कोसरीया, उपेन्द्र साव, भोज कुमार साव, कमलेश साव, लोकनाथ साव, उत्तर पटेल, अनिल अग्रवाल, कमल साहू, राजेश मिश्रा, रोहित प्रधान, तुलसी भोई, राजेन्द्र सिन्हा, चमरा स्वर्णकार, ब्रजेंद्र प्रधान, अजय प्रधान, विजय पटेल, लखन परमार, प्रताप साव, रविलाल चौहान, डॉ. संजय गोयल, रेशमलाल प्रधान, अरुण स्वर्णकार, जयन्त साव, महेन्द्र साव, जगतराम, तुलाराम पटेल, सोनू तिवारी, प्रहल्लाद बुढ़ेक, सेतराम बरिहा, नीलमणी प्रधान, छिबर्रा सेक्टर से प्रभारी चमन सेन, परसु कन्नौजे, तिरित राम पटेल, मेघसिंग यादव, तुलाराम सिन्हा, नारायण निर्मलकर, मुरलीधर यादव, रमाशंकर साहू समेत हजारों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। दिव्यांग को ट्राई साइकिल, बुर्जुर्गो को साल श्रीफल एवं छात्रों को मोमेंटो से सम्मानित कार्यक्रम के दौरान सम्पत अग्रवाल ने अलग-अलग ग्राम के बुर्जुर्गो का साल श्रीफल से सम्मान कर आशीर्वाद लिया। वहीं ग्राम छिबर्रा निवासी लक्ष्मी लाल दीवान को शासन-प्रशासन से सहयोग नही मिलने पर नीलांचल सेवा समिति के संस्थापक सम्पत ने कार्यालय शुभारंभ के दौरान ट्राई दिव्यांग को ट्राईसाइकिल प्रदाय किया। स्कॉउट गाइड में राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित अंचल के 16 छात्रों को मोमेंट के साथ नीलांचल सम्मान से नवाजा गया।

# जिला अस्पताल और आयुष्मान अस्पताल ने पुलिस के जवानों व उनके परिवारों का किया स्वास्थ्य चेकअप

**पुलिस लाइन में किया गया एक दिवसीय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन**

पायनियर संवाददाता ✓ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



पुलिस अधिकारी/कर्मचारी अपने कर्तव्यों के निर्वहन के दौरान कार्य की अधिकता एवं व्यस्तता के कारण स्वयं एवं परिवार के सदस्यों के स्वास्थ्य की देखभाल एवं स्वास्थ्य चेकअप आदि समय पर नहीं करा पाते हैं, इस बात को ध्यान में रखते हुए रविवार को पुलिस लाईन जशपुर परिसर में पुलिस मुख्यालय द्वारा जारी ''विश्वास अभियान'' एवं ''स्पंदन कार्यक्रम'' के तहत पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल (भा.पु.से.) के दिशा-निर्देश एवं मार्गदर्शन में एक दिवसीय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें जिला अस्तपाल एवं आयुष्मान अस्पताल जशपुर के डॉक्टरों एवं उनकी संयुक्त स्वास्थ्य टीम द्वारा पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों एवं पुलिस परिवार के 50 से अधिक महिलाओं एवं पुरूषों का ब्लड प्रेशर, शुगर, आर्थोपेडिक चेकअप सहित अन्य स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का चेकअप किया गया तथा उन्हें स्वास्थ्य लाभ हेतु उपयोगी परामर्श देते हुए औषधि वितरण की गई। उक्त स्वास्थ्य शिविर में पुलिस अधीक्षक जशपुर विजय अग्रवाल, जिला अस्पताल जशपुर से डॉक्टर अनुभा लकड़ा, डॉक्टर गायत्री ओहदार, आयुष्मान अस्पताल जशपुर से डॉक्टर मधुलिका श्रीवास्तव, डॉक्टर मयंक श्रीवास्तव, रक्षित निरीक्षक जशपुर विमलेश कुमार देवांगन, यातायात प्रभारी सूबेदार सौरभ चन्द्राकर सहित बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिजन उपस्थित रहे।

# नगर पंचायत शिवरीनारायण ने स्वच्छता दीदियों का किया सम्मान

**शिवरीनारायण।** जांजगीर चांपा जिले के नगर पंचायत शिवरीनारायण को स्वच्छता के क्षेत्र में शहह्यर को स्वच्छ रखने के लिए राष्ट्रपति द्वारा स्वच्छता में थ्री गार्बेज पुरुस्कार मिला है। इसी सम्मान की कड़ी में आज नगर पंचायत शिवरीनारायण के डॉक्टर भीम राव अम्बेडकर मांगलिक भवन में स्वच्छता के क्षेत्र में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले स्वच्छता दीदियों को साल, श्रीफल और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया जहां स्वच्छता सम्मान समारोह के इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से नगर पंचायत अध्यक्ष अंजनी मनोज तिवारी, उपाध्यक्ष राजेंद्र यादव नगर पालिका अधिकारी संध्या वर्मा, पार्षद मनोज तिवारी,पिंटू भट्ट, रीना तिवारी, शिवशंकर सोनी, निरंजन कश्यप,लक्ष्मण चौहान, सागर केशरवानी, निरंजन कश्यप सरस्वती निषाद, विक्की ठाकुर, रामचरण कर्स ,ओमप्रकाश सुल्तानिया,देबू अग्रवाल ,नीलेश अग्रवाल स्वच्छता के क्षेत्र में काम करने वाले स्वच्छता दीदी और नगर पंचायत सभी सहायक अधिकारी कर्मचारी सहित आम नागरिक मौजूद रहे। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष अंजनी मनोज तिवारी ने स्वच्छता के क्षेत्र में काम करने वाले दीदियों और आम नागरिक को स्वच्छता की ओर जागरूक करते हुए कहा कि टेम्पल सिटी शिवरीनारायण को राष्ट्रपति द्वारा स्वच्छता के क्षेत्र में थ्री स्टार से सम्मानित किया गया, हमारे नगर के लिए बड़े ही गर्व की बात है परंतु हम आगे और चलकर स्वच्छता के क्षेत्र में अच्छे कार्य करेंगे और नगर को पूर्ण रूप से स्वच्छ रखने का अथक प्रयास करेंगे जिससे कि आगामी हमारा नगर पंचायत शिवरीनारायण थ्री स्टार से नहीं बल्कि फाइव स्टार से राष्ट्रपति के हाथों सम्मानित हो।

# परिचय सम्मेलन की तैयारी जोरों पर, पदाधिकारी जमीनी स्तर पर मेहनत करते हुए दिख रहे हैं

पायनियर संवाददाता ✓ लवन
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ निषाद समाज रायपुर महानगर महिला एवं पुरुष इकाई के संयुक्त तत्वावधान में 2019 की तरह इस बार भी प्रदेश स्तरीय निषाद/केवट युवक युवती परिचय सम्मेलन एवं सम्मान समारोह का भव्य एवं शानदार आयोजन 12 दिसम्बर 2021 को राजधानी रायपुर के हृदय स्थल पंडित दीन दयाल उपाध्याय आडोटोरियम में पूर्व वर्ष की भांति इस वर्ष भी प्रदेश स्तरीय 20वा युवक युवती परिचय सम्मेलन रखें गए हैं। जिसकी तैयारी विगत कुछ माह से सघन प्रचार प्रसार छत्तीसगढ़ निषाद समाज रायपुर महानगर के अध्यक्ष बसन्त निषाद ,प्रदेश अध्यक्ष दानसिंह निषाद, महिला प्रकोष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष मीना निषाद, प्रदेश मीडिया प्रभारी गोलू कैवर्त सहित अन्य पदाधिकारियों के कुशल नेतृत्व एवं सकारात्मक मार्गदर्शन में जमीनी स्तर पर जारी है। सामाजिक लोगों को घर जाकर कार्यक्रम में आने हेतु आमंत्रित पदाधिकारी द्वारा दिये जा रहे हैं। सामाजिक लोगों में कार्यक्रम को लेकर जबदरस्त उत्साह एवं उमंग देखने को मिल रहा है।कोरोना की दूसरी लहर के बाद सामाजिक लोगों को एक मंच पर सामाजिक गतिविधियों में सम्मिलित होने का सुनहरा अवसर समाज के वरिष्ठ जनों को प्रदान किये जा रहे हैं जो वाकई में काबिले तारीफ है। परिचय सम्मेलन होने से बहुत सारे रिश्ते सम्मेलन के माध्यम से तय होते आ रहा है जो सम्मेलन की सफलता में महत्वपूर्ण प्लेटफार्म साबित हुआ है। इस तरह के सम्मेलन से रिश्ते तलाशने में सामाजिक लोगों को सरल एवं सुगम भरी प्लेटफार्म की प्राप्ति होने से छत्तीसगढ़ निषाद समाज के हर वर्ग लाभान्वित हुआ है।इस सम्बंध में रायपुर महानगर के अध्यक्ष बसन्त निषाद, प्रदेश अध्यक्ष दानसिंह निषाद ,मीना निषाद ने वरिष्ठ पत्रकार गोलू कैवर्त से चर्चा करते हुए कहा कि परिचय सम्मेलन का आयोजन कराने का सौभाग्य प्राप्त होना सही मायने में एक सकारात्मक प्लेटफार्म की नींव बनाने का उत्तम अवसर है। जिससे समाज के सभी लोगों के सकारात्मक सहयोग के बिना संभव नहीं था, छत्तीसगढ़ निषाद समाज के युवाओं, बड़े बुजुर्गों ,एवं बुद्धिजीवी वर्गों का विशेष योगदान रायपुर महानगर को मिलते आ रहे हैं।

**अनुसूचित विकास विभाग के अंतर्गत आवासीय विद्यालयों, आश्रम छात्रावासों को सामग्री आपूर्ति के लिए स्व-सहायता समूह को सम्बद्ध किया गया**

# कलेक्टर का फरमान, स्व-सहायता समूहों के माध्यम से ही छात्रावास आश्रमों में किया जाएगा सामग्री खरीदी

पायनियर संवाददाता ✓ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिले के स्व-सहायता समूहों की महिलाओं को स्वावलंबी बनाने एवं समूह के सदस्यों को जीविकोपार्जन के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से आदिम जाति अनुसूचित विकास विभाग के अंतर्गत आवासीय विद्यालयों, आश्रम छात्रावासों को सामग्री आपूर्ति के लिए स्व-सहायता समूह को सम्बद्ध किया गया है, जिसमें गम्हरिया पंचायत के स्व-सहायता समूह रातरानी को 13 छात्रावास आश्रम, इचकेला पंचायत के शारदा समूह को 17, मनोरा पंचायत के ख्वाजा गरीब नवाज को 5, आस्ता पंचायत के साईं स्व-सहायता समूह को 06, आरामा स्व-सहायता को 4, सोनक्यारी पंचायत के तुलसी समूह को 9, डड़गांव के तारा स्व-सहायता समूह को 03, दुलदुला पंचायत की गंगा स्व-सहायता समूह को 03, छेरडांड़ पंचायत के चंदा स्व-सहायता समूह को 03, चांपा टोली पंचायत के गुलाब स्व-सहायता समूह को 03, कुनकुरी के खण्डसा पंचायत के गायत्री समूह को 02, केराडीह पंचायत के किरण ग्राम संगठन को 04, दाराखरिका पंचायत के गेंदा समूह को 04, चराईखारा पंचायत के जागृति समूह को 05 छात्रावास आश्रम में सामग्री आपूर्ति के लिए सम्बद्ध किया गया है। इसी प्रकार फरसाबहार के ग्राम पंचायत लवाकेरा के मां तारणी समूह के 03, फरसाबहार पंचायत के सरला सुमन समूह को 03, बारो पंचायत के इंदा समूह को 03, तामामुण्डा पंचायत के मोनिका समूह को 03, सिंगीबहार पंचायत के सलोनी समूह को 04, कांसाबेल विकासखंड के ग्राम पंचायत खुंटीटाली के चंचल समूह को 02, दोकडा पंचायत के सेवा समूह को 05, बटईकेला पंचायत के जय मां संतोषी समूह को 03, चेटबा पंचायत के सहेली समूह को 07, बगीचा के बम्बा पंचायत के मरियम समूह को 11, रायकेरा के मां महामाया स्व-सहायता समूह को 07, विजयीगंगा पंचायत के मिनी समूह को 19, गुडलू पंचायत के सरोज समूह को 13, अकरीकोना के आकाश समूह को 17, पत्थलगांव के पाकरगांव पंचायत के मोगरा समूह को 03, सुरेशपुर पंचायत के एकता समूह को 02, कोतबा पंचायत के मंगलम समूह को 10, कुमेकेला पंचायत के मां दुर्गा समूह को 03 एवं लुड़ेग पंचायत के सुलेमा स्व-सहायता समूह को 05 छात्रावास आश्रम में सामग्री आपूर्ति के लिए सम्बद्ध किया गया है। कलेक्टर ने विभाग के मंडल संयोजक अधीक्षक-अधिक्षिकाओं को निर्देशित करते हुए कहा कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत संचालित उचित मूल्य दुकान से प्राप्त होने वाले सामग्रियों को छोड़कर दिसम्बर 2021 से सामग्री स्व-सहायता समूह के माध्यम से क्रय किया जाएगा।

# कांसाबेल में विकासखंड स्तरीय युवा उत्सव का हुआ आयोजन

## विधायक रामपुकार सिंह व कलेक्टर और एसपी हुए उपस्थित

पायनियर संवाददाता ✓ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



पत्थलगांव विधायक रामपुकार सिंह एवं कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल व एसपी विजय अग्रवाल की उपस्थिति में विगत दिवस कांसाबेल में विकासखंड स्तरीय युवा उत्सव आयोजित किया गया। जिसमें विभिन्न विधा के प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। जिसमें विजेता रहे प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया। पत्थलगांव विधायक रामपुकार सिंह ने कहा कि जब भी सभी प्रकार के प्रतियोगिता आयोजित की जाती हैं तो उसमें हमें अवश्य ही हिस्सा लेना चाहिए। इससे हमारे प्रतिभा में निखार आता है साथ ही हमारे व्यक्तित्व विकास में यह सहयोगी भी होता है। साथ ही कलेक्टर अग्रवाल ने भी सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए उन्हें इसी तरह प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने सभी विजेता प्रतिभागियों को जिला स्तरीय युवा उत्सव में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर जिला पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल, डीएफओ श्री कृष्ण जाधव एवं अन्य जनप्रतिनिधि सहित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# मास्क नहीं लगाने वालों पर होगी जुर्माना कार्रवाई

**रायगढ़।** एक बार फिर कोरोना के केस बढ़ने की सूचना मिल रही है। इसे देखते हुए निगम कमिश्नर एस जयवर्धन ने मास्क नहीं पहनकर घूमने वालों पर जुर्माना कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। निगम कमिश्नर जयवर्धन द्वारा स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली की सतत समीक्षा की जा रही है। इस दौरान कोरोना के केस को बढ़ते देख बिना मास्क वालों पर जुर्माना कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं। सभी स्वच्छता निरीक्षकों को अपने-अपने वार्डों में सड़कों पर बिना मास्क के चलने वाले लोगों पर जुर्माना कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। इस संबंध में निगम कार्यालय में भी आदेश निकाल कर निगम के सभी अधिकारी कर्मचारियों को मास्क लगाने, सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करने और हैंड सैनिटाइजर नियम का पालन करने के निर्देश भी जारी किए गए हैं।

# कमीशन मांगने के आरोप में घुमका के शाखा प्रबंधक निलंबित

## जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के मैनेजर पर लगा गम्भीर आरोप

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



गम्भीर शिकायतों से घिरे कोऑपरेटिव बैंक घुमका के शाखा प्रबंधक को मामले में तूल पकड़ते ही विवाद बढ़ने के पूर्व धान खरीदी के दो दिन पहले अंततः निलंबित कर दिया गया है। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक घुमका के शाखा प्रबंधक सूरजभान देवांगन को निलंबित करने का अधिकृत आदेश भी बैंक शाखा को उसी दिन भेज दिया गया। जानकारी है कि 29 नवम्बर को बैंक के प्रधान कार्यालय से निलंबन आदेश जारी किया है और आदेश के दो दिन बाद घुमका शाखा से कार्यमुक्त कर दिया गया।

समझा जा रहा है कि समर्थन मूल्य पर धान खरीदी को निर्विघ्नसंपन्न करने की गरज से पखवाड़े लंबित मामले में तत्काल निर्णय लेकर शिकायतों से घिरे मैनेजर को निलंबित कर आनन फानन में घुमका से हटाने का फैसला लिया गया है। उक्त निलंबित मैनेजर का निलंबन अवधि में खैरागढ़ ब्रांच को मुख्यालय बनाया गया है और निलंबन अवधि में नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता दिया जाना है।

ऐन धान खरीदी के दो दिन पहले शाखा प्रबंधक को निलंबित करने के आदेश के बाद स्थानीय बैंक में हड़कंप मच गया है। एक दिसम्बर से समर्थन मूल्य में धान खरीदी और भुगतान की हड़बड़ी को देखते हुए घुमका ब्रांच में तत्काल शाखा प्रबंधक की पोस्टिंग की गई है। प्रधान कार्यालय से भारत भूषण गहिने को घुमका बैंक के शाखा प्रबंधक का प्रभार सौंपा गया है।

घुमका समेत क्षेत्र के तमाम सहकारी समितियों और पदुमतरा सोसायटी के तमाम खर्चों के प्रस्तुत बिल वाउचर्स के भुगतान के मसले पर जिला सहकारी बैंक की स्थानीय शाखा की कार्यशैली को लेकर काफी दिनों से विवाद की स्थिति बनी हुई थी। सूत्रों के अनुसार घुमका, पदुमतरा समेत कई सहकारी समितियों में विभिन्न कार्यों में खर्च और सोसायटी में हुए मजदूरी कार्यों के भुगतान के प्रस्तुत बिल वाउचर्स के एवज में कमीशन की मांग किये जाने का आरोप सम्बंधित संस्थाओं के जिम्मेदारों ने लगाया। बिल भुगतान को लेकर घुमका के प्रभारी एमडी से बैंक शाखा में जमकर बहस भी होने की खबर है। जानकारों की मानें तो बीते सीजन की खरीदी गई धान परिवहन के अभाव में बारिश से भीग जाने के कारण व्यवस्थित करने में खर्च हुई। मजदूरी की राशि और अन्य मद के खर्च हुए राशियों के भुगतान के एवज में कमीशन मांगने का विवाद इतना तूल पकड़ता गया कि प्रभारी एमडी और पदुमतरा के समिति अध्यक्ष कुलेश्वर वर्मा ने उक्त आशय की शिकायत कर शाखा प्रबंधक पर गम्भीर आरोप लगायाजिसकी जांच का जिम्मा अपेक्स बैंक के कैडर अधिकारी(संवर्ग स्तरीय अधिकारी) को सौंपा गया। जांच में आरोपों की पुष्टि के बाद अंततः उक्त मैनेजर को निलंबित कर दिया गया।

### पहले भी लगे हैं आरोप

पूर्व में कई आर्थिक अनियमितताओं से घिरे सोसायटी और केंद्रीय सहकारी बैंक के जिम्मेदारों के खिलाफ गम्भीर मामलों में आरोप लग चुका है। जिसके चलते बीते साल भी किसानों से वसूली लिंकिंग की राशि को फर्जी तरीके से प्रासंगिक और प्रशासनिक व्यय के रूप में पच्चीस लाख रुपये खर्च के नाम पर गड़बड़ी के आरोप में तत्कालीन शाखा प्रबंधक नारायण जंघेल और पर्यवेक्षक मनहरण लाल श्रीवास को निलंबित कर गबन की गई राशि को वसूली किये जाने की खबर है।हालांकि पच्चीस लाख रुपये की बड़ी राशि का ब्याज उक्त दोनों दोषी बैंक कर्मचारियों से अभी तक नहीं वसूला जा सका है।

### ब्याज की लेनदारी भी बकाया

चूंकि मामला वर्ष 2017 के धान खरीदी के दौरान शासन की ओर से दिये जाने वाले प्रासंगिक और प्रशासनिक व्यय की आड़ में फर्जी बिल बनाकर किसानों से वसूली लिंकिंग राशि को गबन कर प्रासंगिक व्यय के रूप में खर्च करने का फर्जी बिल वाउचर तैयार करने का आरोप लगाया गया था। वर्ष 2017 से अब तक तकरीबन चार साल का ब्याज भी लाखों रुपये बताया जा रहा है जिसकी लेनदारी को लेकर बैंक प्रबंधन के आला अफसर घिरे हुए हैं और जवाब देने से बच रहे हैं। वर्तमान में निलंबित शाखा प्रबंधक पर भी बिल वाउचर के भुगतान के एवज में कमीशन मांगने का गम्भीर आरोप लगाया गया है। इस बार किसानों ,हितग्राहियों और खाताधारकों को छोड़ आरोप उक्त बैंक के मातहत सोसायटियों के समिति प्रबन्धकों और कर्मचारियों और संचालक मंडल ने लगाया है।

# गर्भवती महिला की मौत, धीमी गति से चल रही जांच

- ग्रामीणों की नजर में जांच केवल औपचारिकता
- प्रशासनिक अधिकारियों को झांकने की फुर्सत नहीं

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

गर्भवती महिला की मौत के गम्भीर मामले में स्वास्थ्य विभाग के स्थानीय जिम्मेदारों के घिरने के बाद तूल पकड़ते ही बाद स्वास्थ्य विभाग के आला अधिकारियों ने जांच शुरू कर दिया है। वनांचल मानपुर से लेकर घुमका तक स्वास्थ्य केंद्रों के जिम्मेदारों पर लग रहे अलग अलग आरोपों से घिरे स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को अब जवाब देना मुश्किल होता जा रहा है।

घुमका की एक गर्भवती महिला की मौत के बाद इलाज में लापरवाही का आरोप लगा रहे परिजनों, ग्रामीणों और घुमका के सरपंच के कड़े विरोध और आरोपों के बाद मामले की जांच शुरू हो गई है। घुमका अस्पताल में व्याप्त अव्यवस्थाओं की लगातार शिकायतों के बाद भी अपेक्षित सुधार नहीं होने के चलते अब ग्रामीणों को जांच प्रक्रिया केवल औपचारिकता प्रतीत हो रहा है। गम्भीर घटना के बाद सीएमएचओ और जिले के अन्य प्रशासनिक अधिकारियों का अस्पताल पहुंचकर अब तक घटना को संज्ञान में नहीं लेने से गर्भवती महिला की मौत के उक्त जांच पर भरोसा नहीं जम रहा है।

महिला की मौत के बाद बवाल के दूसरे दिन मुख्य चिकित्साधिकारी के जारी आदेश के बाद जांच अधिकारी प्रभारी सीएमएचओ डॉ मिलिंद भुआर्य ने 29 नवम्बर( सोमवार) को मृत महिला के परिजनों और चिकित्सा अधिकारियों समेत कार्यरत कर्मचारियों का लिखित बयान लिया। जांच अधिकारी के समक्ष सरपंच फूलमत जया वर्मा ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की अव्यस्थाओं और मामले में की गई लापरवाही की शिकायत किया।

खबरों के अनुसार जांच के दिन खण्ड चिकित्सा अधिकारी केउपस्थित नहीं होने के चलते उनका बयान नहीं लिया जा सका। साथ ही इलाज और रेफर सम्बन्धी जरूर दस्तावेज भी बीएमओ के बाहर होने के कारण एकत्र नहीं हो पाए। कुल मिलाकर देखा जाये तो वर्तमान में गर्भवती महिला के इलाज में लापरवाही का आरोप लगा रहे परिजनों और इलाज का दावा कर रहे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के डॉक्ट`व स्वास्थ्य कर्मियों का बयान भी जांच अधिकारी ने लिया है।

ज्ञात हो कि 23 नवम्बर मंगलवार को घुमका निवासी गर्भवती महिला निकिता साहू की प्रसव पीड़ा के इलाज के दौरान घुमका अस्पताल से राजनांदगांव भेजने के बाद अस्पताल पहुंचने के कुछ देर बाद मौत हो गई थी। खबरों के अनुसार उक्त महिला को प्रसव के लिए परिजनों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में दाखिल किया था। परिजनों का आरोप है कि बगैर विशेष स्वास्थ्य सुविधा के तीन दिन तक घुमका में रोका गया और इलाज में जमकर लापरवाही बरतते हुए केवल प्रशिक्षु नर्सों के भरोसे छोड़ दिया गया था। हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया था। महिला की मौत के बाद परिजनों और सरपंच सहित ग्रामीणों ने बीएमओ , तमाम डॉक्टरों और स्वास्थ्य कर्मचारियों पर इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए कड़ी कार्रवाई की मांग को लेकर लिखित शिकायत किया है।

खबर है कि जांच की धीमी गति और आला अधिकारियों के रवैये को लेकर ग्रामीण और परिजन जांच प्रक्रिया केवल कागजी खानापूर्ति मानकर चल रहे हैं। सूत्रों के अनुसार स्वास्थ्य केन्द्र में चल रही लापरवाही को लेकर बीएमओ से खफा ग्रामीणों और सरपंच के अलावा जीवनदीप समिति के कई सदस्यों ने बैठक में खुलकर शिकायत करते हुए बीएमओ की कार्यशैली को लेकर कड़ी आपत्ति जताते हुए उपस्थित प्रशासनिक अधिकारियों को शिकायत किया था लेकिन अब तक स्वास्थ्य विभाग और जिला प्रशासन ने तमाम शिकायतों को नजरअंदाज कर दिया नतीजा इतनी गम्भीर घटना सामने आई है।

# गोपालपुर में खलिहान पर रखे किसान की धान में लगी आग मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड आग पर पाया गया काबु

पायनियर संवाददाता < छुरिया
www.dailypioneer.com



गोपालपुर की खलिहान पर रखे किसान की लगभग 2 एकड़ धान कि खरही में आग लगी थी जिस पर काबू पाया गया है। मिली जानकारी के अनुसार छुरिया थाना क्षेत्र के ग्राम गोपालपुर निवासी किसान वीर सिंह पिता लादूराम नेताम उम्र 55 वर्ष की खेत पर बने खलिहान में रखे धान खरही में अचानक आग लग गया जानकारी होने पर किसान खलिहान पहुंचे और फायर ब्रिगेड को सुचना दिया गया । तत्काल सूचना पाकर मौके पर फायर ब्रिगेड और डायल 112 की टीम पहुंची जिससे आग पर तुरंत काबू पा लिया गया। बताया जा रहा है किसान के रखे 2 एकड़ धान की खरही में करीब 10त्न धान आग से झुलस गया है।

# केंद्र सरकार द्वारा दी जाने वाली राशि से जिला पंचायत अध्यक्ष के अनुशंसा से क्षेत्र के गांव में होगा विकास

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता घासी साहू ने केन्द्र सरकार द्वारा 15 वे वित्त मद से 2020 -21की विकास कार्यों के लिए मिली स्वीकृत राशि से पंचायतो का विकास होगा। जिसके लिए जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता घासी साहू की अनुशंसा से बोर खनन हेतु सिन्हा भवन के लिए ग्राम पंचायत सांगली में 1 लाख रुपये, नाली निर्माण ग्राम पंचायत मेटेपार 3 लाख, ग्राम पंचायत सोमाझिटिया में 2.74 हजार नाली निर्माण, ग्राम पंचायत बरबसपुर में नाली निर्माण 2 लाख, महिला घाट निर्माण ग्राम लुड़काबोड में 2 लाख ,महिला घाट निर्माण ग्राम दतरेगाटोला में 5 लाख ,नाली निर्माण ग्राम गरापारा में 5 लाख, साइकिल स्टैंड माध्यमिक शाला ग्राम गैंदाटोला में 5 लाख, अहाता निर्माण ग्राम रामतरई में 2 लाख, आहता निर्माण प्राथमिक शाला ग्राम नरेठीटोला में 2 लाख, अहाता निर्माण प्राथमिक शाला गोटूलमुंडा में 2.50 लाख, प्राथमिक शाला आहता निर्माण ग्राम झाड़ीखैरी में 3 लाख, कला मंच निर्माण ग्राम भोलापुर में 2 लाख, कला मंच निर्माण ग्राम गहिरा भेडी में 2 लाख, महिला भवन ग्राम बागद्वार में 4 लाख, कला मंच निर्माण ग्राम हैदल कोडों में 2 लाख, सी सी रोड निर्माण ग्राम घोघरे में 3 लाख, सी सी रोड निर्माण ग्राम धुपसाल कु .में 5 लाख ,सी सी रोड निर्माण ग्राम लूलीकसा में 3 लाख ,सी सी रोड निर्माण ग्राम चिरचारी खुर्द में 3 लाख, सी सी रोड (मन्दिर रास्ता) ग्राम दिवानटोला में 1 लाख की स्वीकृत प्रदान किया गया है। क्षेत्र में विकास कार्यों के लिए स्वीकृति दिलाने पर जिला पंचायत सदस्य, जनपद अध्यक्ष, जनपद उपाध्यक्ष,जनपद सदस्यों सरपंच, पंच गण एवं क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियो एवं वरिष्ठ जनो ने जिला पंचायत अध्यक्ष गीता घासी साहू के प्रति आभार प्रगट किया एवं बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित किया।

# आयुर्वेद अधिकारी संघ के पदाधिकारियों का चुनाव संपन्न



**छुरिया।** शनिवार को छत्तीसगढ़ आयुर्वेद अधिकारी संघ, ज़िला राजनांदगाँव शाखा के पदाधिकारियों के चुनाव की प्रि या पूर्ण हुई। जिला अध्यक्ष पद हेतु डॉ बहादुर सिंह मार्को, उपाध्यक्ष हेतु डॉ अनिरुद्ध पटेल, सचिव पद हेतु डॉ सुनील भोई ,जिला कार्यकारिणी सदस्य हेतु डॉ योगेश्वरी ठाकुर, डॉ हर्षा बरैया, डॉ रणजीत देशमुख, डॉ दिनेश सोनी, डॉ आलोक कल्चुरी एवं प्रांतीय प्रतिनिधि के रूप में डॉ निलेश जैन, डॉ नरोत्तम नेताम, डॉ सुरेंद्र कुमार मेश्राम, डॉ प्रज्ञा सक्सेना आदि को चुना गया। दुर्ग जिले से आए केंद्रीय पर्यवेक्षक डॉ. कृपाराम ठाकुर द्वारा ईमानदारी एवं निष्ठा पूर्वक सादगी पूर्ण तरीके से चुनाव संपन्न कराया गया। चुनाव प्रि या को सफल बनाने में जिला आयुर्वेद अधिकारी राजनाँदगाँव डॉ आर के शर्मा एवं ज़िले के सभी आयुष चिकित्सा अधिकारी, कर्मचारीगण की सहभागिता रही। संघ के संरक्षक रूप में ज़िला आयुर्वेद अधिकारी राजनाँदगाँव डॉ आर के शर्मा एवं डॉ अमरनाथ शुक्ला मार्गदर्शक रहेंगे ।

# दो साल में की कई चोरियां, काफी जद्दोजहद के बाद गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



शहर में लगातार चोरी की वारदात को अंजाम दे रहे एक चोर को गिरफ्त में लेने के लिए पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी। बसंतपुर पुलिस ने बताया कि लगातार हो रहीं वारदातों के बाद निगरानी तेज की गई। लगभग 230 बदमाशों की जांच के बाद संदेही शीतल निषाद (22) को घेराबंदी कर हिरासत में लिया गया। आरोपी ने पुलिसिया पूछताछ में कई चोरियों का गुनाह कबूल किया है।

पुलिस ने बताया कि बसंतपुर क्षेत्रान्तर्गत पिछले वर्ष दिसम्बर तथा इस वर्ष नवम्बर में लगातार चोरिया कर चोर ने दहशत व्याप्त कर दी थी। पिछले माह से चोरियो का खबर आ रही थी। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती प्रज्ञा मेश्राम के मार्गदर्शन में व नगर पुलिस अधीक्षक महोदय लोकेश देवांगन के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई।टीम लगातार चोर का पीछा करती रही। आने जाने वाले रास्तों पर निगाह रखी गई। लगभग 230 बदमाशो को चेक किया गया। उसके संपर्क सूत्र खंगाले गए। आखिर में चोर को घेराबंदी कर पकड़ा गया और पूछताछ की गई।

चोर बीते दो सालों में इलाके के कई घरों में चोरी की बात मानी है। आरोपी के पास से2 लैपटॉप , 6 जोड़ी चांदी का पायल , एक जोड़ी चांदी का बिछिंया , एक सोने का मंगलसूत्र , 2 नग सोने की चैन , एक सोने की हार , एक सोने का डोरला, एक होमथियेटर सेट, आर्टिफिशियल एक ग्राम सोने का चैन व 5000 सहित चोरी में प्रयुक्त एक दुपहिया वाहन एक्टीवा को बरामद किया गया है। आरोपी शीतल निषाद पिता हिरदे राम निषाद निवासी ग्राम भोथीपार चौकी सुरगी थाना बसंतपुर जिला राजनांदगांव को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

## पेंशनर एसोसिएशन की बैठक आज

**गंडई पंडरिया।** 06 दिसंबर सोमवार को नगर के पंडरिया रोड स्थित पुराना थोक सब्जी मंडी बाजार में दोपहर 12 बजे से पेंशनर एसोसिएशन की बैठक रखी गई है। इस बैठक में लगभग 180 पेंशनधारी शामिल होंगे।बैठक में विभिन्न विषयों पर चर्चा परिचर्चा साथ ही पदाधिकारियों का नियुक्ति किया जाएगा।उनका कहना है कि हमारे पेंशनर भाइयो के बैठकों के लिए कोई भवन नही है। इस संबंध में तहसीलदार से चर्चा की जाएगी।यह जानकारी पेंशनर एसोसिएशन के अध्यक्ष विष्णुदत्त तिवारी ने दी।

# कानून से अधिसूचित क्षेत्रों का होगा संवर्धन और संरक्षण

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



राज्यपाल अनुसुईया उइके ने कहा कि राज्य सरकार के पेसा कानून से आदिवासियों के हित सुरक्षित रहेंगे। वहीं अधिसूचित क्षेत्रों का संवर्धन और संरक्षण भी होगा। पांचवीं अनुसूचित के तहत प्रदेश सरकार पेसा कानून को लेकर तैयारी कर रही है। इस कानून के लागू होने से आदिवासी क्षेत्रों का आर्थिक और सामाजिक विकास सुरक्षागत प्रक्रिया के तहत होगा।

रविवार को बालोद जिले में कंगलामांझी सरकार के एक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए राजधानी रायपुर से निकली राज्यपाल ने स्थानीय सर्किट हाउस में पत्रकारों से चर्चा कर बताया कि कंगला मांझी एक स्वतंत्रता सेनानी होने का दायित्व निभाते हुए वनवासियों के हितों के लिए मांझी सरकार का गठन किया था। मांझी सरकार ने हमेशा आदिवासी वर्ग के आर्थिक और सामाजिक उन्नति को लेकर संघर्ष किया।

राज्यपाल ने कहा कि पेसा कानून आदिवासियों के विकास और उनके हितों की सुरक्षा के लिए कारगर साबित होगा। इस अवसर पर एसपी डी. श्रवण ने राज्यपाल को गुलदस्ता भेंटकर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर सीएसपी लोकेश देवांगन, कोतवाली टीआई एलेक्जेंडर किरो, बसंतपुर टीआई समेत अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## जर्जर विद्यालय भवन का सुध लेने वाला कोई नहीं

# सामुदायिक भवन में बच्चे पढ़ने मजबूर, आश्वासन के बाद समस्या का समाधान करना भूल जाते है जिमेदार

पायनियर संवाददाता < औंधी
www.dailypioneer.com



मानपुर ब्लाक के औंधी क्षेत्र के घोड़ाझरी गांव के प्राथमिक विद्यालय का भवन पूरी तरह जर्जर हो चुका है। हालात यह है कि भवन कभी भी जमींदोज हो सकता है, लेकिन शिक्षा विभाग की लापरवाही से आज भी भवन जस का तस है। गांव के पालक,सरपंचव शिक्षक और बच्चे खतरेकी आशंका को देखते हुए नया भवन बनवाने के लिए गुहार कर चुके हैं, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं होने से डर का माहौल बना हुआ है।

छत्तीसगढ़ सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा का बेहकर माहौल देने का दावा कर रहे हैं, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है। औंधी क्षेत्र के घोड़ाझरी का यह प्राथमिक विद्यालय इतना जर्जर हो चुका है कि कभी भी गिर सकता है।49 छात्र-छात्राओं वाले इस विद्यालय के कमरे जब जर्जर हो गए तो शिक्षकों ने बरामदें में पढ़ाना शुरू कर दिया, लेकिनबरामदा भी जर्जर हो चुका है। नवागांव के सरपंच अनिला उसारे ने बताया कि नए विद्यालय भवन को लेकर उन्होंने बीईओ,सीईओसे लेकर विधायक और शिक्षा विभाग के अधिकारियों से गुहार लगाई है पर अब तक किसी ने इस समस्या का समाधान करने में रुचि नही दिखाई।वही शिक्षकों का मानना है कि बच्चों की पढ़ाई प्रभावित न हो इसलिए गांव में बने सामुदायिक भवन में पढ़ाने की मजबूरी है।

सामुदायिक भवन इतना छोटा है जहाँ बैठने के लिए पर्याप्त जगह नहीं है फिर भी बच्चे मजबूरी में आते हैं। स्कूल में पढ़ाई का माहौल बेहतर होने के कारण नियमित रूप से छात्र विद्यालय आ रहे हैं, स्कूल में अध्यनरत बच्चों का कहना है कि अगर उनके लिए दूसरे भवन की व्यवस्था हो जाती तो अच्छा होता, क्योंकि छोटे से सामुदायिक भवन में बैठकर पढ़ाई करना लगभग न के बराबर है।

बात करे तो औंधी क्षेत्र के दर्जनों स्कूल ऐसे है जो पूरी तरह से जर्जर हो चुके है जहाँ बच्चे अपना भविष्य गढ़ रहे है। और गांव के किसी सामुदायिक भवन में पढ़ने मजबूर है।भले ही शिक्षा विभाग हो या जनप्रतिनिधि जल्द ही स्कूल के लिए नए भवन का निर्माण करवाने का आश्वासन देता होपर समस्या का समाधान करना भूल जाते है।

# अभ्यर्थियों ने दो पालियों में दी परीक्षा



पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग रायपुर द्वारा रविवार को छत्तीसगढ़ वन सेवा (संयुक्त) परीक्षा 2020 का आयोजन किया गया। इसके लिए शहर के शासकीय दिग्विजय कॉलेज में परीक्षार्थियों ने दो पालियों में परीक्षा दी। प्रथम पाली की परीक्षा सुबह 10 से दोपहर 12.30 बजे तथा द्वितीय पाली की परीक्षा दोपहर 2 से 4.30 बजे तक आयोजित हुई। मिली जानकारी के अनुसार प्रश्न पत्र में 150 प्रश्नों के लिए 300 पूर्णांक दिया गया था। परीक्षार्थियों ने तय समय पर सोशल डिस्टेंसिंग समेत अन्य शर्तों पर परीक्षा केंद्र में प्रवेश कर परीक्षा दी।

# कांग्रेस के बूथ सेक्टर में 'एक सियान एक जवान और एक महिला' को रखा जायेगा

पायनियर संवाददाता ∢ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



बूथ, सेक्टर, और जोन कमेटियों की गठन को लेकर शहर जिला कांग्रेस कमेटी ने 05 दिसम्बर को कांग्रेस भवन में बैठक की। शहर अध्यक्ष विजय पांडेय ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी आगामी विधान सभा चुनाव को लेकर गम्भीर है ,जिसके प्रारम्भिक चरण में बूथ ,सेक्टर और ज़ोन कमेटियों का शीघ्र गठन करना है, जिसमे एक सियान, एक जवान और एक महिला को समाहित करना अनिवार्य है साथ ही एक अध्यक्ष, तीन उपाध्यक्ष, सहित 21 सदस्यो की कमेटी बनेगी, पांडेय ने कहा इन कमेटियों के बनने से संगठन मजबूत होगा और संगठन मजबूत होगा तो कांग्रेस को मजबूती मिलेगी। इसके लिए शहर जिला कांग्रेस कमेटी ने ब्लाक वार समन्वयक और सह समन्वयक की नियुक्ति कर दी है ,ब्लाक क्रमांक 1 के समन्वयक प्रदेश सचिव महेश दुबे, और सह समन्वयक पूर्व पार्षद चन्द्र प्रदीप बाजपेयी, ब्लाक क्रमांक 02 में समन्वयक पूर्व शहर अध्यक्ष नरेंद्र बोलर,और पूर्व पार्षद रामदुलारे रजक, ब्लाक क्रमांक 03 में समन्वयक एआईसीसी सदस्य विष्णु यादव और सह समन्वयक एमआईसी सदस्य राजेश शुक्ला होंगे, ब्लाक क्रमांक 04 में समन्वयक पूर्व पार्षद सैय्यद निहाल और सह समन्वयक एमआईसी सदस्य अजय यादव होंगे । जो ब्लाक अध्यक्ष ,पार्षद और पार्षद प्रत्याशियो से समन्वय स्थापित कर कमेटी के गठन में सहयोग करेंगे। महापौर रामशरण यादव ने कहा कि प्रत्येक बूथ में बीएलओ बनाया जाए और उसे निर्वाचन को शीघ्र उपलब्ध कराया जाए ,क्योकि मतदाता सूची में सुधार बीएलओ के माध्यम से होना है , योग आयोग के सदस्य रविन्द्र सिंह,पूर्व शहर अध्यक्ष नरेंद्र बोलर ,प्रदेश सचिव महेश दुबे, बिलासपुर गृह निर्माण के पूर्व अध्यक्ष राकेश शर्मा,ज़फ़र अली ग्रामीण अध्यक्ष सीमा घृतेश ने भी सम्बोधित किया । संचालन ऋषि पांडेय ने और आभार मंजू त्रिपाठी ने किया। कार्यक्रम के प्रारम्भ में नवनियुक्त महिला कांग्रेस (ग्रामीण) की अध्यक्षा सीमा घृतेश को शहर अध्यक्ष विजय पांडेय, महापौर रामशरण यादव, योग आयोग सदस्य रविन्द्र सिंह एवं पार्षद, एमआईसी सदस्य, महिला कांग्रेस, शहर कांग्रेस, एल्डर मेन, सहित कांग्रेसजनों ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया।

बैठक में शहर अध्यक्ष विजय पांडेय, महापौर रामशरण यादव, योग आयोग सदस्य रविन्द्र सिंह, पूर्व शहर अध्यक्ष नरेंद्र बोलर, प्रदेश सचिव महेश दुबे, राकेश शर्मा, जफर अली, शहर प्रवक्ता ऋषि पांडेय, ब्लाक अध्यक्ष जावेद मेमन, अरविंद शुक्ला, विनोद साहू, मोती थारवानी, महिला अध्यक्ष सीमा घृतेश, पार्षद गण /एमआईसी सदस्य राजेश शुक्ला, जुगलकिशोर गोयल, सीताराम जायसवाल, भरत कश्यप, इब्राहिम अब्दुल, भास्कर यादव, सुभाष ठाकुर, राजकुमार तिवारी, रमाशंकर बघेल, शेख निजामुद्दीन, शेख असलम, पुष्पा दुबे, स्वर्णा शुक्ला अनिल सिंह चौहान, करम गोरख, शैलेन्द्र जायसवाल, प्रियंका यादव, मधु यादव, देवाशीष घोष, अनिल घोरे, तजम्मुल हक, रामप्रसाद साहू, शिल्पी तिवारी, महेंद्र नेताम, पुष्पेंद्र मिश्रा, भरत जुर्यनी, पूर्णानंद चन्द्रा, राजकुमार यादव, सूर्यमणि तिवारी, मंजू त्रिपाठी , त्रिवेणी भोई, परदेशी राज, कमलेश लव्हतरे, शमशेर खान, विनय जांगड़े, प्रशांत पांडेय, अजय तिवारी, विकास सिंह, दीपांशु श्रीवास्तव, अशोक भंडारी, अब्दुल तस्लीम , संगीत मोइत्रा, आदि उपस्थित थे।

# मिनी मैराथन में हर वर्ग ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया

पायनियर संवाददाता ∢ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



रविवार को रोटरी क्लब ऑफ़ बिलासपुर क्राउन के जरिये मिनी मैराथन का आयोजन किया। इस आयोजन में से अर्जित फण्ड को चाइल्ड एजुकेशन के लिए निवेश किया जायेगा. बहुत से लोगों ने इस पुनीत कार्य मे योगदान दिया है.. हमार बिलासपुर, एस फन, बिलासपुर सराफा एसोसिएशन, एन आर बिल्डर, पिंड बलुची, स्काई ग्रीन, हरदीप साइकिल,एस एम सि मसाला, महामाया इंडस्ट्री, जे के ग्रुप, आहूजा मोबाइल,खाना खजाना, ए एस इंफ्रास्ट्रक्चर, ओजस, रिचर्ड डान्स,हरे माधव ग्राफ़िक, श्रीं कृष्णा हॉस्पिटल इन सबका इसमें सहयोग रह।

यह मैराथन सीएमडी कॉलेज से शुरू हो कर पुलिस ग्राउंड चौक से वापस सीएमडी कॉलेज तक ये रेस हुई. इसमें 0 से लेकर हर उम्र के 300 लोग भाग लिए हैं. मेराथन मे सभी ग्रुप को विधायक शैलेश पांडेय द्वारा हरी झंडी दिखा के शुरुआत की.. ओजस के जुम्बा सेशन से दिन की शुरुआत हुई ताकि लोगों मे जोश व उत्शाह जगे मनुराज ने एंकरिंग की इसमें 6 ग्रुप से प्रतियोगिता हुआ। इसमें त्रिशिर भागनानी, काव्या कुकरेजा, कनिका, सुनीता पाटले, सुनील कुमार (ट्रांस जेंडर), प्रीति वर्मा, मनीष कुमार, अशोक कुमार, आकाश कुमार, रेखा भागनानी, महेंद्र जैन, आर.एन गोपाल, विनोद जीवानी विजेता रहें। कार्यक्रम में अतिथि के रूप मे बिलासपुर एडिशनल एसपी उमेश कश्यप सीएमडी कॉलेज के चेयरमैन इलेक्ट असिस्टेंट गवर्नर संजय दुबे, बिलासपुर प्रेस क्लब के अध्यक्ष वीरेंद्र गवई पीडीजी एसपी चतुर्वेदी, सिटी कोऑर्डिनेटर चंचल सलूजा जी मौजूद रह कर सभी विजेताओं को पुरस्कृत किया।

क्लब की प्रेसिडेंट पिंकी मनीष अग्रवाल ने कहा यह कार्यक्रम की सफलता का श्रेय इवेंट चेयरपर्सन पायल लाठ, को-चेयरपर्सन सेक्रेटरी एकता विरवानी विनती अग्रवाल नीरू बिष्ट, श्रद्धा खांडुजा, भारती मोदी, मोनिका अग्रवाल, खुशबू बुधिया दिव्या कांट्रेक्टर, सुधा शर्मा, दीपा अग्रवाल, सुचिता, अम्रीती अग्रवाल, संजना केजरीवाल, प्रिया शर्मा, अंकिता सन्नड़ को जाता है।

# गोदाम के चौकीदार की लाश मिली

पायनियर संवाददाता ∢ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



सरकंडा थाना क्षेत्र में बिलासपुर-मोपका बाईपास के करीब स्थित निर्माणाधीन एफसीआई गोदाम में चौकीदार की अध जली लाश मिलने से सनसनी फैल गई। यहां दो चौकीदार नियुक्त है। बताया जा रहा है कि रात में दोनों आग जलाकर ठंड से अपना बचाव कर रहे थे। इनमें से एक चौकीदार सुबह 6.00 बजे चला गया। तब तक दूसरा चौकीदार सूरज कुमार जीवित था। सुबह करीब 9.00 बजे जब सुपरवाइजर और अन्य लोग पहुंचे तो यहां सूरज की अध जली लाश मिली। पता चला कि सूरज कुमार को मिर्गी की बीमारी भी थी। संभावना जताई जा रही है कि अकेले रहने के दौरान या तो सूरज कुमार को झपकी लगी होगी या उसे मिर्गी का दौरा पड़ा होगा, जिस कारण से वह आग की चपेट में आ गया। सूरज कुमार ने ऊनी कपड़े पहने थे, जिस ने आग पकड़ ली और वह आग में झुलस गया। घटनास्थल के आसपास उसके जले हुये ऊनी कपड़े के निशान मिले हैं। जानकारी मिली है कि सूरज कुमार यहां पिछ्ले 2 महीने से गार्ड की नौकरी कर रहा था। घटना की सूचना पाकर थाना प्रभारी परिवेश तिवारी और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची जो फॉरेंसिक टीम की मदद से मामले की तह में जाने की कोशिश कर रही है।

# करोड़ों रुपए ठगी करने वाले 6 आरोपी ओडिशा से गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ∢ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

बिलासपुर समेत प्रदेश भर में निर्मल इंफ्राहोम के नाम से चिटफंड कंपनी संचालित कर निवेशकों से करोड़ों रुपए की ठगी करने वाले 6 डॉयरेक्टर को पुलिस ओडिशा से गिरफ्तार कर प्रोडक्शन वारंट पर लेकर आई है। संचालकों ने रकम दो से तीन गुना करने का झांसा देकर प्रदेश में 13 करोड़ रुपए की ठगी की है। उनके खिलाफ प्रदेश भर में 12 प्रकरण दर्ज हैं। ठगी रकम से संचालकों ने रायपुर के साथ ही एमपी, यूपी महाराष्ट्र में संपत्ति खरीदी है, जिसे चिन्हांकित कर पुलिस ने कुर्क करने की बात कही है।

राज्य सरकार ने सभी पुलिस अधीक्षकों को चिटफंड के प्रकरणों में फरार आरोपियों की गिरफ्तारी करने व निवेशकों की धन वापसी की कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। इस पर बिलासपुर में एडिलशन एसपी ग्रामीण रोहित झा को नोडल अधिकारी बनाकर चिटफंड कंपनी के फरार संचालकों को पकड़ने के लिए टीम गठित की गई है। टीम लगातार छापेमारी कर अलग-अलग चिटफंड कंपनियों के डायरेक्टर की धरपकड़ कर रही है। जांच के दौरान निर्मल इंफ्राहोम कॉर्पोरेशन लिमिटेड के 6 डायरेक्टरों पर करोड़ों रुपए की धोखाधड़ी करने का पता चला है। उनके खिलाफ जिले के कोटा सहित अन्य थानों व प्रदेश भर में आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। टीम को पता चला कि इस कंपनी के 6 संचालकों ने ओडिशा में भी ठगी की है और सभी वहां जेल में बंद हैं। इस पर टीम ओडिशा गई और उन्हें प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार कर लाई है। निर्मल इंफ्राहोम नाम से चिटफंड कंपनी चलाने वाले संचालक व उनके एजेंट बिलासपुर समेत प्रदेश के कई शहरों में दफ्तर खोल लिया था। इस दौरान उन्होंने निवेशकों को निवेश की गई राशि को दो व तीन गुना करने का झांसा देकर जमा करा लिए। फिर कंपनी बंद कर फरार हो गए थे।

# शराब तस्करी करते दो आरोपी गिरफ्तार

## दो पेटी अंग्रेजी शराब जब्त

पायनियर संवाददाता ∢ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

मध्यप्रदेश से शराब एक मोटर साइकिल में लाते हुए पकड़ा गया। उनके पास से दो पेटी अंग्रेजी शराब जब्त किया गया। एसपी ने अवैध शराब पर कार्रवाई के लिए निर्देशित किया था। इसी क्रम में कोटमी चौकी प्रभारी एएसआई अरविंद मिश्रा को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि मध्य प्रदेश के वेंकट नगर निवासी पुष्कर केंवट और सुजीत उपाध्याय मोटर साइकिल क्रमांक एमपी 65 एमई 1628 पल्सर में बोरी में भरकर मध्यप्रदेश की अंग्रेजी शराब की तस्करी कर रहा है। इस सूचना पर मामले में कार्रवाई करते हुए गवाहों की उपस्थिति में संदेहियों के कब्जे से अंग्रेजी शराब गोवा विस्की 92 पाव16. 560 लीटर कीमती 1960 रुपए एवं पल्सर मोटर साइकिल कीमती 60 हजार कुल कीमत 71960 रुपए के माल के साथ आरोपितों केक कब्जे से जब्त कर अपराध धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत मामला कायम कर आरोपितों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड मे भेजा गया।

# छत्तीसगढ़ की एक्शन फिल्म 'प्रेम युद्ध' 10 को होगी रिलीज

पायनियर संवाददाता ∢ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



10 दिसंबर को रिलीज होने वाली छत्तीसगढ़ की सबसे बड़ी एक्शन फिल्म प्रेम युद्ध के प्रमोशन के लिए टीम पूरे ज़ोर शोर से जुट गई है। जिसके लिए जगह-जगह बैनर पोस्टर, गांव गांव जाकर आम जनता के बीच प्रचार प्रसार किया जा रहा है इसी कड़ी में प्रेम युद्ध की पुरी टीम आज बिलासपुर प्रेस क्लब में अपनी फिल्म प्रेम युद्ध की जानकारी प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दी। फ़िल्म प्रेम युद्ध के निर्माता आशीष ट्रेवल्स के मालिक आशीष शर्मा है जो कि खुद बिलासपुर मोपका के निवासी है। फिल्म के बारे में खास बात यह कि ये फिल्म छत्तीसगढ़ की सबसे बड़ी और सबसे हाई क्वालिटी की एक्शन फिल्म है, बिल्कुल नई कहानी के साथ बनी हाई-बजट की फिल्म है। इसका ट्रेलर और गाने यूट्यूब में आ चुका है। इस फिल्म की शूटिंग रायपुर,रायगढ़ और साथ ही छत्तीसगढ़ के अन्य जगहों पर हुई है, इस फिल्म के गीत बहुत ही सुमधुर है कोई भी प्रकार की फुहड़ता नहीं है ना गीत में और ना ही फिल्म में पुर्ण पारिवारिक मनोरंजन व एक्शन से भरपूर है प्रेम युद्ध। सभी कलाकार छत्तीसगढ़ से ही है, सिर्फ टेक्निकल टीम अलग राज्य से है। प्रेम युद्ध के निर्माता- आशीष शर्मा, निर्देशक सुमित मिश्रा, कार्यकारी निर्माता नीलेश मिश्रा लीड कलाकारो में अजय पटेल, वीणा सेन्द्रे, राजेश पांडिया, जयेश, है।

**सपोर्टिंग कलाकारों में अभिनेत्री-** दिव्या यादव, केतन सिंह गहलोत, विक्रम राज, तरुण बघेल, राहुल, श्वेता शर्मा, पुष्पांजलि शर्मा, अनिल शर्मा। इस फ़िल्म में संगीत सुनील सोनी और पंडित विवेक शर्मा जी ने दिया है,साथ ही इसके संवाद भी दिव्या यादव और राजेश पांडिया ने लिखे हैं।

# विज्ञान के प्रश्नों ने किया परीक्षार्थियों को परेशान

- 51 प्रतिशत छात्रों ने दी वन सेवा की परीक्षा

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग रायपुर द्वारा आज छत्तीसगढ़ वन सेवा परीक्षा (संयुक्त) 2020 का आयोजन शहर सहित आसपास के कुछ शिक्षण संस्थानों में शांतिपूर्वक संपन्न हुआ. दो पालियों में आयोजित वन सेवा की परीक्षा में परीक्षा केन्द्र शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भरनी, वि. खंड तखतपुर को भी परीक्षा केन्द्र बनाया गया था. जहाँ 250 परीक्षार्थियों के लिए बैठक व्यवस्था किया गया था जहाँ सिर्फ 129 परीक्षार्थी ही परीक्षा में शामिल हुए. केन्द्राध्यक्ष एम. एम. मिश्रा ने बताया कि शाला के शिक्षकों के सहयोग से ही परीक्षा शांतिपूर्वक सम्पन्न हुआ।

# दैनिक यात्री बैठे आंदोलन में ट्रेनों के ठहराव की मांग

पायनियर संवाददाता ∢ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



करगी रोड कोटा के नागरिकों सहित आस पास की जनता को ट्रेनों के करगी रोड में स्टापेज बंद करने के बाद से बहुत परेशानी हो रही है कोटा बिधान सभा की जनता कोटा नगर संघर्ष समिति के माध्यम से सरकार से मांग कर रही है , की जल्द ही ट्रेनों के स्टॉपेज को पहले जैसा किया जाय। इसी आसय की मांग को लेकर बिगत दिनों कोटा बिधायक, बिलासपुर सांसद, जनप्रतिनिधियों के समूह डीआरएम और जीएम को ज्ञापन देकर अपनी परेशानी से अवगत कराया गया था परन्तु रेल प्रसाशन कुछ सुनने को तैयार ही नही है। तब नगर संघर्ष समिति कोटा ने शांति पूर्ण तरीके से अमरणअनसन से आंदोलन की सुरुवात कर क्रमिकधरना प्रदर्शन में बैठे है, आज आंदोलन की कड़ी में छठवे दिन दैनिक यात्री गण बड़ी संख्या में गांधी के मार्ग का अनुशरण करते हुए सत्य, अहीशा, शांति तरीके से क्रमिक धरना आंदोलन कर रहे है। कल कोटा नगर के सर्व दलीय, सर्व समाज के नवयुवको का धरना प्रदर्शन होगा और धरना स्थल पर बैठ कर गाँधी गीरी के मार्ग से इस सरकार को जगाने का कार्य करेंगे।

शहर विधायक शैलेश पांडेय ने हालात का जायजा लिया

# डायरिया ने स्वास्थ्य विभाग की नींद उड़ा दी

पायनियर संवाददाता ∢ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



बिलासपुर शहर में डायरिया के प्रकोप से कई मोहल्ले प्रभावित हुए है। हर साल की तरह इस साल भी डायरिया ने शहर में पांव पसारा है। हालांकि अक्सर ऐसा बरसात के मौसम में होता है, लेकिन इस बार ठंड के मौसम में शहर के कई हिस्सों में एक के बाद एक डायरिया के मरीज मिलने से स्वास्थ्य विभाग के हाथ-पांव फूलने लगे हैं। शहर में डायरिया फैलने की खबर ने स्वास्थ्य विभाग की नींद उड़ा दी है। साथ ही शहर के कई क्षेत्रों में इसके फैलने से हड़कंप मच गया है। दो दिन पहले तारबहार, तालापारा क्षेत्र में डायरिया मरीजों की पुष्टि हुई थी, लेकिन शनिवार को इन्हीं वार्डों से गंभीर रूप से डायरिया मरीजों को जिला अस्पताल और सिम्स में भर्ती कराया गया है। वहीं स्वास्थ्य विभाग ने भी आनन फानन में शिविर लगाकर लोगों को इसके बचने के उपाय बताए और मेडिसीन भी बांटी है।शहर विधायक शैलेश पांडेय ने डायरिया प्रभावित मोहल्लों में भ्रमण कर हाल चाल जाना और स्वास्थ्य विभाग के अमले को जरूरी निर्देश दिए। शहर के कई मोहल्ले इन दिनों डायरिया के चपेट में हैं। इनमें तारबाहर, तालापारा और सरकंडा, राजकिशोर नगर, अशोक नगर जैसे मोहल्ले शामिल हैं। डायरिया का सबसे ज्यादा असर तालापारा और तारबाहर क्षेत्र में दिख रहा है। जहां से 17 मरीजों को इलाज के लिए जिला हास्पिटल में भर्ती कराया गया है। डायरिया के संक्रमण फैलने की खबर से स्वास्थ्य विभाग के कान खड़े हो गए हैं। जिसके बाद स्वास्थ्य विभाग ने भी हरकत में आकर शिविर का आयोजन किया। इन क्षेत्रों में मितानिनो के द्वारा घर- घर जाकर सर्वे किया गया। मितानिनों ने 123 घरों में मरीजों को ओआरएस क्लोरीन ज़ टेबलेट वार्ड वासियों को बांटी है। डायरिया के बढ़ते संक्रमण को देखकर स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह से मुस्तैदी दिख रहा है।

वहीं तारबहार के गुरुघासीदास मंदिर के पास कैंप लगाया गया है। जिसमें एक डॉक्टर समेत नर्स की टीम मौके पर मौजूद है। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने निगम को भी सर्वे में बुलाया और इन इलाकों के अधिकांश पाइपलाइन नाली की जांच की गई। जिसमें पाइप लाइन का नालियों ओर सीवरेज से दूषित पाया गया है। इसी के चलते बड़ी संख्या में लोगों की तबियत अचानक बिगड़ गई। जिन्हें उल्टी दस्त की शिकयत होने पर जिला अस्पताल और सिम्स में भर्ती किया गया। सीएमएचओ प्रमोद महाजन ने बताया कि 17 लोगों में डायरिया की पुष्टि हुई है जिनका इलाज किया जा रहा है. सभी खतरे से बाहर है। खास बात यह है कि जिन क्षेत्रों में डायरिया की शिकायत मिली है, वहां को पानी पाइप लाइन नालियों से होकर गुजर रही है। स्वास्थ्य विभाग ने लोगों से जानकारी लेने के बाद निगम को इसकी सूचना दी है, लेकिन इसके बावजूद निगम इसे लेकर हमेशा की तरह उदासीन है।

# मां परमेश्वरी की विशेष आरती, जुटे भक्त

पायनियर संवाददाता ∢ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



तखतपुर में देवागंन समाज के तत्वावधान में सात दिवसीय मां परमेश्वरी महोत्सव के समापन अवसर पर प्रतिमा की शोभायात्रा निकाल कर विसर्जन किया गया। इसमें समाज के लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिए। जगह- जगह माता की प्रतिमा की पूजा की गई। देवांगन समाज भवन के पास स्थित मां परमेश्वरी की प्रतिमा स्थापित कर सात दिनों तक विधि-विधान से पूजा अर्चना की गई। इस अवसर पर कथा स्थल में पं. किशन राव द्वारा देवी मां भागवती की कथा सुनाई गई। सात दिवसीय पूजा के सुबह समाज के लोगों द्वारा माता की विशेष आरती की गई। इसके बाद वैदिक मंत्रोच्चार से हवन पूजा की गई । प्रसाद वितरण के बाद समाज के लोगों के द्वारा गाजे बाजे सहित माता की प्रतिमा को नगर भ्रमण कराया गया। इसके बाद विसर्जन की गई। इस अवसर पर समाज मां परमेश्वरी उत्सव को देखने दूर दराज के लोग पहुंचे। माता की ज्योति कलश् सहित मां की प्रतिमा नगर के जनकपुर, ठाकुरदैया पारा, नया बस स्टैंड, बजरंग नगर, गांधी चौक, पुराना बस स्टैंड, संगम नगर, महामाया चौक, मंडी चौक से होते हुए नदी में विसर्जन किया गया। समाज की महिलाएं भी बड़ी संख्या में शामिल हुई।

# राज्यपाल उइके ग्राम बघमार में आयोजित क्रांतिवीर कंगला मांझी स्मृति दिवस एवं सम्मान समारोह में शामिल हुई

पायनियर संवाददाता ◄ बालोद
www.dailypioneer.com



राज्यपाल अनुसुईया उइके जिले के ग्राम बघमार में मांझी अंतर्राष्ट्रीय समाजवाद आदिवासी किसान सैनिक संस्था नई दिल्ली द्वारा आयोजित क्रांतिवीर कंगला मांझी स्मृति दिवस एवं सम्मान समारोह में शामिल हुई। उन्होंने क्रांतिवीर कंगला मांझी के छायाचित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलित कर उन्हें नमन किया। समारोह में उन्होंने सम्मानित सभी प्रबुद्धजनों को शुभकामनाएं दी।

राज्यपाल उइके ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि जब कभी भी विभिन्न मौकों पर किसी महत्वपूर्ण कार्यक्रम में खाकी वर्दी तथा बिल्ला-स्टार पहने वर्दीधारी सैनिकों को देखते हैं तो देखकर लोगों के मन में जिज्ञासा होती है कि वे कौन हैं, जो अनुशासित ढंग से बिना किसी अपेक्षा के कार्य कर रहे हैं। वास्तव में वे कंगला मांझी के सैनिक हैं। इनका अनुशासन देखकर उनके प्रति सम्मान का भाव जाग उठता है और यह गर्व भी होता है कि ऐसे लोग हमारे समाज में कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि क्रांतिवीर कंगला मांझी का स्वतंत्रता संग्राम के आंदोलन में प्रमुख योगदान रहा है। उनका जन्म कांकेर जिला स्थित ग्राम तेलावट में हुआ था। उनमें अद्भुत संगठन कौशल था। वे सामान्य परिवार से ताल्लुक रखते थे, लेकिन उनका दृष्टिकोण बड़ा व्यापक था। वे सन् 1913 में स्वतंत्रता आंदोलन से जुड़े। सन् 1914 में वे महात्मा गांधी से मिल चुके थे। इस दौरान वे राष्ट्रीय आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाते रहे। उन्होंने सैनिकों का एक संगठन बनाया, जिन्होंने राष्ट्रीय आंदोलन में प्रमुख भूमिका निभाई। परन्तु इन सैनिकों का स्वरूप अलग था। ये शांति और अहिंसा पर विश्वास करते थे। उनकी क्षमता और योग्यता को देखते हुए स्वतंत्रता संग्राम के महानायकों घनश्याम सिंह गुप्त, डॉ. खूबचंद बघेल, ठाकुर प्यारेलाल सिंह, विश्वनाथ तामस्कर, चंदूलाल चंद्राकर ने उन्हें भरपूर सहयोग दिया। क्रांतिवीर कंगला मांझी राष्ट्र के प्रति पूर्णतः समर्पित थे। उन्होंने आदिवासी समाज को एकता का पाठ पढ़ाया। कंगला मांझी संपूर्ण विकास को सर्वोपरि मानते थे और राष्ट्र हित के लिए कार्य करने के लिए हमेशा तत्पर रहे। इस राष्ट्र प्रेम से ओतप्रोत महापुरूष ने 05 दिसंबर 1984 को अपने प्राण त्यागे। उनकी याद में आज हम सब एकत्र हुए हैं। आज आजादी के 75वें वर्ष में मनाए जा रहे अमृत महोत्सव के अवसर पर उनके साथ शहीद वीर नारायण सिंह, गुंडाधुर, गैंदसिंह जैसे महानायकों को भी नमन करते हैं। कार्यक्रम की समाप्ति पर राज्यपाल उइके को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य नीतिन पोटाई, कलेक्टर जनमेजय महोबे, पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार सहित जिले के अन्य वरिष्ठ अधिकारी, गणमान्य नागरिकगण, आयोजन समिति के सदस्य और बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

### बारदाना जमा नहीं करने और अनुबंध शर्तों का उल्लंघन करने पर 6 उचित मूल्य की दुकानें निलबिंत

**कवर्धा।** खरीफ विवरण वर्ष 2021 22 के धान खरीदी के लिए बारदाना जमा नहीं करने तथा सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत अनुबंध शर्तों का उल्लंघन करने पर कबीरधाम जिले महिला स्वास्थ समूह और ग्राम पंचायत द्वारा संचालित 6 उचित मूल्य दुकानों को कलेक्टर रमेश कुमार शर्मा के निर्देश पर निलंबित कर दिए गए हैं। एसडीएम विनय सोनी ने खाद्य निरीक्षक के प्रतिवेदन के आधार पर यह कार्रवाई की है। निलंबित उचित मूल्य दुकानों की में बोदला विकासखंड के तीन दुकान, कवर्धा विकासखंड के दो दुकान और सहसपुर लोहारा विकासखंड के एक दुकान शामिल है। राशन कार्ड धारियों को राशन उठाने में किसी भी तरह की कोई परेशानी ना हो इसके लिए पास आसपास में संचालित दुकान व संचालित समूह में संलग्न कर दिया गया है। एसडीएम विनय सोनी द्वारा जारी आदेश के तहत सहसपुर लोहारा विकासखंड के ग्राम गौरझूमर में संचालित जय बूढ़ादेव महिला स्व सहायता समूह को निलंबित कर दिया गया है।

# सात दिवस निर्धारित समय लेकिन सात सप्ताह में जांच नहीं कर पाए अधिकारी, भ्रष्टाचारियों के हौसला बुलंद

## मामला बोड़ला विकासखंड के रेंगाखार कला ग्रामपंचायत का

पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com

कबीरधाम जिला में अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को अधिकारी के द्वारा संरक्षण प्रदान करते हुए भ्रष्टाचार की खुली छूट दे रखे हैं। अधिकारी अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन जांच समिति या पत्र जारी कर पूरा कर लेते हैं। यदि गंभीरता से लेते तो जारी पत्र में निर्धारित तय समय मे जांच नही होता तो उसे पुनः पत्र जारी कर जांच करा लिया जाता लेकिन ऐसा नही हो रहा है पायनियर समाचार पत्र में 27 सितंबर को कोरोना में हुए भ्रष्टाचार को लेकर खबर प्रकाशित किया गया था जिसके जांच के लिए मुख्यकार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बोड़ला ने पत्र क्रमांक 255/शिका/ज.पं./ 2021 बोड़ला दिनांक 13-10-2021को जारी किया था। जिसमें तीन सदस्यीय जांच समिति गठित कर सात दिवस के भीतर जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने का निर्देश जारी हुआ था लेकिन सात सप्ताह से ऊपर हो गया आजतक किसी प्रकार का न जांच हुआ न प्रतिवेदन प्रस्तुत हुआ। जिससे भ्रष्टाचारियो के हौसले बुलंद हो रहे हैं वही ग्रामीणों में जांच समिति व अधिकारियों के कार्यप्रणाली को लेकर चर्चा का विषय बना हुआ है। प्रकाशित खबर में बोड़ला विकासखंड वनांचल ग्राम पंचायत रेंगाखार कला में कोविड-19 के दौरान राहत शिविर शासन के द्वारा बनाया गया था जिसमें ग्राम पंचायत को संचालन एजेंसी नियुक्त किया गया था संचालन एजेंसी के द्वारा



आपदा को अवसर के रूप में तब्दील करते हुए जरूरत से ज्यादा राशि का व्यय करते हुए बंदरबांट किया गया है जिससे साबित होता है कि उन पर उच्चाधिकारियों का छत्रछाया रहा होगा कोरोनावायरस के दौरान प्रवासी मजदूरों के लिए भोजन आवास, पेयजल चिकित्सा सहित अन्य सुविधाओं की व्यवस्था में राशि खर्च किया गया है। जो गलत है। यह कार्यालय ग्राम पंचायत रेंगाखर कलां जनपद पंचायत बोदला जिला कबीरधाम के ज्ञापन क्रमांक 09 /ग्रा. पं. /कोरोना/2020 दिनांक 23-09-2020 से साबित होता है खबर प्रकाशित था।

**पेयजल के नाम पर हजारों की ब्यय**

संचालन एजेंसी ग्राम पंचायत रेंगाखार कला के सरपंच एवं सचिव के द्वारा बनाए गए राहत शिविरों में आदिवासी बालिका छात्रावास रेंगाखार कला जहां पर 22 प्रवासी मजदूर रुके हुए थे उनके लिए भोजन पर 26400 रुपए पेयजल पर 11000 आवास पर 10000 एवं अन्य व्याय 8000 रुपए सहित कुल रकम 55000 व्यय किया जाना संचालन एजेंसी के द्वारा दर्शाया गया है जबकि छात्रावास/आश्रमों में छात्र-छात्राओं के लिए पानी एवं बिस्तर की व्यवस्था रहता है, वही आदिवासी बालक छात्रावास में प्रवासी मजदूरों की संख्या 18, भोजन पर 21600 रुपए , पेयजल पर 10,000 रुपए ,आवास पर 9000 रुपए अन्य व्यय 7000 कूल ?52600 तथा आदिवासी कन्या आश्रम में प्रवासी मजदूर 19 के लिए भोजन पर 22800 पेयजल पर 10,000 आवास पर 10000 पर अन्य व्यय 8500 कुल 51300 व्यय किया गया है संचालन एजेंसी के द्वारा भोजन से अधिक राशि पेयजल, आवास एवं अन्य व्यय के नाम पर सरकारी धन का बंदरबांट करते हुए सरकारी राशि का दुरुपयोग किया गया है। इसी प्रकार राहत शिविर स्कूल भवन में 70 मजदूरों के लिए कुल राशि 141000, क्लस्टर भवन में 14 मजदूरों के लिए 41480 रु, ग्राम पंचायत भवन में 06 मजदूरों के लिए 21580 व्यय किया गया हैं। कुल मिलाकर 06 राहत शिविरों में 149 प्रवासी मजदूरों पर 363360 रुपये व्यय किया गया हैं।

**भोजन से ज्यादा अन्य व्यय पर खर्च**

संचालन एजेंसी ग्राम पंचायत रेंगाखार कला के सरपंच - सचिव के द्वारा कुल 6 राहत शिविरों में 149 प्रवासी मजदूरों के लिए भोजन से ज्यादा अन्य व्यय पर राशि व्यय किया गया है जो समझ से परे है इससे यह साबित होता है कि पंचायत परिवार कोरोना को अवसर में तब्दील करने के में कोई कसर नहीं छोड़े हैं।

**नियमित निरीक्षण का अभाव**

कोविड-19 महामारी के दौरान जिले के अंतिम छोर स्थित समस्त ग्राम पंचायतों को प्रवासी मजदूरों के जिले में प्रवेश के दौरान उन्हें रोककर निर्धारित समय के लिए राहत शिविरों पर रोक कर रखा जाता था जिनके लिए शासन प्रशासन के व्यक्ति यों अथवा अधिकारी - कर्मचारियों के द्वारा वहां पर निवासरत मजदूरों की चिकित्सक अन्य सुविधाओं के लिए नियमित रूप से निरीक्षण किया जाता था।

# सीमावर्ती क्षेत्रों में कड़ाई से होगी कोविड जांच, विकासखण्ड स्तरीय कॉन्टैक्ट ट्रेसिंग टीम का गठन

## हवाई व ट्रेन यात्रा कर आने वाले यात्रियों की ली जायेगी जानकारी

पायनियर संवाददाता ◄ बलरामपुर
www.dailypioneer.com

कोरोना के पॉजिटिव केस विगत कुछ दिनों में जिले में मिल रहे हैं। कोरोना के तीसरी लहर को देखते हुए अन्य राज्यों से जिलों में प्रवेश करने वाले व्यक्तियों का कोविड-19 जांच एवं यात्रा का विवरण लिया जाना आवश्यक है। पॉजिटिव पाये जाने पर उनको कोविड प्रोटोकॉल का पालन करते हुए क्वारेंटाईन किया जाना है। कलेक्टर कुन्दन कुमार ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व रामानुजगंज, वाड्रफनगर एवं कुसमी को सीमावर्ती क्षेत्र से लगे धनवार, रामानुजगंज, सनावल तथा कोरंधा चेकपोस्ट पर संबंध खण्ड चिकित्सा अधिकारी से समन्वय स्थापित कर कोविड-19 जांच टीम गठित करते हुए 24 घण्टे चेकपोस्ट में ड्यूटी लगाने निर्देशित किया है।

**विकासखण्ड स्तर पर कॉन्टैक्ट ट्रेसिंग टीम का किया जायेगा गठनः** कलेक्टर कुन्दन कुमार ने समस्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को निर्देशित करते हुए कहा है कि अपने विकासखण्ड स्तर पर त्रि-सदस्यीय कॉन्टैक्ट ट्रेसिंग टीम का गठन करेंगे तथा त्रि-सदस्यीय टीम कॉन्टेक्ट ट्रेसिंग टीम का गठन कर जिला कार्यालय को अवगत कराने तथा कॉन्टेक्ट ट्रेसिंग टीम द्वारा प्रतिदिन कॉन्टैक्ट ट्रेसिंग की रिपोर्ट जिला नोडल अधिकारी को प्रस्तुत करेंगे।

**अन्य देशों से हवाई/ट्रेन यात्रा कर आने वाले व्यक्ति यों का जानकारी लिया जायेगा**

बढ़ते कोरोना पॉजिटिव केस को देखते हुए कलेक्टर कुन्दन कुमार ने सर्व मुख्य कार्यपालन अधिकारी को निर्देशित किया है कि अन्य देशों से हवाई/ट्रेन यात्रा कर जिले में आने वाले समस्त व्यक्ति यों की स्कीनिंग, कोविड-19 जांच रिपोर्ट, टीकाकरण, जिले में आने के उपरांत कोविड-19 संबंधी जानकारी लेकर आवश्यक कार्यवाही करें तथा की गई कार्यवाही को प्रतिदिवस जिला कार्यालय को अवगत कराएं।

# एक दिवसीय कराते प्रशिक्षण में निखरी बच्चों की प्रतिभा

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



कराते एसोसिएशन द्वारा एक दिवसीय कुमीते सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमे रायपुर जिला के लगभग 150 बालक और बालिकाओं ने भाग लिया इस प्रशिक्षण शिविर में अंतरराष्ट्रीय कराटे खिलाड़ी जयंत नायडू जिन्होंने कॉमनवेल्थ में भारत का प्रतिनिधित्व किया था उनके द्वारा बच्चों को कराते और फाइट की टेक्निकली कराटे की जानकारी बच्चों को दी गई सुबह 9:00 बजे से लगातार बच्चों को प्रशिक्षण दिया गया बच्चो का जोश देखते ही बन रहा था बच्चों को मजा भी आ रहा था प्रैक्टिस करने में और पूरी मेहनत के साथ बच्चों ने यह प्रशिक्षण प्राप्त किया, इस प्रशिक्षण का उद्देश्य यह है कि छत्तीसगढ़ को कराटे खेल में ज्यादा से ज्यादा मेडल प्राप्त हो और हमारे कराते के खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी मेडल प्राप्त कर सके। कार्यक्रम का औपचारिक उद्घाटन नितिन भंसाली कांग्रेस प्रवक्ता के मुख्य आतिथ्य में किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता कन्हैया अग्रवाल दक्षिण विधानसभा छाया विधायक साथ ही, विशिष्टअतिथि के रूप में प्रोफेसर प्रीति सतपतथी, प्रदेशसचिव शेखर साहू और रायपुर कराते एसोसिएशन के कार्यकारीअध्यक्ष तुलसी राम सपहा के आतिथ्य में उद्घाटन किया गया, रायपुर कराते एसोसिएशन की सचिव अंतरराष्ट्रीय कराते खिलाड़ी हर्षा साहू ने बताया कि आगामी राष्ट्रीय प्रतियोगिता जो गुरुग्राम हरियाणा में होने वाली जिसकी तैयारी के लिए भी यह प्रशिक्षण बच्चो को हेल्प करेगा

**इस प्रशिक्षण शिविर में राजा दुबे**

सहसचिव अब्दुल रहीम खान देवेंद्र प्रसाद भारद्वाज कोषाध्यक्ष रमेश प्रधान उपाध्यक्ष विकास साहू निलेश देवांगन सुनील भारती जी उपस्थित थे, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नितिन भंसाली ने कहा की कराते आत्मविश्वास का खेल है और बचपन में मैंने भी कराते सीखा था कन्हैया अग्रवाल ने कहा की कराते खेल आज की जरूरत है सभी को सीखना चाइए प्रशिक्षण शिविर का समापन में आदरणीय संजना विकास उपाध्याय उपस्थित हुई प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को प्रमाणपत्र प्रदान कर कार्यक्रम का समापन किया गया।

### गरीब पिता की मदद के लिए बैलों की जगह खुद-जुत कर खेती करने वाली बेटियों के हौसले को मुख्यमंत्री ने सराहा

**परिवार को 4 लाख की मदद मंजूर की**

**रायपुर।** अपने गरीब किसान पिता को खेत बेचने से रोकने के लिए उनकी मदद के लिए बैलों की जगह खुद हल में जुत जाने वाली दो बेटियों की कहानी प्रकाश में आने के बाद मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इस परिवार के लिए 04 लाख रुपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत की है। कोंडागांव जिले के उमरगांव के निवासी 22 साल की हेमबती और 18 साल की लखमी की कहानी अखबरों में प्रकाशित हुई थी। उनके पिता अमल साय एक गरीब किसान हैं। मां भी ज्यादा पढ़ी-लिखी नहीं हैं। गरीबी की वजह से अमल साय अपनी बेटियों को पढ़ा नहीं पाए। परिवार के भरण-पोषण के लिए जब खेत बेचने की नौबत आ गई, तब बेटियों ने अपने पिता को रोकते हुए कहा आप हमारी जिंदगी बदलने के लिए खेत बेचना चाहते हैं, लेकिन इसकी जरूरत नहीं पड़ेगी। यही खेत हमारी जिंदगी बदलेंगे। हम आपका साथ देंगी। बेटियों की मदद के बाद किसान अमल साय की खेती संभलने लगी। राजीव गांधी किसान न्याय योजना ने भी परिवार को संबल दिया। उन्हें उपज की अच्छी कीमत मिलने लगी। अब यह परिवार कम संसाधनों के बावजूद पांच एकड़ में खेती करता है, लेकिन इसके लिए बेटियों को अपने बुजुर्ग माता-पिता के साथ अब भी कड़ी मेहनत करनी पड़ती है। अखबारों में यह कहानी प्रकाशित होने के बाद मुख्यमंत्री बघेल ने कोंडागांव जिला कलेक्टर से परिवार की पूरी जानकारी मंगाई, ताकि उनकी मदद की जा सके।

### मुख्यमंत्री प्रदेश में 12 से 14 जनवरी तक आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय युवा महोत्सव की तैयारियों की समीक्षा

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल शाम अपने निवास कार्यालय में प्रदेश में 12 से 14 जनवरी तक आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय युवा महोत्सव की तैयारियों की समीक्षा कर रहे हैं। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अपने निवास कार्यालय में प्रदेश में 12 से 14 जनवरी तक आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय युवा महोत्सव की तैयारियों की समीक्षा कर रहे हैं। महोत्सव का आयोजन खेल एवं युवा कल्याण विभाग छत्तीसगढ़ के तत्वाधान में होगा। इस अवसर पर कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू, संस्कृति विभाग के सचिव अंबलगन पी., खेल एवं युवा कल्याण विभाग के सचिव एन. एन. एक्का, संस्कृति विभाग के संचालक विवेक आचार्य, खेल एवं युवा कल्याण विभाग की संचालक श्वेता श्रीवास्तव सिन्हा उपस्थित हैं।

# लोदाम चेक पोस्ट में 496 बोरी धान से भरा ट्रक जब्त अवैध धान परिवहन पर किया जा रहा सख्त कार्यवाही

## बिना अनुमति के अंतर्राज्यीय धान का परिवहन पर की गई कार्यवाही

पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल के दिशा निर्देशन में जिले में अवैध धान के परिवहन पर रोक लगाने के लिए सख्त कार्यवाही की जा रही है, जिसके तहत् राजस्व एवं पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम के द्वारा आज जशपुर के लोदाम चेकपोस्ट पर बिना अनुमति के अंतर्राज्यीय धान का परिवहन करते हुए वाहन पर कार्यवाही करते हुए 496 बोरी धान जब्त किया गया है।

उल्लेखनीय है कि जिले में अवैध धान के परिवहन को रोकने के लिए के जिला प्रशासन गंभीरता से कार्य कर रहा है। जिले के सभी सीमावर्ती चेक पोस्ट पर 24 घण्टे कर्मचारियों की ड्यूटी निर्धारित कर उन्हें जिम्मेदारीपूर्वक अपना कर्तव्य निर्वहन करने के निर्देश दिए गए है। साथ ही कच्चे रास्तो एवं पगडंडियों पर भी नजर रखी जा रही है। प्रशासन द्वारा संवेदनशील क्षेत्रो एवं बिचौलियों, कोचियों पर विशेष निगरानी रखा जा रहा है। अवैध धान के आवागमन पर रोक लगाने के लिए गोदामों का भौतिक सत्यापन करने सहित छापेमारी की कार्यवाही की जा रही है।

### 22 छात्रों का कैम्पस सेलेक्शन हुआ



**रायपुर।** एक्सेल टेली इन्स्टीट्यूट (कालीबाड़ी, रायपुर स्थित) द्वारा रविवार 5 दिसम्बर को होनहार 22 उम्मीदवारों का कैम्पस सेलेक्शन हुआ। जिसमें कुल 57 उम्मीदवारों ने हिस्सा लिया। चयनित छात्रों का न्यूनतम पैकेज 8 हजार प्रतिमाह एवं अधिकतम पैकेज 18 हजार प्रतिमाह रहा जो ऑटोमोबाइल, बैकऑफिस, मार्केटिंग, फायनन्स एवं एचआर सेक्टर में गये। विदित हो कि एक्सेल टेली समय-समय छात्रों के लिये इसी तरह रोजगार कैम्पस का आयोजन करता रहता है।

### खाद्य मंत्री ने अम्बिकापुर और मैनपाट विकासखण्ड धान खरीदी केंद्रों का किया निरीक्षण

**उपार्जन केंद्रों से मिलरों के द्वारा धान के उठाव में तेजी लाने के निर्देश**

पायनियर संवाददाता ◄ अम्बिकापुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ शासन के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री अमरजीत भगत ने रविवार को अम्बिकापुर एवं मैनपाट विकासखण्ड के धान खरीदी केंद्रों का निरीक्षण निकट व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

छत्तीसगढ़ शासन के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री अमरजीत भगत ने रविवार को अम्बिकापुर एवं मैनपाट विकासखण्ड के धान खरीदी केंद्रों का निरीक्षण निकट व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने उपार्जन केंद्रों से मिलरों के द्वारा धान के उठाव में तेजी लाने के निर्देश दिए ताकि बारदाने की समस्या न हो। खरीदी केंद्रों में किये गए व्यवस्थाओं से संतुष्टि जताई। इस दौरान उन्होंने किसानों से बात कर धान बेचने में किसी प्रकार की समस्या हो तो बताने कहा। किसानों ने धान खरीदी केंद्रों में अच्छी व्यवस्था होने तथा किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं होने की बात कही। खाद्य मंत्री ने सबसे पहले अम्बिकापुर विकासखण्ड के करजी खरीदी केंद्र का निरीक्षण किया। यहां पंजीकृत किसानों की संख्या तथा रकबा की जानकारी ली। उन्होंने किसानों के रकबा कम होने की समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए। बताया गया कि इस वर्ष ससौली नया धान खरीदी केंद्र बन जाने से किसानों की संख्या यहां कम हुई है। अब 9 गांव के किसान यहां धान बेचेंगे।

# राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित होने पर महिला एवं बाल विकास मंत्री अनिला भेड़िया का एयरपोर्ट पर जोशीला स्वागत



पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

प्रदेश की महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री अनिला भेड़िया का रायपुर के स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट आगमन पर भव्य स्वागत हुआ। गौरतलब है कि राष्ट्रपति रामनाथ प्रदेश की महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री अनिला भेड़िया का रायपुर के स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट आगमन पर भव्य स्वागत हुआ। गौरतलब है कि राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के हाथों अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के अवसर पर नई दिल्ली में छत्तीसगढ़ राज्य को तीन राष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है। दिव्यांग जनों के कल्याण के उत्कृष्ट कार्यों के लिए छत्तीसगढ़ को तीन राष्ट्रीय पुरस्कारों से नवाजा गया है। यह पुरस्कार विगत दिवस राष्ट्रपति कोविंद के हाथों राज्य की महिला एवं बाल विकास मंत्री भेड़िया ने ग्रहण किया। स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट रायपुर में स्वागत के अवसर पर योग-आयोग के अध्यक्ष ज्ञानेश शर्मा सचिव एमएल पांडेय एवं समाज कल्याण विभाग के वरिष्ठ अधिकारी तथा निर्वाचित जन प्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

SHRI BALAJI INSTITUTE OF NURSING
RAIPUR (C.G.)
WALK IN INTERVIEW
M.SC. NURSING STAFF REQUIREMENT

| | | |
|---|---|---|
| Psychiatric Name | 2 | Professor/Asso.Prof |
| | 2 | Asst. Prof |
| Med. Surgical Nursing | 2 | Professor/Asso.Prof. |
| | 2 | Asst. Prof |
| Community Health Nursing | 2 | Professor/Asso.Prof. |
| | 2 | Asst.Prof |
| Child Health Nursing | 2 | Professor/ Asso.Prof. |
| | 2 | Asst. Prof. |
| Tutor | 4 | Minimum 1 Year exp. |

Note : Experience : Professor 10 yr. 7 yr. Teaching, Associate Professor 8 yr. 5 yr Teaching, Assistant Professor 3 yr Teaching
MOWA, RAIPUR (C.G.) Mob : 9827118884, 7694016816
E-Mail : sbsonraipur@rediffmail.com

SHRI BALAJI GROUP OF HOSPITALS & COLLEGES
SHRI BALAJI
Institute of Nursing
छ.ग. शासन, छ.ग. नर्सिंग कॉन्सिल से मान्यता प्राप्त, छ.ग. आयुष विश्वविद्यालय से संबंध एवं छ.ग. पैरामेडिकल कॉन्सिल से अनुमति
ADMISSION OPEN
NURSING PROGRAMME
PARAMEDICAL PROGRAMME

| | | | |
|---|---|---|---|
| B.Sc Nursing | 4 years | Pathology technician | 1 year |
| Post Basic Bsc Nursing | 2 years | Operation theater tech. | 1 year |
| M.Sc. Nursing | 2 years | X-Ray technician | 1 year |
| Medical Surgical Nsg. | | Ortho and dresser tech. | 1 year |
| Community Health Nsg. | | | |
| Child Health Nsg. | | | |
| Mental Health Nsg. | | | |



HOSTEL FACILITY AVAILABLE FOR GIRLS & BOYS
मोवा, रायपुर (छ.ग.) मो. 7694016816, 8435018884, 9826242559
फोन : 0771-4241095 | वेब : www.balajinursingcollege.com

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2021-23, दूरभाष नंबर 0771, 2972403